सूर्योदय 5:19 सूर्यास्त 7:19

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.5 न्यू | 17.5 अधि |
| धर्मशाला | 17.8 न्यू | 28.0अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74,775 |
| निफ्टी | 23,547 |
| सोना | 1,56,600 |
| चांदी | 2,68,500 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129 62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 31 मई 2026 | 17 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 152, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

# अंतिम चरण में 1189 पंचायतों में बनी गांव की सरकार

## 80 प्रतिशत से ज्यादा रहा कुल मतदान प्रतिशत, सिरमौर और कुल्लू में सबसे ज्यादा तथा लाहौल-स्पीति में सबसे कम हुई वोटिंग

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण में लोकतंत्र का उत्सव पूरे शबाब पर दिखाई दिया। राज्य की 1189 पंचायतों में शनिवार को हुए मतदान में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 80 प्रतिशत से ज्यादा मतदान दर्ज कराया।

बारिश के बीच सुबह सात बजे से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया दोपहर तीन बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से चली। गांवों में मतदान केंद्रों पर दिनभर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं और महिलाओं, युवाओं तथा बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भारी मतदान ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि ग्रामीण हिमाचल अपने स्थानीय नेतृत्व के चयन को लेकर पहले से कहीं अधिक जागरूक और सक्रिय हो चुका है।

राज्य निर्वाचन विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस चरण में महिलाओं ने मतदान के मामले में पुरुषों को पीछे छोड़ दिया। महिला मतदान प्रतिशत 72.37 दर्ज किया गया, जबकि पुरुषों का मतदान 67.19 प्रतिशत रहा। प्रदेश के अधिकांश मतदान केंद्रों पर महिलाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति देखने को मिली। कई क्षेत्रों में सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें लग गई थीं, जो मतदान समाप्ति तक बनी रहीं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोकतंत्र के इस पर्व को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। जिलावार आंकड़ों में सिरमौर जिले में सबसे ज्यादा 84.83 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं, कुल्लू जिले में भी 84.66 प्रतिशत और सोलन में 83.84 प्रतिशत मतदान हुआ। बिलासपुर में 78.22, चंबा में 79.86, हमीरपुर 76.17, कांगड़ा 76.92, किन्नौर 79.67, मंडी 81.18, शिमला 82.74, ऊना 78.87 और लाहौल-स्पीति में सबसे कम 71.05 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

वहीं, पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्यों के लिए डाले गए मतों की गणना 31 मई रविवार को होगी।



शिमला जिले में एक पोलिंग बूथ पर मतदान करने के लिए कतार में खड़े मतदाता। अनंत ज्ञान

### कहां कितना हुआ मतदान

| जिला | मतदान % |
|---|---|
| बिलासपुर | 78.22 |
| चंबा | 79.86 |
| हमीरपुर | 76.17 |
| कांगड़ा | 76.92 |
| किन्नौर | 79.67 |
| कुल्लू | 84.66 |
| लाहौल-स्पीति | 71.05 |
| मंडी | 81.18 |
| शिमला | 82.74 |
| सिरमौर | 84.83 |
| सोलन | 83.84 |
| ऊना | 78.87 |









## न्यूज शॉर्ट्स

### सोनारपुर में अभिषेक बनर्जी से मारपीट



**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सोनारपुर दक्षिण में शनिवार शाम टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर कथित रूप से हमला होने का मामला सामने आया है। वे चुनावी हिंसा के पीड़ित टीएमसी कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे थे। आरोप है कि मौके पर पहुंचे बनर्जी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने घेर लिया और नारेबाजी के बीच उनके साथ मारपीट की। इस दौरान उन पर पत्थर, जूते और अंडे फेंके गए तथा उनकी शर्ट फाड़ दी गई। घटना के बाद सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें हेलमेट पहनाकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। अभिषेक ने आरोप लगाया कि यह हमला पहले से योजनाबद्ध था और मौके पर पुलिस भी मौजूद नहीं थी। उन्होंने कहा कि ऐसे हमलों से वे डरने वाले नहीं हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### केरल में 24 किलो मादक पदार्थ समेत 5 गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने केरल में ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान तेज करते हुए 24 किलोग्राम से अधिक नशीला पदार्थ जब्त करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अनुसार कोच्चि इकाई द्वारा समन्वित कार्रवाई में मेथाक्वालोन, मेथामफेटामाइन और हैशिश ऑयल सहित बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ पकड़े गए। ये पदार्थ अवैध वितरण और तस्करी के लिए तैयार किए जा रहे थे। कार्रवाई कोच्चि, मलप्पुरम और तिरुवनंतपुरम में की गई। डीआरआई ने बताया कि तस्करी के अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल किया गया था। , जिनमें हवाई अड्डे पर यात्री सामान, कुरियर पार्सल और निर्यात कार्गो में छिपाकर ले जाने की कोशिश शामिल थी। इससे पहले पिछले वित्त वर्ष में डीआरआई की कोच्चि जोनल इकाई ने लगभग 70.76 करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए थे और एनडीपीएस मामलों में 21 लोगों को गिरफ्तार किया था। (अनंत ज्ञान)

# ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए भारत तैयार : आर्मी चीफ

**एजेंसी, पुणे/दिल्ली**



सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। फिलहाल केवल संघर्ष विराम जैसी स्थिति है। अगर जरूरत पड़ी तो तीनों सेनाएं 'ऑपरेशन सिंदूर 2.0' के लिए पूरी तरह तैयारी कर रही हैं। आर्मी चीफ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक बेंचमार्क सेट कर दिया है कि भारत किसी भी उकसावे पर कैसे जवाब देता है। कैडेट्स अपने करियर की शुरुआत से ही इस बेंचमार्क को बनाए रखें।

आर्मी चीफ पुणे के खड़कवासला में शनिवार को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) का 150वीं पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। रिव्यूइंग ऑफिसर के तौर पर उन्होंने 355 कैडेट अफसरों की परेड की सलामी ली। थिएटर कमांड व्यवस्था पर बोलते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा कि थिएटराइजेशन की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। इससे जुड़ी पूरी रिपोर्ट रक्षा मंत्री को सौंप दी गई है। इसका अलग-अलग लेवल पर रिव्यू भी चल रहा है।

उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था में सेना, नौसेना और वायुसेना चीफ अपनी-अपनी सेनाओं की तैयारी और संसाधनों की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि थिएटर कमांडर जॉइंट मिलिट्री ऑपरेशन देखेंगे। सेना प्रमुख ने उम्मीद जताई कि अगले 2 से 3 साल में यह व्यवस्था जमीनी स्तर पर लागू होती दिखाई दे सकती है, इसके लिए तीनों सेनाओं के प्रमुख हितों का ध्यान रखा जाए। (अनंत ज्ञान)

# डीके शिवकुमार होंगे कर्नाटक के नए सीएम, 3 जून को लेंगे शपथ

**एजेंसी, बेंगलुरु**



कर्नाटक में बड़ा राजनीतिक बदलाव हुआ है। डीके शिवकुमार को कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) का नया नेता चुना गया है और वह राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। शपथ ग्रहण समारोह 3 जून को होने की संभावना है। हाल ही में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद सिद्धारमैया का इस्तीफा राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने स्वीकार कर लिया है और मंत्रिपरिषद को भंग कर दिया गया है।

सीएलपी बैठक में सभी कांग्रेस विधायक मौजूद रहे, जिसकी निगरानी कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल और रणदीप सिंह सुरजेवाला ने की। बैठक से पहले दोनों नेताओं का बेंगलुरु एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत हुआ। शिवकुमार ने राज्यपाल से मुलाकात कर शपथ ग्रहण और नई सरकार के गठन पर अनौपचारिक चर्चा की। अब मंत्रिमंडल गठन को लेकर दिल्ली में कांग्रेस नेतृत्व के साथ लगातार मंथन जारी है, जिसमें नए और पुराने दोनों तरह के चेहरों को शामिल किए जाने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार कुछ मौजूदा मंत्रियों की वापसी तय मानी जा रही है, जबकि कई नए विधायकों को भी मौका मिल सकता है। शपथ समारोह के स्थान को लेकर अंतिम निर्णय नहीं हुआ है, लेकिन तैयारियां विधान सौध परिसर में तेजी से चल रही हैं। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के 9 एजेंट गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



◆ हथियार, हैंड ग्रेनेड और विस्फोटक बरामद

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दिल्ली में बड़े आतंकी हमले की साजिश को नाकाम किया। पुलिस ने दाऊद इब्राहिम के नेटवर्क और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से हथियार, हैंड ग्रेनेड और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है।

जांच एजेंसियों के मुताबिक यह नेटवर्क लंबे समय से तैयार किया जा रहा था। इसका मकसद दिल्ली में मंत्रालयों, सुरक्षा बलों और प्रमुख धार्मिक स्थलों को निशाना बनाना था। शुरुआती जांच में आरोपियों के तार पाकिस्तान समर्थित हैंडलर्स और मुंबई अंडरवर्ल्ड से जुड़े मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में कुछ नेपाल मूल के लोग भी शामिल हैं। इन लोगों को विशेष रूप से हमलों को अंजाम देने के लिए तैयार किया जा रहा था। एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि नेटवर्क का संचालन कौन कर रहा था और भारत में इसके स्थानीय सहयोगी कौन हैं। दिल्ली पुलिस अब इस मॉड्यूल के फंडिंग स्रोतों, भर्ती प्रक्रिया और लॉजिस्टिक सपोर्ट सिस्टम की गहन जांच कर रही है। साथ ही उन स्थानीय मददगारों और विदेशी हैंडलर्स की भूमिका भी खंगाली जा रही है, जो कथित तौर पर इस साजिश में शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में सरकारी नौकरी से पहले होगा डोप टेस्ट : सीएम सुक्खू

## नशे के खिलाफ सख्ती और पारदर्शी भर्ती पर जोर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और कार्य संस्कृति को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने निर्देश दिए हैं कि भविष्य में सरकारी नौकरियों में नियुक्ति से पहले अभ्यर्थियों का डोप टेस्ट अनिवार्य करने की व्यवस्था पर काम किया जाए।



शिमला में उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह अनंत ज्ञान

मुख्यमंत्री ने शिमला में हुई उच्च स्तरीय बैठक में सभी विभागों को इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश तैयार करने को कहा। सरकार का मानना है कि इस कदम से युवाओं को नशे से दूर रखने और सरकारी सेवाओं में जिम्मेदार कार्यबल सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। प्रदेश में चिट्टा और अन्य मादक पदार्थों के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच यह निर्णय सरकार की सख्त नीति का संकेत माना जा रहा है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों में रिक्त पदों का विवरण भी तलब किया। साथ ही 500 जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (जेओए) पदों की भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की लंबित ग्रेच्युटी और लीव इनकैशमेंट के भुगतान में तेजी लाने के निर्देश दिए। करुणामूलक आधार पर लंबित नियुक्ति मामलों का भी जल्द निपटारा करने को कहा गया। वन विभाग को हालिया तूफान में गिरे पेड़ों का आकलन करने और 1 जून से विशेष अभियान चलाकर उनके निस्तारण के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि वन संपदा का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

# सीएम सुक्खू ने 6 जून को बुलाई कैबिनेट की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति व प्रशासनिक हलकों में बुधवार, 6 जून को होने वाली मंत्रिमंडल बैठक को लेकर हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे आयोजित होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक के लिए सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। ऐसे में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से जुड़े कई अहम प्रस्ताव बैठक के एजेंडे में शामिल किए जा सकते हैं, जिन पर मंत्रिमंडल की अंतिम मुहर लगने की संभावना है।

◆ सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी की बैठक की आधिकारिक अधिसूचना

सूत्रों के अनुसार बैठक में विकास कार्यों की प्रगति, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा, विभिन्न विभागों में प्रशासनिक सुधार, कर्मचारियों से जुड़े मामलों तथा आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हो सकती है।

# हिमाचल में बारिश से मौसम हुआ सुहाना

## तापमान में 6 डिग्री तक गिरावट, अगले पांच दिन तक मौसम ठंडा रहने के आसार

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम ने करवट लेते हुए गर्मी से राहत दिलाई है। शुक्रवार रात से शनिवार शाम तक राज्य के कई हिस्सों में बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी रहा। राजधानी शिमला सहित कई जिलों में सुबह अच्छी बारिश दर्ज की गई, जिससे तापमान में तेज गिरावट आई। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 37.4 मिमी बारिश मंडी के पंडोह में दर्ज की गई। इसके अलावा नैना देवी में 34.6 मिमी, कांगड़ा में 20.5 मिमी, ऊना में 16.2 मिमी और शिमला में 10 मिमी वर्षा रिकॉर्ड हुई।

शिमला में सुबह करीब सवा सात बजे शुरू हुई बारिश लगभग तीन घंटे तक जारी रही। कई क्षेत्रों में रातभर बारिश और तेज हवाओं का असर देखने को मिला। सुजानपुर के चमियाना क्षेत्र में तूफान से एचटी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कांगड़ा में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। बारिश के बाद तापमान में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। शिमला का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से गिरकर 11.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं, धर्मशाला, मनाली और कांगड़ा में अधिकतम तापमान में 4 से 5 डिग्री तक की कमी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 31 मई को भी मौसम खराब रह सकता है और कई क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना है। 1 जून से मौसम में धीरे-धीरे सुधार होगा, लेकिन ऊंचाई वाले इलाकों में बूंदाबांदी जारी रह सकती है।

# यूपी-बिहार में आंधी-बारिश से 48 मरे

## सहारनपुर में 10 गाड़ियां बहीं; बिहार में 4 फ्लाइट डायवर्ट, 18 लेट

**एजेंसी, जयपुर/लखनऊ**



देश में गर्मी के बीच 15 से ज्यादा राज्यों में प्री-मानसून बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बिहार में पिछले 24 घंटे में आंधी-बारिश और बिजली गिरने से 17 लोगों की मौत हुई है। पटना में बारिश के चलते 4 फ्लाइट डायवर्ट की गईं, जबकि 18 फ्लाइट लेट रहीं। इससे करीब 500 से ज्यादा यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। आज प्रदेश के 25 जिलों में बारिश की संभावना है।

उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में आंधी-तूफान की वजह से 31 लोगों की मौत हो गई है। सहारनपुर में भारी बारिश के बाद पहाड़ी से तेज बहाव के साथ पानी नीचे आ गया। इससे इनोवा-ट्रैक्टर समेत 10 गाड़ियां बह गईं। आज भी सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट है।

राजस्थान में शनिवार को 30 जिलों में आंधी के साथ ओले गिर सकते हैं। एक दिन पहले चूरू, हनुमानगढ़, बीकानेर, सीकर समेत 9 जिलों में तापमान 10 डिग्री तक गिर गया। पंजाब के पठानकोट में शनिवार सुबह ओले गिरे हैं। वहीं, मोहाली में तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून अगले 7 दिनों में केरलम पहुंच सकता है। हालांकि, विभाग ने इस साल मानसून के सामान्य से कमजोर रहने का अनुमान भी जताया है।

आईएमडी के मुताबिक जून से सितंबर तक देश में औसतन सामान्य से कम बारिश हो सकती है। इस बार मानसून सीजन में 78 सेंटीमीटर बारिश होने का अनुमान है। देश में सामान्य मानसूनी बारिश का औसत 87 सेंटीमीटर माना जाता है। मौसम विभाग ने कहा कि बिहार, यूपी में सामान्य बारिश हो सकती है, लेकिन बाकी कई हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की आशंका है। खासकर बारिश पर निर्भर खेती वाले इलाकों में मानसून कमजोर रह सकता है। (अनंत ज्ञान)

**उपलब्धि** डॉक्टरों की टीम ने हाई-रिस्क हार्ट मरीज का आधुनिक तकनीक टीएवीआई से किया उपचार

# देवभूमि अद्वैता अस्पताल ऊना में हार्ट वॉल्व की सफल सर्जरी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** देवभूमि अद्वैता हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ऊना में अत्याधुनिक हृदय उपचार के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए सफलतापूर्वक टीएवीआई प्रक्रिया संपन्न की गई। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार हिमाचल प्रदेश के निजी क्षेत्र में यह दूसरी सफल टीएवीआई प्रक्रिया है।

अस्पताल के निदेशक डॉ. हरजिंद्र सिंह और मोनिका सिंह ने बताया कि मरीज पालमपुर क्षेत्र के वनविहार गांव का निवासी है और पिछले करीब छह महीनों से उसका उपचार पीजीआई में चल रहा था।



हार्ट वॉल्व रिप्लेसमेंट कराने वाले रोगी के साथ डॉक्टरों की टीम।

मरीज के बेटे के अनुसार पीजीआई में भी इस विशेष प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई थी, लेकिन इसकी लागत काफी अधिक थी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना की सुविधा होने के बावजूद यह प्रक्रिया उसके अंतर्गत कवर नहीं हो रही थी, जिससे परिवार चिंता में था।

परिजनों ने बताया कि परिचितों की सलाह पर वे देवभूमि अद्वैता अस्पताल पहुंचे, जहां उनकी मुलाकात डॉ. ताहिर से हुई। डॉ. ताहिर ने पूरे उपचार और प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने मरीज की स्थिति को देखते हुए इस जटिल प्रक्रिया को 'नो प्रॉफिट, नो लॉस' आधार पर करने का निर्णय लिया। मरीज के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सा टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें यहां बेहतर उपचार के साथ मानवीय संवेदनाओं का भी अनुभव हुआ।

### टीएवीआई तकनीक बुजुर्गों के लिए सुरक्षित विकल्प : डॉ. ताहिर

इस अवसर पर डॉ. ताहिर ने बताया कि टीएवीआई तकनीक विशेष रूप से बुजुर्ग मरीजों के लिए लाभकारी मानी जाती है। अधिक आयु में पारंपरिक ओपन हार्ट सर्जरी या वाल्व रिप्लेसमेंट अपेक्षाकृत जोखिमपूर्ण हो सकती है, जबकि टीएवीआई कम जोखिम वाली आधुनिक प्रक्रिया है, जिसमें मरीज की रिकवरी भी अपेक्षाकृत तेजी से होती है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय पूरी मेडिकल टीम और अस्पताल प्रबंधन को देते हुए कहा कि मरीज के हित को सर्वोपरि रखते हुए सामूहिक प्रयासों से यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई।

# परीक्षाओं के संचालन में केंद्र सरकार विफल : विनय कुमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विश्व गुरु बनाने के दावे तो कर रहे हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं भी सुचारु रूप से आयोजित नहीं करवा पा रहे हैं। उन्होंने नीट परीक्षा के बाद अब सीयूईटी (केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा) में सामने आई तकनीकी खामियों पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि बार-बार पेपर लीक और परीक्षा प्रबंधन की विफलताओं से देश के लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार परीक्षाओं को रद्द कर अपनी जिम्मेदारी से बच रही है, जबकि युवाओं के भविष्य के साथ गंभीर खिलवाड़ हो रहा है। विनय कुमार ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी।



◆ बोले- युवाओं के भविष्य से हो रहा खिलवाड़

विनय कुमार ने दावा किया है कि 31 मई को आने वाले मंडी, धर्मशाला, पालमपुर और सोलन नगर निगम चुनावों के परिणाम कांग्रेस के पक्ष में होंगे। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए नगर निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में जनता ने कांग्रेस पर भरोसा जताया है, जिससे पार्टी का मनोबल बढ़ा है। विनय कुमार ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस लगातार मजबूत हो रही है और लोगों का विश्वास पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों तथा समग्र विकास की सोच पर कायम है।

उन्होंने भाजपा पर प्रदेश विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि आरडीजी बंद करवाकर भाजपा ने हिमाचल के साथ अन्याय किया है, जिसे प्रदेश की जनता कभी नहीं भूलेगी।

# पहली तारीख को वेतन नहीं मिला तो थम जाएंगे सरकारी बसों के पहिये

## एचआरटीसी की चालक-परिचालक यूनियन ने सरकार को दी चेतावनी

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के चालक-परिचालकों और अन्य कर्मचारियों के वेतन भुगतान को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। चालक-परिचालक यूनियन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक जून तक कर्मचारियों के खातों में वेतन नहीं पहुंचा तो दो जून से प्रदेशभर में निगम की बसों का संचालन प्रभावित किया जाएगा। यूनियन का कहना है कि कर्मचारियों को हर माह समय पर वेतन मिलना उनका अधिकार है, लेकिन लगातार हो रही देरी से कर्मचारियों और उनके परिवारों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यूनियन ने लंबित ओवरटाइम, चिकित्सा भत्तों और अन्य देयों के भुगतान की मांग भी जोर-शोर से उठाई है। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि चालक-परिचालकों का करीब 150 करोड़ रुपये का नाइट ओवरटाइम भुगतान लंबित है, जबकि चिकित्सा भत्तों की लगभग 20 करोड़ रुपये की राशि भी अभी तक जारी नहीं हो पाई है। यूनियन ने सरकार और निगम प्रबंधन को 24 जून तक इन लंबित देयों का भुगतान करने की समय-सीमा दी है। उनका कहना है कि यदि निर्धारित समय तक भुगतान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। साथ ही प्रदेश की जनता से भी अपील की गई है कि संभावित हड़ताल को देखते हुए दो जून के लिए बसों की अग्रिम बुकिंग करने से बचें।

इस बीच हड़ताल की चेतावनी के बाद निगम प्रबंधन भी सक्रिय हो गया है। प्रबंध निदेशक डॉ. निपुण जिंदल ने मुख्यमंत्री को निगम की

◆ वेतन, ओवरटाइम और चिकित्सा भत्तों के भुगतान को लेकर कर्मचारियों में रोष

वित्तीय स्थिति से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट सौंपते हुए वेतन भुगतान के लिए आवश्यक अनुदान जल्द जारी करने का आग्रह किया है। निगम प्रबंधन ने सभी डिपो को वेतन तैयार करने के निर्देश भी जारी कर दिए हैं, ताकि राशि उपलब्ध होते ही कर्मचारियों के खातों में वेतन भेजा जा सके।

यूनियन का कहना है कि केवल आश्वासन नहीं, बल्कि समय पर भुगतान ही कर्मचारियों की सबसे बड़ी मांग है और यदि इसमें देरी हुई तो बसों के पहिए थमने की पूरी जिम्मेदारी सरकार और निगम प्रबंधन की होगी।

# समर फेस्ट से पहले रिज पर हुआ हॉट एयर बैलून का ट्रायल

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, शिमला।** शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर इस बार समर फेस्टिवल रोमांच का नया अध्याय लिखने जा रहा है। पहली बार यहां हॉट एयर बैलून की उड़ानें आयोजित की जाएंगी, जिससे पर्यटक और स्थानीय लोग आसमान से पहाड़ों की रानी शिमला की खूबसूरती का दीदार कर सकेंगे। शनिवार को रिज मैदान पर हॉट एयर बैलून का सफल ट्रायल किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। विशाल रंग-बिरंगे बैलून को हवा में उठता देख लोगों में खासा उत्साह नजर आया और कई लोगों ने इस अनोखे अनुभव को अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया। प्रशासन और आयोजन समिति के अनुसार ट्रायल पूरी तरह सफल रहा है। अब सुरक्षा मानकों और संचालन संबंधी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद यात्रियों के लिए किराया निर्धारित किया जाएगा। समर फेस्टिवल के दौरान हॉट एयर बैलून आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगा और इससे पर्यटन गतिविधियों को भी नई गति मिलने की उम्मीद है। रिज मैदान पर होने वाली यह रोमांचक उड़ान न केवल युवाओं बल्कि परिवारों और पर्यटकों के लिए भी यादगार अनुभव साबित होगी, जिससे समर फेस्टिवल का उत्साह कई गुना बढ़ जाएगा।

# 12 छात्राओं से छेड़छाड़ के दोषी शिक्षक को 10 साल कैद की सजा

## रामपुर के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** रामपुर के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय (पॉक्सो कोर्ट) ने नाबालिग छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ करने के एक बेहद गंभीर मामले में त्वरित न्याय करते हुए ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अदालत ने दोषी शिक्षक को 10 साल के कठोर कारावास (बामशक्कत कैद) की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी पर कुल 12 हजार रुपये का आर्थिक जुर्माना भी लगाया है, जिसे न भरने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। उप जिला न्यायवादी कमल चंदेल ने बताया कि दोषी शिक्षक की पहचान रविकांत (46 वर्ष), पुत्र अजय कुमार के रूप में हुई है। वह मूल रूप से मध्य प्रदेश के जिला बालाघाट के वारासिवनी का निवासी है। दोषी रामपुर स्थित नवोदय विद्यालय में आर्ट्स (कला) शिक्षक के पद पर तैनात था, जहां उसने वर्ष 2024 में विद्या के मंदिर को शर्मसार करते हुए वहां पढ़ रही नाबालिग छात्राओं के साथ अनुचित और अश्लील व्यवहार किया।

### छात्राओं ने काउंसिलर को बताई थी आपबीती

**जांच** और अदालती कार्यवाही में यह कड़वी सच्चाई सामने आई कि आरोपी शिक्षक ने एक या दो नहीं, बल्कि अलग-अलग दिनों में विद्यालय की 12 मासूम छात्राओं को अपनी हवस का शिकार बनाया था। वह छात्राओं को गलत तरीके से छूता था और उनके साथ अश्लील हरकतें करता था। डरी-सहमी बच्चियों ने आखिरकार हिम्मत जुटाई और विद्यालय की काउंसलिंग टीचर को अपनी आपबीती सुनाई। इसके बाद स्कूल प्रशासन ने बिना समय गंवाए पुलिस को मामले की लिखित शिकायत सौंपी।

### 25 गवाहों की गवाही ने भेजा सलाखों के पीछे

**शिकायत** मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज किया और आरोपी शिक्षक रविकांत को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया था। अदालत में मामले की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से उप जिला न्यायवादी कमल चंदेल ने बेहद मजबूती से पैरवी की। अभियोजन पक्ष ने आरोपी के खिलाफ 25 गवाहों के बयान दर्ज करवाए और पुख्ता सबूत पेश किए। वहीं, बचाव पक्ष की ओर से केवल एक गवाह पेश किया जा सका। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर रविकांत को दोषी करार दिया।

# हिमाचल में 6200 शिक्षकों की भर्ती की तैयारी शुरू

## चुनाव आचार संहिता हटते ही शुरू होगी काउंसिलिंग, 145 सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों में होगी नियुक्ति प्रक्रिया

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लंबे समय से शिक्षकों की नियुक्ति का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए राहत भरी खबर है। पंचायत चुनावों के कारण रुकी हुई भर्ती प्रक्रिया अब जल्द गति पकड़ने जा रही है। शिक्षा विभाग ने सीबीएसई से संबद्ध 145 सरकारी विद्यालयों में लगभग 6200 शिक्षकों की नियुक्ति के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। विभागीय स्तर पर काउंसिलिंग, दस्तावेज सत्यापन और नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से पूरा करने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। आचार संहिता समाप्त होते ही भर्ती प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा।

स्कूल शिक्षा निदेशालय ने भर्ती प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए शिमला में नौ केंद्र स्थापित किए हैं। इसके साथ ही



काउंसिलिंग, दस्तावेजों की जांच, अभिलेख संधारण और रिपोर्ट तैयार करने के लिए 10 अलग-अलग समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों में अतिरिक्त निदेशक, उपनिदेशक, संयुक्त निदेशक, विभिन्न शाखाओं के अधीक्षक, सहायक कर्मचारी तथा सूचना प्रौद्योगिकी कर्मियों को शामिल किया गया है ताकि पूरी प्रक्रिया में किसी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक बाधा न आए।

विभाग के अनुसार प्रधानाचार्य पदों की काउंसिलिंग पहले ही पूरी की जा चुकी है। अब प्रवक्ता, टीजीटी, सीएंडवी, डीपीई, पीईटी, जेबीटी और अन्य श्रेणियों के शिक्षकों की नियुक्ति के लिए काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। विभागीय औपचारिकताएं लगभग

◆ शिमला में बनाए गए 9 केंद्र 10 भर्ती समितियों का गठन

पूरी हो चुकी हैं और अब केवल चुनाव आचार संहिता हटने का इंतजार किया जा रहा है। शिक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन विद्यालयों में वर्तमान में एसएमसी के तहत शिक्षक कार्यरत हैं, उन्हें नए चयनित शिक्षकों की नियुक्ति होते ही तुरंत नहीं हटाया जाएगा। जहां किसी कारणवश पद रिक्त रह जाता है या चयनित अभ्यर्थी समय पर कार्यभार ग्रहण नहीं करता, वहां मौजूदा शिक्षक ही पढ़ाई का जिम्मा संभालते रहेंगे। विभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी विद्यालय में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो और शैक्षणिक गतिविधियां नियमित रूप से चलती रहें।

इसके अलावा यदि कोई चयनित अभ्यर्थी काउंसिलिंग के बाद आवंटित विद्यालय में नियुक्ति स्वीकार नहीं करता या निर्धारित समय के भीतर जॉइन नहीं करता, तो भविष्य में उसे सीबीएसई विद्यालयों में नियुक्ति के अवसरों से वंचित नहीं किया जाएगा। विभाग इस संबंध में लचीला और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की तैयारी में है ताकि योग्य अभ्यर्थियों को आगे भी अवसर मिल सकें।

### स्कूलों में शिक्षकों की कमी होगी दूर

6200 शिक्षकों की नियुक्ति से प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी काफी हद तक दूर होगी। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और लंबे समय से रिक्त पड़े पद भरने से विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार आने की उम्मीद है।

# मामूली कहासुनी पर नेपाली ने चाकू से कर दी साथी की हत्या

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के चौपाल उपमंडल के कुहल गांव में बीती देर रात एक मामूली कहासुनी खूनी वारदात में बदल गई। कमरे में साथ रहने वाले दो नेपाली युवकों के बीच हुए विवाद के दौरान एक युवक ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान समीर चौधरी पुत्र मंगत राम, निवासी जिला कैलाली (नेपाल) के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में मृतक के साथी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले के अनुसार देर रात दो व्यक्ति, जो एक ही डेरे (अस्थायी निवास) में रहते थे और बागवानी कार्य करते थे, साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर एक व्यक्ति ने दूसरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान समीर चौधरी पुत्र मंगत राम, निवासी लामकी चुहा, जिला कैलाली, नेपाल के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आरोपी दीपक धारजी (40) पुत्र स्वर्गीय बहादुर धारजी, हाल निवासी बेंगलुरु, कर्नाटक को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों के बीच एक मामूली विवाद के बाद यह वारदात हुई। मामले की जांच को आगे बढ़ाने के लिए राज्य फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। पुलिस घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र कर रही है और घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

शिमला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गौरव सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि चौपाल थाना में हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# लोगों से जनगणना में सहयोग देने की अपील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** देशभर में प्रस्तावित जनगणना-2027 की तैयारियों के बीच प्रशासन ने आम लोगों से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया है। जिला प्रशासन किन्नौर के अनुसार जनगणना का प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' 16 जून से 15 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। इस चरण में प्रत्येक मकान की स्थिति, उपयोग, उपलब्ध सुविधाओं तथा परिवारों से जुड़ी विभिन्न जानकारियां डिजिटल माध्यम से एकत्र की जाएंगी। प्रशासन का कहना है कि जनगणना केवल आबादी गिनने का कार्य नहीं, बल्कि भविष्य की विकास योजनाओं की आधारशिला भी है।

किन्नौर प्रशासन ने बताया कि इस बार जनगणना प्रक्रिया को अधिक आधुनिक और पारदर्शी बनाया गया है। नागरिक 1 जून से 15 जून तक ऑनलाइन स्वगणना सुविधा का भी लाभ उठा सकेंगे, जिसके लिए निर्धारित पोर्टल पर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज की जा सकती है। इसके बाद प्राप्त विशेष पहचान संख्या को गणनाकर्मी के साथ साझा कर जानकारी का सत्यापन कराया जाएगा। जिला प्रशासन किन्नौर ने लोगों से सही और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराने की अपील करते हुए कहा है कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल, सड़क तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# भालू के हमले में मारी गई भेड़ों का भेड़पालकों को मिलेगा उचित मुआवजा

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** धार गौरा पंचायत में भालू के हमले में भेड़ों के मारे जाने की सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय वन कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायज़ा लिया। भेड़ पालक को



हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। वन मंडल अधिकारी गुरु हर्ष सिंह से प्राप्त जानकारी प्रभावित पशुपालकों को निर्धारित सरकारी नियमों के अनुसार, पात्रता के आधार पर मुआवज़ा प्रदान किया जाएगा। भालू से मानव सुरक्षा को होने वाले खतरे को देखते हुए विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता किसी भी व्यक्ति को चोट से बचाना है। क्षेत्र में घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा स्थानीय सोशल मीडिया समूहों के माध्यम से एडवाइज़री साझा की जा रही है। निगरानी एवं गश्त बढ़ा दी गई है। संबंधित भालू की पहचान एवं उसकी गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए मौके पर कैमरा ट्रैप लगाया जा रहा है तथा एहतियात के तौर पर कैप्चर ट्रैप (पिंजरा) भी लगाया जा रहा है। प्रभावित एवं आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को सलाह दी जाती है कि भालू दिखने अथवा किसी अन्य घटना की सूचना तुरंत निकटतम वन रक्षक अथवा खंड अधिकारी मोबाइल न, 98051 99359 को दें।

# स्कूल शिक्षा उपनिदेशक के 16 पदों को जल्द भरे प्रदेश सरकार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश एसोसिएशन ऑफ स्कूल प्रिंसिपल्स एंड इंस्पेक्शन ऑफिसर्स, स्कूल शिक्षा उपनिदेशक के 16 रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग उठाई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष हरि शर्मा ने जारी बयान में कहा कि लंबे समय से रिक्त पड़े इन पदों के कारण शैक्षणिक मॉनिटरिंग, स्कूल निरीक्षण, विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं के क्रियान्वयन तथा प्रशासनिक पर्यवेक्षण के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से इन पदों को प्लेसमेंट एवं पदोन्नति के आधार पर तत्काल भरने का आग्रह किया है। हरि शर्मा ने कहा कि उप निदेशक (स्कूल शिक्षा) जिला स्तर पर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखने, प्रधानाचार्यों को मार्गदर्शन प्रदान करने तथा पीएमश्री, समग्र शिक्षा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के

◆ प्रदेश एसोसिएशन ऑफ स्कूल प्रिंसिपल्स एंड इंस्पेक्शन ऑफिसस ने उठाई मांग

प्रभावी संचालन में इन अधिकारियों की अहम जिम्मेदारी रहती है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की कमी का सीधा असर शिक्षा की गुणवत्ता और विभागीय कार्यप्रणाली पर पड़ रहा है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष हरि शर्मा, महासचिव विजय शर्मा, सचिव मुख्यालय अश्विनी ठाकुर, डॉ. रशिमा राणा, नवनीत ठाकुर तथा डॉ. दिनेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, शिक्षा मंत्री तथा सचिव (शिक्षा) से इस मांग पर प्राथमिकता के आधार पर विचार करने का अनुरोध किया है। एसोसिएशन ने उम्मीद जताई है कि छात्रों, शिक्षकों और प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के व्यापक हित में सरकार जल्द सकारात्मक निर्णय लेकर सभी 16 रिक्त पदों को भरने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

# कांग्रेस पार्टी ने मांगा केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव विनोद जिंटा ने नीट पेपर लीक के बाद सीयूईटी परीक्षा में सामने आई तकनीकी खामियों को गंभीर मामला बताते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग दोहराई है। उन्होंने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि केंद्र में ऐसी सरकार है जिसे युवाओं के भविष्य, बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई की कोई चिंता नहीं है। जिंटा ने कहा कि लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ियां सामने आना शिक्षा व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने कहा कि देशभर के युवाओं में परीक्षाओं की पारदर्शिता को लेकर अविश्वास बढ़ रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

◆ सीयूईटी परीक्षा में भी सामने आई तकनीकी खामियां

# किन्नौर में कल से चलेगा 'खेत बचाओ अभियान'

## पंचायतों में होंगे किसान जागरूकता शिविर एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** किन्नौर जिले में किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने और मृदा स्वास्थ्य संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1 जून से 15 जून तक 'खेत बचाओ अभियान' चलाया जाएगा। कृषि विभाग और आत्मा परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अभियान के तहत जिले की विभिन्न पंचायतों और कृषि क्षेत्रों में किसान जागरूकता शिविर, प्रशिक्षण कार्यक्रम, खेत प्रदर्शन तथा समूह चर्चाओं का आयोजन किया जाएगा। किसानों को प्राकृतिक खेती, मृदा परीक्षण, जैविक संसाधनों के उपयोग और संतुलित पोषण प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी।

परियोजना निदेशक डॉ. रमेश लाल ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति तथा जैविक गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, जिसका असर पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती एक टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धति है, जो स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक कृषि ज्ञान पर आधारित है। इससे खेती की लागत कम होने के साथ भूमि की गुणवत्ता में भी सुधार आता है। उन्होंने किसानों, पंचायत प्रतिनिधियों और आम नागरिकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी करने की अपील करते हुए कहा कि प्राकृतिक और टिकाऊ कृषि प्रणाली ही भविष्य की समृद्ध खेती और सुरक्षित पर्यावरण की आधारशिला है।

### रिकांगपिओ में 3 से 12 जून तक आयोजित होगा 'विकसित भारत वाइब्रेंट विलेज' कार्यक्रम

**शिमला।** किन्नौर जिले के रिकांगपिओ में 3 जून से 12 जून तक 'विकसित भारत वाइब्रेंट विलेज' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 100 युवा प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के युवा किन्नौर के 20 सीमांत गांवों में जाकर वहां की सामाजिक, सांस्कृतिक और विकासात्मक परिस्थितियों को नजदीक से समझेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास, राष्ट्रीय एकता, युवा सहभागिता तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की शुरुआत 3 जून को रिकांगपिओ में प्रतिभागियों की रिपोर्टिंग और अभिमुखीकरण सत्र से होगी, जबकि 4 जून को भव्य सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न राज्यों के युवा अपनी लोक संस्कृति और पारंपरिक प्रस्तुतियां देंगे। इसके बाद 6 जून से प्रतिभागियों को 20 सीमांत गांवों में भेजा जाएगा, जहां वे स्थानीय समुदायों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी जीवनशैली, चुनौतियों और विकास संबंधी आवश्यकताओं को समझेंगे तथा जनजागरूकता गतिविधियों में भाग लेंगे।

उपलब्धि — हिमाचल को एक बार फिर शिक्षा व सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में मिला राष्ट्रीय सम्मान

# नालागढ़ स्कूल बना 'तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान'

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश ने एक बार फिर शिक्षा व सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान दर्ज करवाई है। पीएमश्री राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नालागढ़ ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रतिष्ठित 'तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान' अभियान के तहत राष्ट्रीय सम्मान हासिल कर प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन किया है।

नई दिल्ली में आयोजित 'स्कूल चैलेंज-टीओएफईआई 2025' पुरस्कार समारोह में विद्यालय को प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय अपितु पूरे राज्य के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय बन गई है। जानकारी के अनुसार समग्र शिक्षा हिमाचल द्वारा विद्यालयों में सुरक्षित,




नई दिल्ली में तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान का सम्मान ग्रहण करते प्रतिनिधि।

स्वस्थ और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण विकसित करने के लिए चलाए जा रहे सतत प्रयासों का यह प्रत्यक्ष परिणाम माना जा रहा है। समग्र शिक्षा निदेशक डॉ. राजेश शर्मा ने इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश में तंबाकू और नशा मुक्त विद्यालय अभियान को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो रही है।

बता दें कि राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह का शुभारंभ भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने किया। इस अवसर पर 'नशा मुक्त विद्यालय' कार्ययोजना और विशेष पोर्टल का भी शुभारंभ किया गया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को तंबाकू और नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने के लिए जागरूकता, संस्थागत प्रतिबद्धता और समाज की सामूहिक भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। समारोह में समग्र शिक्षा की राज्य नोडल अधिकारी वर्षा सूद, जिला नोडल अधिकारी सुमन बाला तथा विद्यालय की शिक्षिका मृणाल ने विद्यालय की ओर से यह सम्मान ग्रहण किया।

नालागढ़ विद्यालय ने वर्ष 2025-26 के दौरान तंबाकू विरोधी अभियान को एक जनआंदोलन का स्वरूप दिया। विद्यालय परिसर को पूर्ण रूप से तंबाकू मुक्त घोषित करते हुए शत-प्रतिशत टीओएफईआई संकेतक और 'तंबाकू मुक्त क्षेत्र' बोर्ड स्थापित किए गए। इसके अलावा 500 से अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों ने तंबाकू सेवन के खिलाफ शपथ ली। विद्यार्थियों ने रैलियों, पोस्टर प्रतियोगिताओं, मैराथन और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से पूरे क्षेत्र में जनजागरण अभियान चलाकर समाज को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बारिश भी नहीं रोक सकी मतदाताओं का जोश

## कांगड़ा जिले में दोपहर 3 बजे तक 70.05 फीसदी मतदान, लोकतंत्र के पर्व में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक किया मतदान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिला में दोपहर 3 बजे तक जिले में कुल 70.05 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। जिला की 277 पंचायतों और 1525 वार्डों में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में अधिक दर्ज की गई है। जिला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार कुल 3,70,630 मतदाताओं में से 2,59,644 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें 1,22,389 पुरुष तथा 1,37,255 महिला मतदाता शामिल हैं। पुरुष मतदान प्रतिशत 65.60 फीसदी जबकि महिला मतदान प्रतिशत 74.57 फीसदी दर्ज किया गया है। मतदाता सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों में लग रहे। हालांकि अल्प सुबह से बारिश का दौर शुरू हो चुका था, इसके बावजूद मतदाताओं का उत्साह कम नहीं हुआ।

कांगड़ा जिला में पंचायत चुनाव के तहत सुबह 9 बजे तक कुल 18.04 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जिला पंचायत अधिकारी की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कुल 3,68,984 मतदाताओं में से 66,574 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें 34,296 पुरुष और 32,278 महिला मतदाता शामिल हैं। पुरुष मतदान प्रतिशत 18.47 तथा महिला मतदान प्रतिशत 17.61 दर्ज किया गया है।

ब्लॉकवार मतदान प्रतिशत में बड़ोह 22 प्रतिशत मतदान के साथ जिले में सबसे आगे रहा। इसके बाद पालमपुर में 21.28 प्रतिशत, नगरोटा बगवां में 20.14 प्रतिशत, रैत में 20.03 प्रतिशत तथा कांगड़ा में 20 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सुलह ब्लॉक में 19.70 प्रतिशत, पंचरुखी में 19.28 प्रतिशत, भवारना में 19.24 प्रतिशत तथा बैजनाथ में 19 प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया।

वहीं देहरा गोपीपुर में 17.08 प्रतिशत, नगरोटा सूरियां में 17.94 प्रतिशत, नूरपुर में 17.50 प्रतिशत, प्रागपुर में 17.44 प्रतिशत और सुराणी में 17.63 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सबसे कम मतदान इंदौरा में 14.17 प्रतिशत तथा फतेहपुर में 14.78 प्रतिशत रहा।



मतदान केंद्र ढाटी में मतदान करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हुए मतदाता। अनंत ज्ञान

### दोपहर 1 बजे तक 59.59 फीसदी मतदान

**धर्मशाला।** दोपहर 1 बजे तक जिले में कुल 59.59 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। महिला मतदाताओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में काफी अधिक दर्ज की गई। कुल 3,70,630 मतदाताओं में से 2,20,848 मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें 95,559 पुरुष तथा 1,25,289 महिला मतदाता शामिल हैं। पुरुष मतदान प्रतिशत 51.22 फीसदी जबकि महिला मतदान प्रतिशत 68.07 फीसदी दर्ज किया गया। ब्लॉकवार मतदान प्रतिशत में बड़ोह ब्लॉक 71.77 फीसदी मतदान के साथ जिले में सबसे आगे रहा। यहां पुरुष मतदान 61.71 फीसदी तथा महिला मतदान 82.20 फीसदी दर्ज किया गया। इसके अलावा पालमपुर में 64.82 फीसदी, नगरोटा बगवां में 63.93 फीसदी, भवारना में 63.75 फीसदी, सुलह में 62.63 फीसदी, प्रागपुर में 62.22 फीसदी, धर्मशाला में 61.48 फीसदी, रैत में 61.38 फीसदी तथा कांगड़ा ब्लॉक में 61.29 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। देहरा गोपीपुर में 59.47 फीसदी, बैजनाथ में 58.24 फीसदी, सुराणी में 58.25 फीसदी, नगरोटा सूरियां में 58.07 फीसदी, पंचरुखी में 57.83 फीसदी, नूरपुर में 57.61 फीसदी तथा लम्बागांव में 56.03 फीसदी मतदान रिकॉर्ड किया गया। वहीं इंदौरा में 54.43 फीसदी और फतेहपुर में 54.30 फीसदी मतदान दर्ज हुआ, जो जिले में सबसे कम रहा।

## नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को करनैल ने दी शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पंचायत दुरगेला के नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए राजपूत कल्याण सभा शाहपुर के महासचिव करनैल चौहान ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद असली जिम्मेदारी अब शुरू होती है।



उन्होंने सभी पदाधिकारियों से गांव में प्यार, भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने की अपील की, ताकि दुरगेला की पहचान हमेशा बनी रहे। उन्होंने कहा कि विकास एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और इसे राजनीति से ऊपर उठकर देखना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि हार का रास्ता कभी गांव का सपना था, जिसे पूरा करने के लिए लोगों ने निजी हितों से ऊपर उठकर पूरे दुरगेला के हित को प्राथमिकता दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि नव निर्वाचित प्रतिनिधि भी इसी भावना के साथ समाज सेवा करेंगे।

## हैप्पी बर्थडे



करसोग की आर्कषिका को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## मतदान की झलकियां




प्रदेश सरकार में उपमुख्य सचेतक एवं शाहपुर के स्थानीय विधायक केवल सिंह पठानिया ने गृह पंचायत रैत में जाकर पंचायत चुनावों के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस लोकतंत्र के महापर्व में उनके साथ उनकी पूजनीय माता विद्या देवी, धर्मपत्नी डॉक्टर सुनंदा पठानिया सहित समस्त परिवार मौजूद रहा। अनंत ज्ञान





विधायक विपिन परमार वोट डालने के बाद अंगुली पर लगे निशान को दिखाते हुए। अनंत ज्ञान







विकास खंड पालमपुर के थला बूथ के 77 वर्षीय बुजुर्ग जोवन और 75 वर्षीय बुजुर्ग जैसी राम मतदान करने के उपरांत। अनंत ज्ञान

## सुधीर शर्मा ने अपनी माता के साथ रक्कड़ प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर किया मतदान

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पंचायती राज चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण के तहत रविवार को मतदान हुआ। इस दौरान धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने अपनी माता के साथ रक्कड़ प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर मतदान किया और मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद पत्रकारों से बातचीत में विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि पंचायती राज चुनाव लोकतंत्र की मजबूत नींव हैं और लोगों में मतदान को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं और उम्मीद है कि प्रदेश को सक्षम एवं जनहितैषी पंचायत प्रतिनिधि मिलेंगे, जो सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारेंगे।

सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश के विकासात्मक कार्यों में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रधान और उपप्रधान पंचायत स्तर पर विकास की धुरी होते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्वच्छता एक बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है और पंचायतों को इस दिशा में विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी विजयी उम्मीदवारों से पंचायतों के समग्र विकास के लिए ईमानदारी से काम करने का आह्वान किया। नगर निगम धर्मशाला के परिणामों को लेकर विधायक ने कहा कि वह आगामी नतीजों को लेकर उत्साहित हैं। उनका मानना है कि ये परिणाम धर्मशाला के बेहतर भविष्य के लिए सकारात्मक साबित होंगे। उन्होंने दावा किया कि भाजपा उम्मीदवारों ने जनता के बीच जाकर प्रभावी प्रचार किया है और नगर निगम चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कांग्रेस का मुख्य निशाना वह स्वयं रहे, लेकिन धर्मशाला की जनता जागरूक है और उसने शहर के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए मतदान किया है।

## बारिश में भी लोकतंत्र के उत्सव में उमड़ा जनसैलाब

**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, प्रागपुर।** ग्राम पंचायत परागपुर में संपन्न हुआ पंचायत चुनाव न केवल निष्पक्ष रहा, बल्कि इसने ग्रामीण लोकतंत्र की मजबूती का एक नया उदाहरण भी पेश किया है। बारिश में सुबह 7 बजे मतदान प्रक्रिया शुरू होते ही मतदाताओं में गजब का उत्साह देखा गया। केंद्र के बाहर कतारों में खड़े युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं की भारी उपस्थिति यह साबित कर रही थी कि ग्रामीण अपने भावी नेतृत्व और विकास की दिशा को लेकर पूरी तरह सजग हैं।प्रशासन और पुलिस विभाग की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई।चुनाव अधिकारियों के अनुसार, सातों वार्डों में कुल 1,522 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वार्ड नंबर एक में 321, वार्ड नंबर दो में 297, वार्ड नंबर तीन में 197, वार्ड नंबर चार में 162, वार्ड नंबर पांच में 209, वार्ड नंबर छह में 169 और वार्ड नंबर सात में 167 मत पड़े।मतदान सामग्री के सुरक्षित जमा होने के साथ ही अब सभी की निगाहें मतगणना और परिणामों पर टिक गई हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह चुनाव केवल प्रतिनिधियों के चयन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गांव के विकास की रूपरेखा तैयार करने का माध्यम है। मतदान संपन्न होने के बाद से ही उम्मीदवारों और उनके समर्थकों के बीच जीत-हार के समीकरणों और गांव के भावी विकास को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। प्रशासन ने पूरी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए स्थानीय निवासियों के सहयोग की सराहना की है।



## न्यूज ब्रीफ

### भोडा, केदारा, होला में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि 1 जून सोमवार को आरडीएसएस प्रथम चरण के अंतर्गत नई 11 के वी एचटी लाइन के कार्य के लिए डरोह फीडर ( भोडा रुट) के अंतर्गत आने वाले गांव (भोडा, केदारा, होला, जैद, खड्डल, नौरा, बमियाल तथा कलेहड़) में सुबह 9.00 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब रहने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा, यह जानकारी विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार,. ने दी, साथ ही उन्होंने जनता से सहयोग की अपील भी की है।

### गढ़ जमूला स्कूल में मनाया तंबाकू निषेध दिवस




**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला में 30 मई शनिवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्या मीनू सूद की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नारा लेखन,पोस्टर निर्माण, प्रश्नोत्तरी तथा भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों पर अपने विचार प्रकट किए। प्रधानाचार्या महोदया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए तम्बाकू व अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। अंत में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने तम्बाकू मुक्त भारत के निर्माण हेतु शपथ ग्रहण की।

### जयसिंहपुर कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया पहली से

**अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चन्द कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सभी संकायों की ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया पहली जून से प्रारम्भ होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 19 जून होगी, जबकि 1 जुलाई से शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 अरूण चन्द्र ने बताया कि आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन प्रतियां और पासपोर्ट साईज फोटो अपलोड करना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी महाविद्यालय की वैब साईट पर उपलब्ध रहेगी, कॉलेज का प्रॉस्पेक्टस भी वैब साईट पर उपलब्ध रहेगा। प्रथम वर्ष में प्रवेश (राष्ट्रीय शिक्षा नीति) के तहत होगी। जिसमें सेमेस्टर प्रणाली लागू होगी, जबकि द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को पुरानी प्रणाली के तहत प्रवेश लेना होगा। इसके लिए विद्यार्थियों को पिछली कक्षा के प्रवेश पत्र की प्रति व फीस रसीद की प्रति प्रवेश प्रक्रिया के दौरान ऑनलाईन, अपलोड करनी होगी। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान सभी संकायों के विद्यार्थियों को आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक दस्तावेजों की हार्ड कॉपी महाविद्यालय कार्यालय में जमा करनी होगी।

### धर्मगुरु दलाईलामा पर आधारित पुस्तक का विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा के जीवन और विचारों पर आधारित पुस्तक 'सेलेब्रेटिंग 90 ईयर्स ऑफ कम्पैशन' का विमोचन धर्मशाला में किया गया। इस पुस्तक को मुंबई के डॉ. दिनेश शाहरा ने लिखा है। दलाईलामा पर लिखी यह उनकी दूसरी पुस्तक है। डॉ. शाहरा ने मैक्लोडगंज में धर्मगुरु से भेंट कर उन्हें पुस्तक भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दलाईलामा एक महान आध्यात्मिक नेता हैं, जिन्होंने अपना जीवन मानवता, शांति और करुणा के लिए समर्पित किया है। उन्होंने बताया कि पुस्तक का उद्देश्य युवाओं को प्रेम, दया, शांति और सकारात्मक जीवन मूल्यों से जोड़ना है। डॉ. शाहरा ने कहा कि धर्मगुरु के दर्शन जीवन में ऊर्जा, उमंग और शांति का संचार करते हैं।



### नुक्कड़ नाटक से दिया जागरूकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** होली फेथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल पठियार में विश्व तंबाकू निषेध दिवस एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए तंबाकू के दुष्प्रभावों और पर्यावरण संरक्षण के महत्त्व पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। सदन-स्तरीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से समाज को तंबाकू मुक्त बनाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रतियोगिता में वीनस सदन प्रथम, जुपिटर सदन द्वितीय तथा कुमार सदन तृतीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा स्वच्छ और हरित वातावरण बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया। विद्यालय के प्रबंधक दीपक सूद और प्रधानाचार्या शशि सूद ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### एक अगस्त से धर्मशाला में होगी अग्निवीर भर्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के युवाओं के लिए अग्निवीर (सेना) भर्ती रैली का आयोजन 1 अगस्त से 14 अगस्त 2026 तक धर्मशाला में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए भर्ती निदेशक कर्नल विशाल शाह ने बताया कि भर्ती रैली के दौरान हजारों अभ्यर्थियों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासनिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक तैयारियां की जाएंगी। इसके लिए एसडीएम, खेल विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य, नगर निगम, लोक निर्माण, विद्युत, जल शक्ति, दूरसंचार, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों का सहयोग लिया जाएगा। भर्ती रैली के दौरान अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे सहित पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांगड़ा के सचिव मिहूल शर्मा ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0 अभियान' जिले के सभी तालुका और जिला न्यायालयों में चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य लंबे समय से लंबित मामलों का आपसी सुलह और मध्यस्थता के माध्यम से शीघ्र व सरल निपटारा करना है। अभियान के तहत पारिवारिक विवाद, मोटर वाहन दुर्घटना दावे, चेक बाउंस, घरेलू हिंसा, वाणिज्यिक व उपभोक्ता विवाद सहित कई मामलों का समाधान किया जा रहा है। मध्यस्थता प्रक्रिया को गोपनीय, कम खर्चीला और समय बचाने वाला बताया गया है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान का लाभ उठाकर अपने विवादों का शांतिपूर्ण समाधान करें।

## पंचायत चुनाव के नतीजों ने खोले कई राज, भरोसेमंदों पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** पंचायती चुनावों के परिणाम घोषित होने के बाद क्षेत्र के कई प्रत्याशी हार के कारणों को लेकर गहन आत्ममंथन में जुट गए हैं। चुनावी मैदान में दिन-रात मेहनत करने वाले उम्मीदवार अब अपनी हार के पीछे सबसे बड़ी वजह अपनों की बेवफाई और अंदरूनी विरोध को मान रहे हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद गांवों में हार-जीत से अधिक चर्चा उन लोगों की हो रही है, जिन पर प्रत्याशियों ने सबसे अधिक भरोसा जताया था, लेकिन चुनाव के अंतिम चरण में वही लोग विरोधी खेमे के साथ खड़े दिखाई दिए।

चुनाव प्रचार के दौरान समर्थन का भरोसा दिलाने वाले कई करीबी चेहरे मतदान के दिन नदारद रहे या फिर चुपचाप दूसरी ओर सक्रिय नजर आए। इससे कई उम्मीदवारों को अपेक्षा से अधिक नुकसान उठाना पड़ा। हार का अंतर कम होने के कारण भी प्रत्याशियों का मानना है कि यदि अपने साथ खड़े रहते तो परिणाम कुछ और हो सकते थे।

सूत्रों के अनुसार चुनाव परिणामों के बाद कई गांवों में बैठकों और समीक्षा दौर का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ बैठकर मतदान के रुझानों, बूथवार आंकड़ों और चुनावी रणनीति की समीक्षा कर रहे हैं। इन बैठकों में कई उम्मीदवार खुलकर यह स्वीकार करते दिखाई दे रहे हैं कि उन्हें बाहरी विरोधियों से ज्यादा नुकसान अपने ही लोगों से हुआ। हालांकि कई प्रत्याशियों ने जनता के जनादेश को सम्मानपूर्वक स्वीकार करते हुए क्षेत्र की सेवा जारी रखने का संकल्प भी दोहराया है। वहीं कुछ उम्मीदवार फिलहाल शांत रहकर भविष्य की राजनीतिक दिशा तय करने में जुटे हुए हैं।

## गरली-प्रागपुर साडा क्षेत्र में 24 साल से विकास योजना अधूरी

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण गरली प्रागपुर की बदहाली का आलम यह है कि गठन के चौबीस वर्ष बाद भी विभाग यहां की विकास योजना तैयार करने में पूरी तरह नाकाम रहा है।इस प्रशासनिक लापरवाही के कारण क्षेत्र का विकास सुनियोजित तरीके से होने के बजाय पूरी तरह से रामभरोसे चल रहा है।सबसे गंभीर स्थिति यह है कि पिछले दो वर्षों से ब्लॉक कार्यालय में विभाग का कोई भी कर्मचारी नहीं आ रहा है जिसके कारण स्थानीय लोगों को छोटे से काम के लिए साठ किलोमीटर दूर धर्मशाला स्थित कार्यालय की सीढ़ियां चढ़नी पड़ रही हैं।विभाग पंचायतों द्वारा एनओसी देने का दावा तो करता है लेकिन धरातल पर पंचायत प्रतिनिधियों के लिए आज तक कोई प्रशिक्षण शिविर नहीं लगाया गया है।इस तकनीकी जानकारी के अभाव में पंचायतों के माध्यम से भाई भतीजावाद बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है क्योंकि चुने हुए प्रतिनिधियों को टीसीपी एक्ट की बारीकियों का ज्ञान नहीं है।हैरानी की बात यह है कि सरकारी विभागों के बीच भी समन्वय का भारी अभाव देखने को मिल रहा है। एक तरफ विद्युत बोर्ड के अधिशासी अभियंता मीटर लगाने के लिए एनओसी की अनिवार्यता खत्म होने की बात कहते हैं तो दूसरी तरफ टीसीपी अधिकारी इसे आज भी जरूरी बताते हैं।अधिकारियों के इस विरोधाभास ने जनता को असमंजस में डाल दिया है।कुसुम बाली बनाम प्रदेश सरकार मामले में उच्च न्यायालय द्वारा टीसीपी नियमों को सख्ती से लागू करने के स्पष्ट आदेश दिए गए हैं लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण आम जनता अनजाने में नियमों की अवहेलना कर रही है जो भविष्य में उन पर भारी पड़ सकती है।क्षेत्र के निवासी राजिंदर, रमेश, दिनेश, पवन, सुरेश, संजीव, अजय ने सरकार से मांग की है कि इस अव्यवस्था को तुरंत सुधारा जाए और परागपुर में नियमित कर्मचारी की तैनाती के साथ विकास योजना को अंतिम रूप दिया जाए।

> साडा गरली-प्रागपुर की किसी भी गतिविधि की मुझे कोई जानकारी नही है। इसलिए मुझे नही पता कि कर्मचारी आता है या नही और डीपी क्यों नही बनी व एनओसी को लेकर वहां क्या हो रहा है।
>
> **-शैलजा इस्सर, राज्य नगर एवं ग्राम योजनाकार, निदेशालय शिमला।**

## पंजाब में 'आप' की प्रचंड जीत हिमाचल के लिए भी बड़ा राजनीतिक संकेत: भंडारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पंजाब के स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों ने देश और विशेषकर उत्तर भारत की राजनीति को एक बहुत बड़ा और स्पष्ट संदेश दे दिया है। इन परिणामों ने साबित कर दिया है कि जनता अब खोखले वादों और नकारात्मकता से ऊब चुकी है और उसे सिर्फ और सिर्फ काम की राजनीति चाहिए। आम आदमी पार्टी, हिमाचल प्रदेश के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने प्रैस बयान जारी करते हुए कहा कि पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार के विकास-आधारित सुशासन पर जनता ने अपनी अंतिम मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मतदाताओं ने पारंपरिक दलों के अहंकार को पूरी तरह तोड़ दिया है।



कांग्रेस आज भी अपनी अंदरूनी कलह, गुटबाज़ी और नेतृत्व संकट की शिकार है। शिरोमणि अकाली दल अपने इतिहास के सबसे बड़े राजनीतिक अविश्वास के दौर से गुजर रहा है, और भाजपा जमीन तलाशने की छटपटाहट में लगातार पिछड़ती जा रही है। भंडारी ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि केवल संगठनात्मक चेहरे बदलने से पंजाब की जनता को गुमराह नहीं किया जा सकता। भाजपा की यह रणनीतिक बेचैनी उनके राजनीतिक डर को साफ दर्शाती है। पंजाब के लगभग 64 प्रतिशत मतदाताओं ने यह साफ कर दिया है कि उन्हें बहाने बनाने वाली नहीं, बल्कि परिणाम देने वाली सरकार पसंद है।

कल्याण भंडारी ने इस चुनावी जीत के भौगोलिक और राजनीतिक विस्तार को रेखांकित करते हुए कहा कि पंजाब की इस आंधी का असर सिर्फ सतलुज के मैदानों तक सीमित नहीं रहने वाला, बल्कि इसकी गूंज पड़ोसी पहाड़ी राज्य हिमाचल में भी साफ सुनाई देगी। हिमाचल प्रदेश और पंजाब का रोटी-बेटी और संस्कृति का गहरा नाता है। पंजाब में 'आप' की इस ऐतिहासिक सफलता से हिमाचल प्रदेश की जनता में एक नया विश्वास जगा है कि पारंपरिक दलों के कुशासन का विकल्प तैयार है। हिमाचल की जनता लंबे समय से कांग्रेस और भाजपा के बारी-बारी से लूटने वाले खेल से त्रस्त है। पंजाब में सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य, पारदर्शी प्रशासन और ईमानदारी के मॉडल को देखकर अब देवभूमि के युवा और आम नागरिक भी इसी बदलाव के लिए लालायित हैं। ऐसे में अब देवभूमि हिमाचल की वादियों में भी बदलाव की इबारत लिखी जाएगी।

## 46 महीने बाद फिर पटरी पर लौटेगी कांगड़ा घाटी नैरोगेज रेल

# 2 जून से फिर गूंजेगी छुक-छुक की आवाज

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** करीब 46 महीने के लंबे इंतजार के बाद ऐतिहासिक कांगड़ा घाटी नैरोगेज रेल सेवा फिर से शुरू होने जा रही है। रेलवे सूत्रों के अनुसार 2 जून से पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल सेवा बहाल करने की तैयारी पूरी कर ली गई है और आधिकारिक आदेश जल्द जारी हो सकता है। इसके साथ ही पंजाब एक बार फिर रेलमार्ग के जरिए हिमाचल प्रदेश से जुड़ जाएगा।

20 अगस्त 2023 को भारी बारिश के दौरान चक्की रेलवे पुल के दो पिलर बह जाने से यह रेल सेवा पूरी तरह बंद हो गई थी। इसके चलते हजारों दैनिक यात्रियों, कारोबारियों और पर्यटकों को परेशानी झेलनी पड़ी। रेल सेवा बंद होने से लोगों को महंगी बसों और टैक्सियों पर निर्भर होना पड़ा, जबकि पर्यटन और व्यापार पर भी इसका असर पड़ा।

रेलवे ने दुर्घटना के बाद करीब 70 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक तकनीक वाला नया पुल तैयार किया। फरवरी 2026 में रेलवे संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने निरीक्षण के बाद पुल को सुरक्षित घोषित कर दिया था। इसके बावजूद सेवा शुरू न होने से लोगों में नाराजगी बनी हुई थी। अब रेलवे ने संचालन बहाल करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं।



सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक चरण में सीमित संख्या में ट्रेनें चलाई जा सकती हैं। सामान्य दिनों में इस रूट पर रोजाना सात ट्रेनें हिमाचल की ओर और सात ट्रेनें वापस चलती हैं। रेलवे चरणबद्ध तरीके से पूर्ण संचालन शुरू कर सकता है। यात्रियों के लिए राहत की बात यह है कि ट्रेन पहले की तरह पठानकोट सिटी स्टेशन से ही संचालित होगी। डलहौजी रोड स्टेशन से संचालन का प्रस्ताव लगभग खत्म कर दिया गया है। इससे यात्रियों को अतिरिक्त सफर नहीं करना पड़ेगा। पठानकोट का बड़ा हिस्सा हिमाचल से जुड़े व्यापार पर निर्भर है। ऐसे में रेल सेवा बहाल होने से व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद है। वहीं कांगड़ा घाटी रेल मार्ग हिमाचल की खूबसूरत वादियों का अनूठा सफर माना जाता है। ट्रेन दोबारा शुरू होने से पर्यटन उद्योग को भी नया सहारा मिलेगा और वर्षों बाद वादियों में फिर छुक-छुक की आवाज गूंजेगी।

# 99 वर्ष की आयु में सर्वो देवी ने किया मतदान, बनीं प्रेरणा स्रोत



अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत कोट मसाढा के वार्ड नंबर 5 की निवासी सर्वो देवी, पत्नी स्वर्गीय श्याम लाल, ने 99 वर्ष की आयु में उत्साहपूर्वक मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सर्वो देवी का जन्म 1 जनवरी 1927 को हुआ था। उम्र के इस पड़ाव पर भी उन्होंने मतदान के प्रति अपनी जागरूकता और लोकतंत्र के प्रति अटूट आस्था का परिचय दिया। उनके इस प्रेरणादायक कदम की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। सर्वो देवी ने मतदान कर यह संदेश दिया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

## मतदान की झलकियां



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की माता संसारदेई (88) ने ग्राम पंचायत अमलैहड़ के मतदान केंद्र भवड़ां में किया मतदान। अनंत ज्ञान



















नादौन। जिला परिषद के पूर्व वाइस चेयरमैन कमांडेंट चौधरी चंदू लाल ने मिन्नी संसद के आखिरी चरण में अपने बेटे जिला परिषद प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह कुकू व परिवार सहित मझियार मतदान केंद्र में मतदान कर लोकतांत्रिक अधिकार और कर्तव्य का निर्वहन किया। अनंत ज्ञान

# फटेहाल केबल विद्युत व्यवस्था होगी दुरुस्त

## हमीरपुर शहर की बिजली व्यवस्था सुधरेगी, डांगकवाली में बनेगा 38 करोड़ का नया सब स्टेशन

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** शहर के कई हिस्सों में विद्युत केबलिंग की खराब स्थिति अब जल्दी ही ठीक होने वाली है। हमीरपुर में अब 'केबल' पहुंच चुकी है। जहां-जहां इसकी हालत खराब है, उसे बदला जा रहा है। हालांकि अभी भी कई जगह इस नेटवर्क में दिक्कतें हैं, लेकिन बोर्ड के आला अधिकारियों का कहना है कि सब कुछ पाइपलाइन में चल रहा है और अब ज्यादा देरी नहीं होगी।

कारण यह है कि आए दिन शहर के किसी न किसी हिस्से में खासकर गांधी चौक का जो इलाका है डीसी ऑफिस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट और इसके आसपास के जो ट्रांसफॉर्मर्स हैं उनमें केबल नेटवर्क फटेहाल है। वहां पर कोई भी अप्रिय घटना कभी होने का डर हमेशा बना रहता है। क्योंकि केबल के भीतर का कंडक्टर अपनी जगह खो चुका है और उस पर जो प्लास्टिक की यह रबर चढ़ी होनी चाहिए, वह कई जगह है नहीं, इसलिए खतरा बढ़ा है।

शहर को 20 करोड़ रुपए की लागत से अंडरग्राउंड केबलिंग करने की घोषणा मौजूदा सरकार ने की थी। लेकिन उसे कहे हुए काफी वक्त हो गया है। लोग तो यह चाहते हैं कि जो मौजूदा व्यवस्था है, उसे ही कहीं ना कहीं से दुरुस्त कर दिया जाए। पुरानी चीजों को हटाकर नई लगा दी जाएं ताकि लोड़ बढ़ने पर बार-बार बिजली के कटों से उन्हें निजात मिल सके।

मृदुल चौक के पास ट्रांसफार्मर का केबल नेटवर्क बेहद खराब है। इसके ठीक आगे प्रताप नगर को जोड़ने वाले इलाके के ट्रांसफार्मर की भी यही स्थिति है। डंकवाली के पास भी एक ट्रांसफार्मर दशा दिशा सुधारने के लिए खुद की मुरम्मत मांग रहा है।



फटेहाल केबल। अनंत ज्ञान





### बोर्ड के पास पहुंच चुका 38 करोड़: आशीष

**हमीरपुर स्थित** बिजली बोर्ड के एसई आशीष कपूर का कहना है कि प्रक्रिया जारी है और जल्दी ही इस पर मोहर लगेगी। 32 छोटे बड़े पेड़ भी यहां पर काटे जाने हैं। इसकी स्वीकृति की इंतजार है। विशेष योजना के तहत 38 करोड़ बोर्ड के पास पहुंच चुका है। जहां-जहां शहर में विद्युत केबल की दिक्कत है या खराब है उसे दुरुस्त करने का भी काम जारी है।

### 32 पेड़ों की अनुमति के बाद शुरू होगा सब स्टेशन कार्य

**डांगकवाली** के पास विद्युत बोर्ड की कॉलोनी परिसर में तकरीबन 32 पेड़ों को काटे जाने की स्वीकृति अभी तक नहीं मिल पाने की वजह से अतिरिक्त करोड़ से बनने वाले नए सब स्टेशन की प्रक्रिया में देरी हो रही है। इस सबस्टेशन के बनने से शहर की व्यवस्था बेहतर हो जाएगी बार-बार बिजली का गुल होना और लोड के घटने बढ़ने की वजह से लोगों को आने वाली दिक्कत का इसी से छुटकारा होगा, लेकिन थोड़ा अभी वक्त लगेगा।

# सहायक स्टाफ नर्स का परीक्षा परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने सहायक स्टाफ नर्स के 312 पदों (पोस्ट कोड 25026) को भरने के लिए 4 और 5 मई को आयोजित कंप्यूटर बेस्ड स्क्रीनिंग टेस्ट का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा का परिणाम आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इस परीक्षा में उत्तीर्ण 813 उम्मीदवारों की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया 9 जून सुबह 10 बजे से आयोग के परिसर में आरंभ होगी, जिसका शेड्यूल अलग से अपलोड किया जाएगा और उम्मीदवारों को उनकी ईमेल आईडी पर सूचित किया जाएगा। उन्हें अलग से बुलावा पत्र नहीं भेजे जाएंगे। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय इन उम्मीदवारों को अपने साथ सभी आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, दस्तावेजों की सेल्फ अटेस्टेड फोटो प्रतियों के दो-दो सैट, आवेदन पत्र की डॉउनलोड कॉपी व आईडी प्रूफ इत्यादि साथ लाने होंगे। अगर कोई उम्मीदवार निर्धारित तिथि को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए उपस्थित नहीं होता है तो उसे कोई और अवसर नहीं दिया जाएगा।

# भोरंज स्कूल में बीडीसी व जिला परिषद की मतगणना के लिए दो हॉल हुए तैयार

- स्ट्रांग कक्ष में जमा 22 बीडीसी वार्ड व 4 जिप वार्ड के उम्मीदवारों के बैलेट बॉक्स
- आज सुबह नौ बजे सबसे पहले बीडीसी वार्ड नंबर एक अमरोह से होगी मतगणना

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज ब्लॉक के 22 बीडीसी वार्डों और चार जिला परिषद के वार्डों की मतगणना आज रविवार को सुबह करीब नौ बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज के दो बड़े हॉलों में कड़ी सुरक्षा के बीच होगी। मतगणना हाल में आने वाले सभी कर्मचारियों के पहचान पत्र बनाए गए है। बिना पहचान पत्रों किसी भी कर्मचारी को मतगणना कक्ष में प्रवेश नहीं होने दिया जाएगा।

मतगणना कार्य के लिए उप मंडल निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) भोरंज ने करीब 87 कर्मचारी नियुक्त किए हैं। जिसमें स्कूल व कॉलेज के प्रधानाचार्य, कॉलेज प्रोफेसर, स्कूल प्रवक्ता, टीजीटी व अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल हैं। मतगणना के समय किसी प्रकार की गलती न हो इसके लिए पूरी तरह से तैयारी कर ली है। दो हॉल में मतगणना के लिए 11-11 टेबल लगाए गए हैं। मतगणना कर्मचारी लोहे के जाले के अंदर बैठकर मतों की गणना करेंगे ताकि मतगणना के समय में किसी प्रकार की समस्या पैदा न हो। पहले, दूसरे व तीसरे चरण के चुनाव में बेलेट पेपर से भरे बैलेट बॉक्स राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में बनाए गए स्ट्रांग कक्ष में कड़ी सुरक्षा से पहुंच गए हैं और इनकी सुरक्षा के लिए स्ट्रांग कक्ष के बाहर पुलिस कर्मचारी तैनात किए हैं। 44 ग्राम पंचायतों वाले भोरंज ब्लॉक में ब्लॉक समिति के 22 वार्ड अमरोह, कक्कड़, पपलाह, धिरड़, धमरोल, भलवानी, जाहू, मुंडखर, लगमन्वीं, कड़ोहता, झरलोग, नंधन, खरवाड़, टिक्करी मिन्हासा, सधिरयाण, महल, अम्मण, बधानी, टिक्कर बुल्ला, बजड़ौह, चंबोह व दरव्यार हैं, जबकि जिला परिषद के चार वार्ड जाहू, धमरोल, बधानी व महल वार्ड हैं।

### मतगणना को लेकर तैयारी पूरी

**उपमंडल** निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं एसडीएम भोरंज शशि पाल शर्मा का कहना है कि ब्लॉक समिति व जिला परिषद वार्डों की मतगणना करने के कार्य की पूरी तैयारी कर ली गई है। मतगणना में नियुक्त कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर मतगणना में निपुण बनाया गया है ताकि किसी प्रकार की गलती की गुंजाइश न रहे। उन्होंने कहा कि कड़ी सुरक्षा और निर्वाचन आयोग कि निर्देशानुसार मतगणना का कार्य सुबह करीब नौ बजे शुरू होगा।

# जिला परिषद के मतगणना केंद्रों में आंशिक संशोधन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला परिषद के वार्ड-2 पनोह, वार्ड-3 दरोगण पती कोट और वार्ड-8 बधानी के अंतर्गत कुछ ग्राम पंचायतों के मतगणना केंद्रों में आंशिक बदलाव किया गया है। मतगणना केंद्रों के संबंध में पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि वार्ड-2 पनोह के अंतर्गत ग्राम पंचायत देई का नौण, कुठेड़ा, मझोग सुल्तानी और टिब्बी की मतगणना राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुजानपुर के बजाय अब राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में होगी। उन्होंने बताया कि वार्ड-3 दरोगण पती कोट के अंतर्गत ग्राम पंचायत ख्याह लोहाखरियां की मतगणना विकास खंड बमसन के सभागार कक्ष के बजाय अब राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में होगी। उपायुक्त ने बताया कि वार्ड-8 बधानी के अंतर्गत ग्राम पंचायत समीरपुर, बराड़ा, पंजोत और बराड़ा की मतगणना राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज के बजाय विकास खंड बमसन के सभागार कक्ष में होगी।

# जिला परिषद सदस्य बीडीसी सदस्यों के मतों की गणना आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर में जिला परिषद सदस्य और बीडीसी सदस्यों के मतों की गणना रविवार सुबह 9 बजे शुरू होगी। जिला परिषद और बीडीसी के मतों की गणना एक जून तक जारी रह सकती है। जिला पंचायत चुनाव अधिकारी गंधर्वा राठोड़ ने बताया कि काउंटिंग की तैयारियां पूरी कर ली है। जिला परिषद और बीडीसी सदस्यों की मतगणना संबंधित बीडीओ कार्यालयों के दायरे में करवाई जाएगी। जिला परिषद सदस्यों के विजेताओं की आधिकारिक घोषणा डीसी और बीडीसी मेंबर के रिजल्ट की घोषणा संबंधित एसडीएम द्वारा की जाएगी। जिला में 59 जिला परिषद और 448 बीडीसी मेंबर चुने जाएंगे। शनिवार को अंतिम चरण में पंचायत प्रधान, उपप्रधान के मतदान के बाद काउंटिंग की गई। इसके नतीजे देर शाम से आना शुरू हो गए जिसके तहत 242 पंचायतों को प्रधान, उप प्रधान व वार्ड मिल गए हैं।

# बारिश में भी मतदाताओं का उत्साह बरकरार मतदान केंद्रों के बाहर लगी रहीं लंबी कतारें

अनंत ज्ञान

**जाहू।** भोरंज उपमंडल में शुक्रवार से जारी भारी बारिश का सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा, लेकिन खराब मौसम मतदाताओं के उत्साह को कम नहीं कर सका। तीसरे एवं अंतिम चरण के पंचायत चुनाव में लोगों ने बारिश की परवाह किए बिना मतदान केंद्रों तक पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाने में सहभागिता निभाई।

भारी वर्षा के बावजूद मतदाता छाते लेकर मतदान केंद्रों तक पहुंचे और अपनी बारी का इंतजार करते हुए लंबी कतारों में खड़े रहे। भोरंज ब्लॉक की 14 ग्राम पंचायतों के 82 मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं एसडीएम भोरंज शशिपाल शर्मा ने सुबह लगभग 8:20 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला महल स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने अन्य मतदान केंद्रों का भी दौरा किया और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मतदान के दौरान वरिष्ठ नागरिकों का उत्साह विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

96 वर्षीय सुंदरी देवी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ताल स्थित मतदान केंद्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। परिवार के सदस्य उन्हें सहारा देकर मतदान केंद्र तक लेकर आए। वहीं 85 वर्षीय सत्या देवी ने लाठियों के सहारे राजकीय प्राथमिक पाठशाला भ्याड़ स्थित मतदान केंद्र तक पहुंचकर मतदान किया और लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। राजकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक पाठशाला भकेड़ा के मतदान केंद्रों पर भी लोगों में मतदान को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। भारी बारिश के बीच भी मतदाता छाते लेकर कतारों में खड़े रहे और जागरूक नागरिक के रूप में अपने मत का प्रयोग करते रहे। लोकतंत्र के इस महापर्व में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी ने यह संदेश दिया कि मौसम की विपरीत परिस्थितियां भी जागरूक मतदाताओं के संकल्प को डिगा नहीं सकतीं।



बारिश के बीच भकेड़ा मतदान केंद्र पर कतार में खड़े मतदाता। अनंत ज्ञान

# अब चुनावी प्रतिस्पर्धा को पीछे छोड़ सभी को साथ लेकर नए मानदंड स्थापित करने का समय : धूमल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** पंचायती राज संस्थाओं के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से आशीर्वाद प्राप्त करने का सिलसिला निरंतर जारी है। इसी क्रम में शनिवार को ग्राम पंचायत दाड़ी तथा ग्राम पंचायत बीड़ बगेहड़ा के नव निर्वाचित प्रतिनिधिमंडलों ने समीरपुर स्थित आवास पर प्रो. धूमल से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

ग्राम पंचायत दाड़ी से नव निर्वाचित प्रधान कृष्ण चंद, उपप्रधान मनोज कुमार तथा पंचायत के नव निर्वाचित वार्ड सदस्य प्रो. धूमल से मिलने पहुंचे। वहीं ग्राम पंचायत बीड़ बगेहड़ा से नव निर्वाचित प्रधान अंजना ठाकुर, उपप्रधान तारा चंद राणा तथा वार्ड पंचों ने भी उनसे भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। धूमल ने कहा कि पंचायत चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि गांवों के भविष्य की दिशा तय करने का लोकतांत्रिक अवसर होता है। जनता ने जिन प्रतिनिधियों पर विश्वास व्यक्त किया है, वह सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। अब समय चुनावी प्रतिस्पर्धा को पीछे छोड़कर पूरे गांव को साथ लेकर विकास, पारदर्शिता और जनसेवा के नए मानदंड स्थापित करने का है।

उन्होंने कहा कि पंचायतों की सफलता का आकलन भवनों और योजनाओं से नहीं, बल्कि आम नागरिक के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव से होगा। एक अच्छा जनप्रतिनिधि वही होता है जो लोगों की समस्याओं को अपनी जिम्मेदारी समझे और विकास को राजनीतिक सीमाओं से ऊपर रखकर कार्य करे। उन्होंने नव निर्वाचित टीमों से अपेक्षा जताई कि वे गांवों में सौहार्द, सहभागिता और सुशासन की ऐसी मिसाल प्रस्तुत करें जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बने।

धूमल ने सभी नव निर्वाचित प्रधानों, उपप्रधानों और वार्ड सदस्यों को उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अपनी-अपनी पंचायतों को विकास और जनकल्याण की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।



नव निर्वाचित सदस्य प्रेम कुमार धूमल से मिलते हुए। अनंत ज्ञान

# पीएसयू आत्मनिर्भर भारत की रीढ़, नवाचार और सुशासन के वाहक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने नई दिल्ली में गवर्नेंस नाउ द्वारा आयोजित 11वें इंडिया पीएसयू आईटी फोरम एंड अवॉर्ड्स 2026 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने डिजिटल परिवर्तन, साइबर सुरक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी आधारित सुशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी पुरस्कार विजेताओं तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को बधाई दी। अनुराग ने कहा कि यह मंच देश के प्रमुख नीति निर्माताओं, उद्योग विशेषज्ञों, सार्वजनिक उपक्रमों के प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों को एक साथ लाकर विचार-विमर्श का अवसर प्रदान करता है, जो भारत के सार्वजनिक उपक्रमों और देश के भविष्य को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अनुराग ने कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व जिन सार्वजनिक उपक्रमों को अर्थव्यवस्था पर बोझ और निष्प्रभावी संस्थाओं के रूप में देखा जाता था, वे आज लाभ अर्जित करने वाले सशक्त संस्थानों और भारत की आर्थिक प्रगति के प्रमुख प्रेरक बनकर उभरे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अग्नि पीड़ित परिवारों को दी आर्थिक सहायता



**अनंत ज्ञान, भोटा।** हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष शर्मा ने ग्राम पंचायत आघार के गाँव चौकड़ में अग्निपीडित परिवारों को मौके पर जाकर 20-20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी । इस अवसर पर विधायक ने अग्निपीडित परिवारों के साथ बैठकर दुख सांझा किया। उन्होंने अग्नि पीड़ित परिवारों से आग लगने के कारण के बारे में भी पूछा। विधायक द्वारा जिन अग्नि पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता दी गई है उनके नाम कांता देवी,रघुवीर सिंह व आशा देवी बताए गए हैं। चुनावी आचार संहिता के कारण प्रशासन अभी तक इन अग्नि पीड़ित परिवारों को कोई भी आर्थिक सहायता जुटा नहीं पाया है।

### रैली से नशामुक्त समाज का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में शनिवार को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। बैग-फ्री डे के तहत विद्यार्थियों ने संवादात्मक सत्रों, समूह चर्चाओं और खेल गतिविधियों में भाग लेकर रचनात्मकता, नेतृत्व और जीवन कौशल को विकसित किया।'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत केरल की भाषा, संस्कृति और परंपराओं पर विशेष परिचर्चा आयोजित की गई। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर मयूर इको क्लब, स्काउट्स-गाइड्स और एनएसएस स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकालकर नशामुक्त समाज का संदेश दिया। पेंटिंग और नारा लेखन प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### छात्रों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**अनंत ज्ञान, जाहू।** उपमंडल भोरंज की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को तंबाकू सेवन से दूर रहने की शपथ दिलाई गई और ग्रामीणों को जागरूक करने का संकल्प लिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कविता ने छात्रों को संबोधित करते हुए तंबाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी दी और कहा कि इसका सेवन गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। उन्होंने बताया कि देश में हर वर्ष लाखों लोग तंबाकू जनित रोगों से प्रभावित हो रहे हैं। कार्यक्रम में जिला समन्वयक राम लाल, अध्यापक जितेंद्र कुमार, अनिल कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### तकनीकी सहायक संजीव शर्मा सेवानिवृत्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में तकनीकी सहायक संजीव कुमार शर्मा शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। कार्यालय परिसर में आयोजित विदाई समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। जिला लोक संपर्क अधिकारी ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ सेवाएं दीं। नादौन के गांव नघूं निवासी संजीव शर्मा ने उद्यान विभाग से सेवा शुरू की थी और 2010 में शिमला स्थित निदेशालय में प्रोजेक्ट ऑपरेटर के रूप में ज्वाइन किया था। बाद में वह जयसिंहपुर और धर्मशाला में भी कार्यरत रहे। वर्ष 2020 में उन्हें तकनीकी सहायक पद पर पदोन्नति मिली। उनके परिवार ने भी विदाई समारोह में भाग लिया। उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

### 31 तक एचपीवी वैक्सीन लगवाने का अवसर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सर्विकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत 14-15 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों के लिए मुफ्त वैक्सीन लगवाने का अंतिम अवसर 31 मई तक ही उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने बताया कि विशेष अभियान शनिवार को समाप्त हो जाएगा, जिसके बाद 15 वर्ष की आयु पार कर चुकी लड़कियों को यह टीका नहीं लग सकेगा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को 15 लड़कियों का टीकाकरण किया गया, जिससे जिले में लाभार्थियों की कुल संख्या 1370 पहुंच गई है। डॉ. अत्री ने अभिभावकों, शिक्षकों और पात्र लड़कियों से समय रहते टीकाकरण सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एचपीवी संक्रमण सर्विकल कैंसर का प्रमुख कारण है और इससे बचाव के लिए यह वैक्सीन अत्यंत प्रभावी है।

### अंग्रेजी शिक्षकों में 59 और अभ्यर्थियों को मौका

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) हमीरपुर ने पोस्ट कोड-26002 के तहत अंग्रेजी शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में 59 और अभ्यर्थियों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि 312 पदों के लिए सीबीटी परीक्षा का परिणाम 7 मई को घोषित किया गया था और पहले चरण में मेरिट के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की वेरिफिकेशन हो चुकी है। अब रिक्तियों और मेरिट के आधार पर अतिरिक्त उम्मीदवारों को मौका दिया गया है। इन सभी के रोल नंबर वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 3 जून सुबह 10 बजे आयोग कार्यालय में होगी। अभ्यर्थियों को मूल दस्तावेज, दो सेट सेल्फ अटेस्टेड कॉपी और आईडी प्रूफ साथ लाना अनिवार्य होगा। अनुपस्थित रहने पर कोई अवसर नहीं दिया जाएगा।

### शिक्षकों की भर्ती परीक्षा 28 जून को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने पोस्ट कोड-26025 के तहत इतिहास के शिक्षकों और पोस्ट कोड-26030 के तहत अर्थशास्त्र के शिक्षकों की भर्ती के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) की तिथि घोषित कर दी है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इन दोनों श्रेणियों के पदों की परीक्षा 28 जून को होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा से एक सप्ताह पहले आयोग की वेबसाइट पर एक लिंक का प्रावधान किया जाएगा, जिससे अभ्यर्थी अपना रोल नंबर एवं एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। रोल नंबर और परीक्षा केंद्र की जानकारी मोबाइल फोन पर एसएमएस के माध्यम से भी भेजी जाएगी। सचिव ने सभी अभ्यर्थियों से नियमित रूप से आयोग की वेबसाइट पर या अपने मोबाइल पर एसएमएस और ईमेल पर ताजा स्टेटस चेक करते रहने की अपील की है।

## मतदान की झलकियां


जोगिंद्रनगर की कस पंचायत के वार्ड कस में 105 वर्षीय बसंती देवी मतदान करती हुईं।


विकास खंड धर्मपुर की ग्राम गुनसवाई की 105 वर्षीय द्रौपदी देवी ने मतदान किया।


भरनाल पंचायत में 80 वर्षीय भद्रू देवी ने परिवार के साथ किया मतदान। अनंत ज्ञान


मंडी जिले की ग्राम पंचायत गुम्हू के वार्ड-1 कलखर में मतदान करने के लिए पहुंचीं महिलाएं। अनंत ज्ञान


ग्राम पंचायत भरौण के वार्ड दुदर-3 में 85 वर्षीय तारा देवी और 90 वर्षीस रूप सिंह गुलेरिया ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। रूप सिंह अब तक 50 बार से ज्यादा मतदान कर चुके हैं। अनंत ज्ञान


पंचायत बगस्याड के मडियूणी वार्ड पर 98 वर्षीय देवीरूप ने डाला वोट।


गुम्मा में 85 वर्षीय छिड़की देवी व 86 वर्षीय चनेहनी देवी ने किया मतदान।


पंचायत कोटली में रेखा, उर्मिला, विमला देवी अपने छोटे-छोटे बच्चों को साथ लेकर मतदान करने के लिए पहुंचीं। अनंत ज्ञान


दारट बगला के बूथ-3 पर 90 वर्षीय दामोदरी देवी मतदान के बाद निशान दिखाती हुईं।


90 वर्षीय बहादुर राम मनोह पंचायत के बस्सी में खुद पैदल चलकर मतदान करने पहुंचे।


गुम्हू में शारीरिक असमर्थता के बावजूद विनोद कुमार ने डाला वोट।

# बारिश में भी नहीं डगमगाया बुजुर्ग मतदाताओं का हौसला

## टिक्कर कलां पंचायत में 87 और 92 वर्षीय महिलाओं ने किया मतदान

अनंत ज्ञान

**प्रकाश धीमान, बैहना।** ग्राम पंचायत टिक्कर कलां में शनिवार को हुए पंचायत चुनाव के दौरान खराब मौसम के बावजूद मतदाताओं में मतदान को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। विशेष रूप से बुजुर्ग मतदाताओं के जज्बे ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। पोलिंग बूथ राजकीय प्राथमिक पाठशाला टिक्कर में 87 वर्षीय भवानी देवी ने मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। उम्र के इस पड़ाव पर भी उन्होंने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और अन्य मतदाताओं को भी प्रेरित किया। वहीं बाड़ी गांव की 92 वर्षीय धनी देवी ने भी वार्ड नंबर-2 के पोलिंग बूथ राजकीय प्राथमिक पाठशाला टिक्कर में पहुंचकर मतदान किया। लगातार खराब मौसम और बारिश के बावजूद उनका उत्साह कम नहीं हुआ। परिवार के सहयोग से मतदान केंद्र पहुंचीं धनी देवी ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।



स्थानीय लोगों ने कहा कि इन बुजुर्ग महिलाओं का उत्साह युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। जहां कई बार युवा मतदान के प्रति उदासीनता दिखाते हैं, वहीं इतनी अधिक उम्र में मतदान केंद्र पहुंचकर इन महिलाओं ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश दिया है। बुजुर्ग मतदाताओं के इस जज्बे की क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है।

## प्रथम बार मतदान


भरौण के दुदर वार्ड के नितिन ने पहली बार मतदान किया।


सुंदरनगर की ग्राम पंचायत चुरड़ के सुजल ने प्रथम बार डाला वोट।


गुम्हू के वार्ड-5 जध्रयाणी से विजय कुमार, इंदू ठाकुर, स्मृति पहली बार मतदान करने के बाद रिटर्निंग अधिकारी सरकाघाट राजेंद्र गौतम के साथ।


परसदा हवानी बूथ में पहली बार मतदात करते अंश ठाकुर।


पंचायत सुलपुर जवोठ से संजना देवी पहली बार मतदान करने के बाद।


97 वर्षीय दोमा देवी ने चैलचौक में किया मतदान।

## बारिश भी नहीं रोक सकी लोकतंत्र का उत्साह

### मतदान करने को छाता लेकर मतदान केंद्रों तक पहुंचे मतदाता

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** विकास खंड धनोटू की भौर पंचायत में शनिवार को पंचायत चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण के तहत मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सुबह 5:30 बजे से शुरू हुई बारिश भी मतदाताओं के उत्साह को कम नहीं कर सकी। लोग छाते लेकर मतदान केंद्रों तक पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंचायत में तीन मतदान केंद्र बनाए गए थे। सुबह 7 बजे से ही तीनों केंद्रों पर मतदाताओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। भौर पंचायत में कुल 2032 मतदाता हैं, जिनमें 1017 पुरुष तथा 1015 महिला मतदाता शामिल हैं। सात वार्डों वाली इस पंचायत की सीमा नगर परिषद नैरचौक से लगती है। पहली बार मतदान करने पहुंचे युवा मतदाता आदित्य ने बताया कि वह अपने पहले वोट को लेकर काफी उत्साहित था और सुबह ही मतदान केंद्र पहुंच गया। प्रधान पद के उम्मीदवार शंकर दास ने भी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। उनके साथ सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता शौंकी राम भी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते नजर आए। विमला देवी, शिवानी, रूप चंद शर्मा और राज कुमार नायक सहित अनेक मतदाता बारिश के बावजूद छाते लेकर कतारों में खड़े रहे और मतदान किया। मतदाताओं ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा बारिश की चेतावनी जारी किए जाने के बावजूद प्रशासन ने पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए, जिससे लोगों को कुछ असुविधा का सामना करना पड़ा।

## मधोगनी माता मंदिर के समीप जंगल में भड़की भीषण आग

- आसपास रह रहे ग्रामीणों में दहशत, आग लगाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

अनंत ज्ञान

**भौर।** धरमद्धारा स्थित मधोगनी माता मंदिर के समीप चील के जंगल में लगी भीषण आग ने क्षेत्र के लोगों की चिंता बढ़ा दी है। आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने के साथ चारों ओर धुएं का गुबार फैल गया, जिससे आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ स्वार्थी तत्व अच्छी घास उगने की उम्मीद में जंगलों में आग लगा देते हैं, जबकि इससे वन संपदा, पर्यावरण और वन्य जीवों को भारी नुकसान पहुंचता है। भीषण गर्मी के इस दौर में जहां पक्षी और अन्य जीव-जंतु पेड़ों की छांव में आश्रय लेते हैं, वहीं इस प्रकार की घटनाएं उनके अस्तित्व के लिए भी खतरा बन रही हैं।

मधोगनी माता मंदिर के पास स्थित बनोग गांव के लोग भी आग को लेकर चिंतित हैं। सेना से सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी सुरिंदर सिंह ने बताया कि आग की लपटें काफी ऊंचाई तक उठ रही थीं और पूरे क्षेत्र में धुआं फैल गया था। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी प्रशासन को भी दी गई है। वहीं पूर्व उपप्रधान राकेश कुमार ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि जंगलों में आग लगाने वाले लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की लापरवाही और स्वार्थ के कारण न केवल बहुमूल्य वन संपदा नष्ट होती है, बल्कि पर्यावरण संतुलन भी प्रभावित होता है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और वन विभाग से आग पर शीघ्र नियंत्रण पाने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

## बडोग व चड़याना में बताए धूम्रपान के दुष्परिणाम

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बडोग व राजकीय माध्यमिक विद्यालय चड़याना में शनिवार को धूम्रपान निषेध पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। बडोग में प्रधानाचार्य लेखराज की अगुवाई में शिक्षक सुरेश पाल, वंदना शर्मा व संगीता के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं चडयाणा में मुख्यध्यापिका मोनिका चोपड़ा के नेतृत्व में विद्यार्थियों को तंबाकू और निकोटिन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकाली गई, जबकि विद्यार्थियों के लिए स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता तथा नाटक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को तंबाकू सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

## विश्व तंबाकू निषेध प्रतियोगिता में छाए बीएसएल स्कूल के होनहार

### डिक्लेमेशन में शौर्य ने द्वितीय, पोस्टर मेकिंग रिया चौहान ने झटका तृतीय स्थान

अनंत ज्ञान

**जंगमबाग।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब सुंदरनगर द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल सुंदरनगर में डिक्लेमेशन (भाषण) एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गवर्नमेंट बीएसएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुंदरनगर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। जूनियर वर्ग की डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं 'बी' के छात्र शौर्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा रिया चौहान ने तृतीय स्थान हासिल कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनजीत सिंह ने दोनों विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में जागरूकता, आत्मविश्वास तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बीवीएमबी प्रबंधन ने भी विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य को हार्दिक बधाई दी। प्रबंधन ने आशा व्यक्त की कि विद्यालय के विद्यार्थी भविष्य में भी विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन करते रहेंगे।


प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

## सरकाघाट में कर्मचारियों को दिया मतगणना का प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** गोपालपुर विकास खंड में पंचायती राज चुनाव के दृष्टिगत 31 मई को होने वाली जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से राजकीय डिग्री कॉलेज सरकाघाट में दूसरा मतगणना प्रशिक्षण एवं पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने की।

इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट ने मतगणना ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतगणना निर्वाचन प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अनुपालना करते हुए समयबद्धता, अनुशासन एवं आपसी समन्वय बनाए रखना आवश्यक है, ताकि मतगणना प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतगणना कर्मियों को मतगणना प्रक्रिया, मतगणना टेबल प्रबंधन, अभिलेख संधारण, परिणाम संकलन तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों संबंधी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मतगणना कार्य को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न करवाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई।

**उद्घाटन** मंडी, कुल्लू और मनाली के निवेशकों को मिलेंगी बेहतर वित्तीय सेवाएं

## मंडी में खुली एसबीआई म्यूचुअल फंड की शाखा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** एसबीआई म्यूचुअल फंड ने मंडी शहर के अस्पताल रोड पर अपनी नई शाखा का विधिवत उद्घाटन किया। नई शाखा का उद्घाटन एसबीआई क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय (आरबीओ) की क्षेत्रीय प्रबंधक अनुपमा शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के कई वरिष्ठ अधिकारी, बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुनीष सभरवाल, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, मुंबई; जी.बी. सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक, एसबीआईएमएफ, चंडीगढ़; विपिन कुमार, क्लस्टर हेड, एसबीआईएमएफ, शिमला तथा विकेश शर्मा, ब्रांच मैनेजर, एसबीआईएमएफ उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सभी चैनल पार्टनर और बैंकर भी विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए।



यह हिमाचल प्रदेश में पांचवीं शाखा है। शाखा के खुलने से मंडी, कुल्लू और मनाली जिलों के म्यूचुअल फंड ग्राहकों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर सेवाएं और वित्तीय समाधान उपलब्ध हो सकेंगे। मुंबई मुख्यालय से पहुंचे एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट मुनीष सभरवाल की उपस्थिति ने इस शाखा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नया कार्यालय स्थानीय निवासियों, छोटे व्यवसायियों और निवेशकों को बेहतर वित्तीय नियोजन तथा उपयुक्त निवेश विकल्पों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

समारोह के अंत में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने मंडी टीम को इस नई शुरुआत के लिए बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बैंकिंग और म्यूचुअल फंड जगत से जुड़े कई गणमान्य व्यक्ति एवं सम्मानित निवेशक भी मौजूद रहे। नई शाखा का शुभारंभ क्षेत्र में वित्तीय सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## धर्मपुर के जटगहरा में भारी बारिश से ढहा कच्चा मकान

- प्रभावित परिवार का लाखों का सामान मलबे में दबा

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल धर्मपुर की ग्राम पंचायत सधोट के गांव जटगहरा में शुक्रवार रात हुई भारी बारिश और तेज गर्जना के कारण ज्ञान चंद का दो कमरों का कच्चा मकान अचानक ढह गया। मकान के गिरने से अंदर रखा घरेलू सामान, कपड़े, बिस्तर, राशन और अन्य जरूरी वस्तुएं मलबे में दब गईं। राहत की बात यह रही कि घटना के समय परिवार का कोई सदस्य मकान में मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

ज्ञान चंद ने बताया कि पंचायत चुनाव में मतदान करने के बाद वह अपने परिवार सहित सरकाघाट स्थित दूसरे मकान में चले गए थे। उनका यह पुस्तैनी मकान गांव जटगहरा में है, जहां वह समय-समय पर खेती-बाड़ी तथा अन्य कार्यों के लिए आते-जाते रहते हैं। उन्होंने बताया कि रात को लगातार हो रही बारिश और बादलों की तेज गड़गड़ाहट के बीच पहले मकान की एक दीवार गिरी और देखते ही देखते पूरा कच्चा मकान धराशायी हो गया। घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे। ज्ञान चंद ने प्रशासन से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया जाए तथा उन्हें उचित राहत और आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। ग्रामीणों ने भी प्रभावित परिवार को जल्द सहायता उपलब्ध करवाने की मांग उठाई है।

**बूढ़ा** होना कोई आसान काम नहीं। इसे बड़ी मेहनत से सीखना पड़ता है।
–निर्मल वर्मा

## संपादकीय

# चिट्टे के खिलाफ सख्ती का समय

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने चिट्टे के खिलाफ जो विशेष अभियान शुरू किया है, वह केवल एक प्रशासनिक पहल नहीं बल्कि समाज को बचाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। हाल ही में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा सरकारी भर्तियों में ड्रग टेस्ट अनिवार्य करने की घोषणा को अब सरकार ने मूर्त रूप दे दिया है। यह फैसला निश्चित रूप से क्रांतिकारी और दूरगामी प्रभाव वाला माना जाएगा। अब सरकारी नौकरी में नियुक्ति से पहले अभ्यर्थियों को केवल सामान्य मेडिकल जांच ही नहीं, बल्कि ड्रग टेस्ट से भी गुजरना होगा। यदि किसी अभ्यर्थी में नशीले पदार्थों के सेवन के प्रमाण पाए जाते हैं, तो वह सरकारी सेवा के लिए अयोग्य माना जाएगा।

यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब हिमाचल प्रदेश नशे, विशेषकर चिट्टे की समस्या से गंभीर रूप से जूझ रहा है। देवभूमि आज नशे के जाल में उलझती दिखाई दे रही है। प्रदेश के युवा तेजी से इस जहर की गिरफ्त में आ रहे हैं और इसके दुष्परिणाम केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि परिवार, समाज और अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित कर रहे हैं।

सरकार ने यह फैसला लंबे अध्ययन और विभिन्न विभागों के साथ विचार-विमर्श के बाद लिया है। प्रशासनिक सचिवों की बैठक में इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए जा चुके हैं तथा कार्मिक विभाग को सभी विभागों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए कहा गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार केवल घोषणाएं करने तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि उन्हें प्रभावी ढंग से लागू भी करना चाहती है।

चिट्टे के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पहले भी कई अवसरों पर देखने को मिली है। सरकार ने नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त पाए गए सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद पुलिस कर्मियों सहित 37 कर्मचारियों को निलंबित किया गया। हालांकि अभी भी कई मामलों में कार्रवाई लंबित है। सरकार ने संबंधित विभागों से रिपोर्ट तलब की है और शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। यह आवश्यक भी है, क्योंकि यदि कानून लागू करने वाले तंत्र में ही नशे की घुसपैठ हो जाए तो समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है।

आज स्थिति यह है कि चिट्टा केवल अपराध का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी आपदा का रूप ले चुका है। पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में हजारों एनडीपीएस मामले दर्ज हुए हैं और बड़ी मात्रा में चिट्टा बरामद किया गया है। इसके बावजूद ओवरडोज से मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा है। वर्ष 2023 से अब तक लगभग 66 लोगों की मौत नशे की ओवरडोज के कारण हो चुकी है। यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं है, बल्कि उन परिवारों की पीड़ा का प्रतीक है जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया।

सरकार की चिंता इसलिए भी जायज है क्योंकि नशे का दायरा लगातार बढ़ रहा है। गांवों से लेकर शहरों तक और स्कूल-कॉलेजों से लेकर कार्यस्थलों तक इसका प्रभाव दिखाई दे रहा है। सोशल मीडिया के दौर में लोग इस विषय पर खुलकर अपनी राय व्यक्त कर रहे हैं। आम जनता बार-बार यह सवाल उठा रही है कि आखिर इतनी गिरफ्तारियों और बरामदगियों के बावजूद चिट्टा माफिया पर पूरी तरह लगाम क्यों नहीं लग पा रही है। यह प्रश्न केवल सरकार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चिंतन का विषय है।

केवल पुलिस कार्रवाई से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। नशे के खिलाफ लड़ाई सामाजिक जागरूकता, पारिवारिक जिम्मेदारी, शिक्षा और पुनर्वास के संयुक्त प्रयासों से ही जीती जा सकती है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेल, रोजगार और सकारात्मक गतिविधियों के अवसर बढ़ाने होंगे। स्कूलों और कॉलेजों में नियमित जागरूकता कार्य, म चलाने होंगे ताकि युवा शुरुआत में ही इस जाल से बच सकें। सरकार का ड्रग टेस्ट वाला निर्णय एक मजबूत संदेश देता है कि सार्वजनिक सेवा में वही लोग आएंगे जो मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ हों। इससे युवाओं में भी सकारात्मक संदेश जाएगा कि सरकारी नौकरी की तैयारी के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखना भी आवश्यक है। हालांकि यह सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण होगा कि ड्रग टेस्ट की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, वैज्ञानिक और निष्पक्ष हो।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत की वीरांगनाओं में से एक

**महारानी अहिल्याबाई होल्कर** भारतीय इतिहास की महान शासकों में से एक थीं। उनका जन्म 31 मई 1725 को हुआ था। उनके पिता मानकोजी शिंदे एक साधारण, किंतु संस्कारी व्यक्ति थे। उनका विवाह खंडेराव होल्कर से हुआ, जो मल्हारराव होल्कर के पुत्र थे।



अहिल्याबाई होल्कर
जन्म : 31 मई, 1725
मृत्यु : 13 अगस्त, 1795

अहिल्याबाई बुद्धिमान, साहसी और कुशल प्रशासक थीं। उनके पति की मृत्यु 1754 में हो गई और बाद में पुत्र मालेराव का भी निधन हो गया। इसके बावजूद उन्होंने धैर्य नहीं खोया। मल्हारराव की मृत्यु के बाद उन्होंने राज्य का शासन संभाला और 1795 तक अत्यंत कुशलता से राज्य चलाया।

वे भगवान शिव की परम भक्त थीं। अपने शासन को ईश्वर की सेवा मानकर चलाती थीं और राजकीय आदेशों पर अपना नाम लिखने के स्थान पर श्री शंकर अंकित करती थीं। उनका जीवन सादगी, धर्म, सेवा और न्याय का आदर्श उदाहरण था। अहिल्याबाई ने प्रशासनिक सुधार किए, न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाया तथा राज्य को सुरक्षित और समृद्ध बनाया। उन्होंने डाकुओं और उपद्रवियों पर नियंत्रण स्थापित कर व्यापार, उद्योग और कला को बढ़ावा दिया। उनकी राजधानी माहेश्वर वस्त्र निर्माण और संस्कृति का महत्वपूर्ण केंद्र बन गई।

उन्होंने देशभर में अनेक मंदिर, घाट, कुएं, बावड़ियां, धर्मशालाएं और अन्नक्षेत्र बनवाए। काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का श्रेय भी उन्हें दिया जाता है। इसके अतिरिक्त काशी, गया, सोमनाथ, अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, द्वारका और अन्य तीर्थस्थलों के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। महिलाओं के अधिकारों के प्रति भी वे सजग थीं। उन्होंने विधवाओं को संपत्ति का अधिकार दिलाया और महिलाओं के सम्मान तथा शिक्षा को प्रोत्साहन दिया। 13 अगस्त 1795 को उनका निधन हुआ।



कविता

## आतंकवाद

डॉ. उर्मिल कौंडल, टीजीटी नॉन मेडिकल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, टावा (बल्ह) जिला मंडी

**आहट** होती है जब दरवाजे पर, सहम जाते हैं सभी भीतर
हिम्मत नहीं होती किसी को भी, कि उठकर दरवाजा खोलें तो सही
यह जानकर कि कहीं मौत ही तो नहीं है खड़ी दर पे.......।
कभी दर खुलने से, मेहमान मिठाई लेकर, प्रवेश करते थे भीतर
जिन्हें देखकर बच्चे खुशी के मारे झूम उठते थे .........।
उसी दरवाजे से आज होती है, दनादन गोलियों की बौछार
आज इंसान की जिंदगी, कैदी से कम नहीं, और बन चुका है कैदखाना
अपना ही घर........। हमेशा मौत का डर लगा रहता है, आखिर ये हालात
बने कैसे? सुना है ये आतंकवादी हैं, जिन्होंने आतंक फैला रखा है
गलियों, मोहल्लों में .....। ये आतंकी हैं कौन? क्या ये हमारी ही तरह
इंसान नहीं हैं? क्या इनके सीने में दिल नहीं है? फिर ये इंसानियत
खोकर, इतने उदंड बने कैसे? जिनके नाम से आदमी, थर-थर कांप
उठता है, जीभ तालू से चिपक कर, रह जाती है .........।
आखिर इतना डर क्यों?, क्या कभी खत्म होगा भी
यह आतंकवाद.......? भला कब तक कैदी बनकर
दुबके रहोगे मेरे देशवासियों...? करके साहस खोल दो किवाड़
और मसल डालो इस आतंकवाद को ........।

# सुलगता तंबाकू : नशे की लत से छिन रही जिंदगियां

सिगरेट का एक कश लगा और राजा वाली जिंदगी जी। यह शब्द काफी हैं किसी की जिंदगी को नरक बनाने के लिए। खासकर युवाओं को यह कथन अत्यधिक आकर्षित करने वाला है जो ज्यादातर प्रयोग में लाया जाता है लेकिन इस बात से अंजान कि यह एक कश काफी है जीवन को बर्बाद करने के लिए। युवा मजे ही मजे में इसके आदि बनते जा रहे हैं।



शिवालिक अवस्थी
गांव शीला चौक, डा. सिद्धपुर, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा, (हि.प्र.)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

तंबाकू एक ऐसा उत्पाद है जिसकी एक बार यदि गलती से भी लत लग जाए तो इससे आसानी से छुटकारा नहीं पाया जा सकता। तंबाकू में निकोटिन नामक रसायन पाया जाता है जो नशीला और खतरनाक होता है। धूम्रपान करना भी एक तरह का मानसिक रोग ही है जो बार-बार व्यक्ति को नशा लेने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है। बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, खैनी या अन्य नशीले उत्पाद जिनमें तंबाकू का प्रयोग किया जाता है, सभी व्यक्ति के मस्तिष्क पर सीधा प्रभाव डालते हैं। इन सभी उत्पादों के सेवन से उक्त व्यक्ति को विभिन्न बीमारियां लग सकती हैं जिनमें सबसे आम है खराब फेफड़े और मुंह के रोग। यही रोग धीरे-धीरे रौद्र रूप धारण कर व्यक्ति को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की ओर धकेल देते हैं। तंबाकू और निकोटिन कोई मिठाई नहीं है जिसे खा कर पचा लिया जाए। यह एक ऐसा जहर है जो धीरे-धीरे शरीर को खोखला करके व्यक्ति को तड़पने हेतु अकेला छोड़ देता है। तंबाकू एवं निकोटिन के प्रयोग से मस्तिष्क का विकास सही से नहीं हो पाता। इसके दुष्प्रभाव ऐसे हैं जो न केवल मस्तिष्क अपितु व्यक्ति के सारे शरीर पर गहरा असर डालते हैं। और तो और यदि कोई व्यक्ति धूम्रपान करने वाले के संपर्क में आ जाए तो उसे भी तंबाकू से होने वाले नुकसान झेलने पड़ते हैं। इसे पैसिव स्मोकिंग भी कहा जाता है। खैर, हम क्यों तंबाकू के दुष्प्रभावों की बात कर रहे हैं आइए जानते हैं। दरअसल हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 मई 2026 को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जा रहा है। जिसमें इस वर्ष की थीम यानी विषय है अनमास्किंग द अपील -निकोटीन और तंबाकू की लत से निपटना। इस बार की थीम में भी निकोटिन और तंबाकू की लत से निपटने की बात कही गई है। खास कर युवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



हम क्यों यहां युवाओं पर विशेष ध्यान दे रहे हैं क्योंकि दुनियाभर में लगभग 4 करोड़ किशोर (13-15 वर्ष आयु वर्ग) तंबाकू का उपयोग करते हैं। और दुनियाभर में करीब 1.5 करोड़ किशोर (13-15 वर्ष आयु वर्ग) ई-सिगरेट का उपयोग कर रहे हैं। आंकड़े जरूर चौंकाने वाले हैं। ई-सिगरेट की बात करें तो कुछ लोग इसे कम हानिकारक मानते हैं जबकि असल में ऐसा बिल्कुल नहीं है। ई-सिगरेट की लत से भी फेफड़ों को नुकसान पहुंचाया जाता है। सांस फूलने लगती है। खांसी व सीने में जलन जैसी कई बीमारियां पनप सकती हैं। अंततः ई-सिगरेट द्वारा भी सेवन तो तंबाकू का ही किया जा रहा है।

बेहद अचंभे की बात है कि लगभग सभी मादक पदार्थों पर साफ अक्षरों में वैधानिक चेतावनी दर्शाई जाती है जैसे - 'यह सेहत के लिए बेहद हानिकारक है' बाबजूद इसके नशे से प्राप्त होने वाले अंधकारमय जीवन को हंसते-हंसते गले लगाकर अपनी सेहत के साथ खिलवाड़ किया जाता है, अब इसे अनभिज्ञता कहें या नासमझी? अब चूक कहां हो रही है, इस पर धरातल पर उपयुक्त रणनीति बनाने की आवश्कयता है। तंबाकू के खिलाफ लड़ी जानी वाली कोई भी जंग इतनी आसानी से जीती जाने वाली जंग नहीं है। इस जंग को जीतने के लिए हर घर से एक योद्धा को स्वतः खुल कर सामने आना होगा जो समाज सुधारक के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान बखूबी से निभाए। इसकी शुरुआत सभी को अपने-अपने घरों से ही करनी होगी, तभी हम तंबाकू मुक्त एवं स्वस्थ समाज की आकांक्षा रखने के अधिकारी बन सकते हैं। अभिवावकों को अपने बच्चों के हर कदम के प्रति बेहद सजग रहने की आवश्यकता है। एक अविभावक ही होते हैं जिन्हें अपने बच्चों के आचरण व उनके व्यवहार की पूरी जानकारी होने की ज्यादातर संभावना बनी रहती है। इसलिए, अविभावकों को चाहिए कि यदि उन्हें, आपके बच्चों के व्यवहार में, उनके आचरण में कोई भी बदलाव देखने को मिलें तो उनके साथ थोड़ा और समय बिताना आरंभ करें। अपने बच्चों के साथ एक दोस्त बनकर रहें और तंबाकू के दुष्प्रभाव के बारे में खुलकर बात करें, ताकि वे कोई भी बात आपसे छिपाए ना। विशेषकर अपने बच्चों की संगत के बारे में अवश्य सतर्क रहें।

अन्य पहलू पर यदि हम गौर करने का प्रयत्न करें, तो एक और जहां भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य जीवन शैली को अपनाकर, आज के युवाओं को हम तंबाकू के प्रयोग से दूर रखने में सफल हो सकते हैं तो दूसरी ओर एक कदम आध्यात्मिकता की ओर भी बेहद आश्चर्यपूर्ण परिणाम दिखाने में कारगर साबित हो सकता है।

मूल रूप से तंबाकू की लत से छुटकारा तभी पाया जा सकता है जब हमारे मन में स्थिरता लाई जा सके, और अध्यात्म मार्ग से ऐसी स्थिरता बखूबी प्रयोग में लाई जा सकती है। तंबाकू एवं निकोटिन की रोकथाम हेतु सरकार के प्रयासों के अलावा समाज के हर नागरिक को अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी ताकि हमारा समाज, हमारा प्रदेश, हमारा देश उन्नत बन सके। इसके लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित रहेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस : स्वस्थ भविष्य की ओर एक निर्णायक कदम

आज का दिन केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि समाज को आत्ममंथन करने का अवसर है। आज जब आधुनिक जीवनशैली ने मनुष्य को सुविधाएं तो दी हैं, वहीं अनेक गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा कर दी हैं। भागदौड़ भरी जिंदगी, मानसिक तनाव, बेरोजगारी, सामाजिक दबाव और दिखावे की संस्कृति ने विशेष रूप से युवाओं को नशे की ओर धकेलने का कार्य किया है। तंबाकू सेवन अब केवल एक आदत नहीं रहा, बल्कि यह अनेक अन्य घातक नशों की शुरुआत का माध्यम बनता जा रहा है।



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, शिक्षा खंड गैहरा जिला चंबा (हि.प्र.)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज देश का एक बड़ा वर्ग गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, हुक्का और ई-सिगरेट जैसे तंबाकू उत्पादों के जाल में फंसता जा रहा है। चिंताजनक बात यह है कि इसकी शुरुआत अब कम उम्र में ही होने लगी है। स्कूल और कॉलेजों के आसपास तंबाकू उत्पादों की उपलब्धता, सोशल मीडिया पर गलत प्रभाव, फिल्मों और इंटरनेट पर नशे को 'स्टाइल' के रूप में दिखाना युवाओं को भ्रमित कर रहा है। धीरे-धीरे यही आदत शराब, नशीली दवाओं और अन्य खतरनाक व्यसनों की ओर ले जाती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ लगातार चेतावनी देते रहे हैं कि तंबाकू सेवन कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी, उच्च रक्तचाप और मानसिक समस्याओं का प्रमुख कारण है। इसके बावजूद लोग क्षणिक आनंद के लिए अपने जीवन को जोखिम में डाल रहे हैं। दुखद यह भी है कि तंबाकू का प्रभाव केवल सेवन करने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसके परिवार और आसपास के लोगों के स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। निष्क्रिय धूम्रपान, छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए भी उतना ही खतरनाक है।

वर्तमान समय में आवश्यकता केवल कानून बनाने की नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक जागरूकता पैदा करने की है।




सरकार द्वारा तंबाकू उत्पादों पर चेतावनी चित्र, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंध, जागरूकता अभियान और विद्यालयों में स्वास्थ्य शिक्षा जैसे कदम उठाए गए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार समय-समय पर लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाती रही हैं।

फिर भी इन प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत है। सबसे बड़ी जिम्मेदारी समाज और परिवार की भी है। माता-पिता, अविभावकों और अध्यापकों को बच्चों के व्यवहार और मित्र मंडली पर ध्यान देना चाहिए। शिक्षण संस्थानों में केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि नैतिक और स्वास्थ्य शिक्षा को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। युवाओं को खेल, योग, संगीत और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना समय की मांग है ताकि वे नशे से दूर रह सकें।

तंबाकू मुक्त भारत का सपना केवल सरकारी योजनाओं से पूरा नहीं होगा, बल्कि इसके लिए जनभागीदारी आवश्यक है। जब समाज स्वयं यह संकल्प लेगा कि वह नशे को स्वीकार नहीं करेगा, तभी वास्तविक परिवर्तन संभव होगा। विश्व तंबाकू निषेध दिवस हमें यही संदेश देता है कि स्वस्थ शरीर, स्वच्छ विचार और जागरूक समाज ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। यदि आज हम जागरूक नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियां गंभीर स्वास्थ्य संकट का सामना करेंगी। इसलिए समय की पुकार है कि तंबाकू और हर प्रकार के नशे को 'ना' कहें और एक स्वस्थ, जागरूक तथा नशामुक्त भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

आज परिवार, समाज ,सरकार और स्वंयसेवी संस्थाओं, शिक्षण संस्थाओं का यह महत्वपूर्ण दायित्व है कि बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति अच्छी और स्वस्थ आदतों का विकास करें ताकि वर्तमान समय की स्वस्थ आदतों को अपनाने से उनका भविष्य उज्ज्वल हो और वे स्वस्थ समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक योगदान प्रदान कर सके और अपने निजी जीवन और राष्ट्रीय जीवन को मूल्यों और आदर्शों के अनुरुप ढाल कर राष्ट्रीय विकास में सकारात्मक भूमिका निभाने में सक्षम बन सकें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# सीबीएसई : भारतीय भाषाओं को स्कूलों में पढ़ाना सराहनीय

कहा जाता है कि जब कोई व्यक्ति कोई सपना देखता है या किसी नए विचार को जन्म देता है, तो वह सबसे पहले अपनी मातृभाषा में ही सोचता है। भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं होती, बल्कि वह व्यक्ति की भावनाओं, अनुभवों, ज्ञान और कल्पनाशक्ति का आधार भी होती है। अनेक बार प्रतिभा और विचार होने के बावजूद भाषा की बाधा व्यक्ति के विकास के मार्ग में अवरोध बन जाती है। ऐसे में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 इस भाषा रूपी दीवार को तोड़कर विद्यार्थियों को उनकी जड़ों से जोड़ते हुए ज्ञान और अवसरों की नई दुनिया तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है।



डॉ. नितिका शर्मा
भोरंज, जिला हमीरपुर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा स्कूली शिक्षा में त्रिभाषा सूत्र को लेकर चर्चा तेज हुई है। कुछ वर्गों द्वारा इसे अतिरिक्त बोझ या थोपे गए प्रावधान के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता इससे भिन्न है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का मूल उद्देश्य भारत की आत्मा को उसकी भाषाओं के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना है। अधिकांश विद्यार्थी आठवीं कक्षा तक किसी न किसी भारतीय भाषा का अध्ययन करते हैं। नई व्यवस्था का उद्देश्य केवल इतना है कि उन्हें नौवीं और दसवीं कक्षा में भी उसी भाषा के अध्ययन की निरंतरता का अवसर मिले।

भारत की भाषाएं केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे हमारी संस्कृति, परंपराओं, लोकज्ञान और राष्ट्रीय चेतना की संवाहक हैं। प्रत्येक भाषा अपने भीतर सदियों का इतिहास, साहित्य, दर्शन और सामाजिक अनुभव समेटे हुए है। यदि किसी राष्ट्र को अपनी सांस्कृतिक पहचान और बौद्धिक विरासत को सुरक्षित रखना है, तो उसे अपनी भाषाओं को मजबूत बनाना होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 इसी सोच को केंद्र में रखकर भारतीय भाषाओं को शिक्षा और अनुसंधान की मुख्यधारा में स्थापित करने का प्रयास कर रही है। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि मातृभाषा में सीखने वाले विद्यार्थी विषयों को अधिक आसानी से समझते हैं। उनकी स्मरण शक्ति बेहतर होती है, तार्किक चिंतन विकसित होता है तथा रचनात्मकता को भी प्रोत्साहन मिलता है।



जब विद्यार्थी अपनी भाषा में शिक्षा प्राप्त करता है, तो उसमें आत्मविश्वास बढ़ता है और वह ज्ञान को केवल रटता नहीं, बल्कि उसे समझकर जीवन में लागू भी कर पाता है। यही कारण है कि विश्व के अनेक विकसित देशों ने अपनी मातृभाषाओं को शिक्षा का प्रमुख माध्यम बनाया है। भारतीय भाषाओं के संवर्धन का अर्थ किसी विदेशी भाषा का विरोध करना नहीं है। अंग्रेजी और अन्य विदेशी भाषाएं आज वैश्विक संवाद, विज्ञान, तकनीक और व्यापार के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत सदैव विश्व ज्ञान के प्रति खुला और उदार रहा है। लेकिन अपनी भाषाई जड़ों को कमजोर करके कोई भी राष्ट्र लंबे समय तक आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी नहीं बन सकता। इसलिए बहुभाषिकता का अर्थ यह नहीं कि एक भाषा को छोड़कर दूसरी को अपनाया जाए, बल्कि विभिन्न भाषाओं के ज्ञान को संतुलित रूप से विकसित किया जाए। सीबीएसई का त्रिभाषा सूत्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति की इसी भावना का व्यावहारिक रूप है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भाषाई विविधता से परिचित कराना, भारतीय भाषाओं का संरक्षण करना तथा उन्हें बहुभाषी नागरिक के रूप में विकसित करना है। इससे साहित्य, लोककथाओं, परंपराओं और सांस्कृतिक स्मृतियों के संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। हिमाचल प्रदेश में भी इस दिशा में कई संभावनाएं हैं।

यहां सीबीएसई द्वारा भारतीय भाषाओं के अनेक विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ संस्कृत जैसी प्राचीन और समृद्ध भाषा को भी व्यापक रूप से जोड़ा जा सकता है। प्रदेश के कई विद्यालयों, विशेषकर जवाहर नवोदय विद्यालयों में हिन्दी के साथ पंजाबी पढ़ाने की व्यवस्था पहले से मौजूद है। यह बहुभाषिक शिक्षा की सफलता का एक सकारात्मक उदाहरण है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और त्रिभाषा सूत्र केवल भाषाओं का विषय नहीं, बल्कि भारत के ज्ञान, संस्कृति और भविष्य को सशक्त बनाने का माध्यम है।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना स्वस्थ जीवन की ओर महत्वपूर्ण कदम

प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्वभर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा तंबाकू-मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से की गई थी।



प्रो. मनोज डोगरा
राजकीय महाविद्यालय, बड़सर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज तंबाकू केवल एक व्यक्तिगत आदत नहीं, बल्कि एक गंभीर स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक समस्या बन चुका है। लाखों लोग प्रतिवर्ष तंबाकू से होने वाली बीमारियों के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं। इसलिए इस समस्या के प्रति जागरूकता फैलाना समय की आवश्यकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया में हर वर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु तंबाकू सेवन के कारण होती है। इनमें लाखों लोग ऐसे भी होते हैं जो स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करते, लेकिन दूसरों के धूम्रपान से निकलने वाले धुएं के संपर्क में आने के कारण गंभीर बीमारियों का शिकार बन जाते हैं। भारत में भी तंबाकू सेवन की स्थिति चिंताजनक है। बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, खैनी, जर्दा और अन्य तंबाकू उत्पादों का उपयोग बड़ी संख्या में लोग करते हैं, जिनमें युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

तंबाकू में निकोटिन नामक नशीला पदार्थ पाया जाता है, जो व्यक्ति को धीरे-धीरे इसकी लत लगा देता है। एक बार इसकी आदत पड़ जाने पर इसे छोड़ना कठिन हो जाता है। तंबाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी, अस्थमा, उच्च रक्तचाप और स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। विशेष रूप से मुख कैंसर के अधिकांश मामलों के पीछे गुटखा और अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन प्रमुख कारण माना जाता है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार तंबाकू का नियमित सेवन जीवन प्रत्याशा को भी कम कर देता है।

आज के समय में युवाओं में तंबाकू सेवन तेजी से बढ़ रहा है। कई किशोर और युवा साथियों के दबाव, जिज्ञासा, फिल्मों और सोशल मीडिया के प्रभाव में आकर धूम्रपान



या गुटखा सेवन शुरू कर देते हैं। वे इसे आधुनिकता या फैशन का प्रतीक समझने लगते हैं, जबकि वास्तविकता में यह उनके स्वास्थ्य और भविष्य दोनों के लिए हानिकारक है। कम उम्र में तंबाकू की लत लगने से शारीरिक विकास, मानसिक क्षमता, पढ़ाई और खेलकूद पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

अनेक परिवार अपनी आय का एक हिस्सा तंबाकू उत्पादों पर खर्च कर देते हैं। इसके अतिरिक्त तंबाकू से उत्पन्न बीमारियों के उपचार पर भी भारी धनराशि खर्च करनी पड़ती है। इससे परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है। सरकार को भी स्वास्थ्य सेवाओं और उपचार व्यवस्था पर बड़ी मात्रा में संसाधन खर्च करने पड़ते हैं। इस प्रकार तंबाकू देश की आर्थिक प्रगति में भी बाधा उत्पन्न करता है।

भारत सरकार ने तंबाकू नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाया गया है। तंबाकू उत्पादों के विज्ञापनों पर रोक लगाई गई है तथा इनके पैकेटों पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी चित्र और संदेश छापना अनिवार्य किया गया है। स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी और सामाजिक संस्थाओं द्वारा जागरूकता अभियान, रैलियां, पोस्टर प्रतियोगिताएं और स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं। समाज, परिवार और शिक्षण संस्थानों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। अभिभावकों को बच्चों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देनी चाहिए तथा स्वयं भी नशे से दूर रहकर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## खूबसूरत अंदाज में पोपी पैटिंसन

**अमेरिका।** इंग्लैंड की पोपी पैटिंसन 2025 में सुंदर महिला फुटबॉलरों की सूची में है। वह ब्राइटन एंड होव एल्बियन के लिए खेलती हैं और उनकी कुल संपत्ति 800k डॉलर है।



### स्पोर्ट्स विंडो

## नॉर्वे चेस : डी गुकेश ने मनाया अपना 20वां जन्मदिन

**एजेंसी, ओस्लो (नॉर्वे)।** नॉर्वे चेस 2026 के विश्राम के दिन दुनिया के शीर्ष शतरंज खिलाड़ियों ने बिसात और मोहरों से दूर हटकर ओस्लोफ्योर्ड की लहरों पर रोमांचक सेलिंग रेस का आनंद लिया। इस खास आयोजन के दौरान मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने अपना 20वां जन्मदिन भी मनाया, जिससे दिन और भी यादगार बन गया। नॉर्वे चेस की परंपरागत गतिविधियों के तहत आयोजित इस विशेष सेलिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को दो टीमों में बांटा गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य खिलाड़ियों को मानसिक दबाव से राहत देना और टीमवर्क एवं मनोरंजन का अनुभव कराना था। इस कार्यक्रम में भारत के ग्रैंडमास्टर्स डी. गुकेश, दिव्या देशमुख, आर. प्रज्ञानानंद और कोनेरू हम्पी के अलावा नॉर्वे के दिग्गज मैग्नस कार्लसन, विंसेंट कीमर, वेस्ली सो, अन्ना मुज़ीचुक, बिबिसारा अस्साउबायेवा, झू जिनर और अन्य शीर्ष खिलाड़ी शामिल हुए। नॉर्वे चेस खेलों की यह परंपरा वर्षों से टूर्नामेंट का खास हिस्सा रही है। इसके तहत खिलाड़ियों को शतरंज की गहन तैयारियों और मुकाबलों से कुछ समय के लिए दूर ले जाकर अलग-अलग गतिविधियों में शामिल किया जाता है। पिछले वर्षों में खिलाड़ियों ने कुकिंग प्रतियोगिता, ट्रैक्टर चलाना, गाय दुहना, तीरंदाजी, फेंसिंग और 'चेस काउबॉय चैलेंज' जैसी अनोखी गतिविधियों में हिस्सा लिया था। इस बार का आयोजन इसलिए भी विशेष रहा क्योंकि 13 वर्षों बाद नॉर्वे चेस का आयोजन ओस्लो में हो रहा है, जबकि इससे पहले यह लंबे समय तक स्टावेंजर में आयोजित होता रहा था। विश्राम दिवस की गतिविधियों में जावोखिर सिंदारोव भी शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

*अंडर-18 महिला एशिया कप*

## नूशीन नाज के दम पर भारत ने मलेशिया को 2-1 से हराया

**एजेंसी, काकामिगहारा (जापान)।** भारतीय अंडर-18 महिला हॉकी टीम ने अंडर-18 एशिया कप 2026 में शानदार आगाज करते हुए शनिवार को अपने पहले पूल-ए मुकाबले में मलेशिया को 2-1 से हरा दिया। भारत की जीत की नायिका 15 वर्षीय फॉरवर्ड नूशीन नाज़ रहीं, जिन्होंने दोनों गोल दागकर टीम को महत्वपूर्ण जीत दिलाई और 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार अपने नाम किया। मुकाबले के पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। भारत ने आक्रमण किए, लेकिन मलेशियाई रक्षा पंक्ति ने उन्हें गोल में तब्दील नहीं होने दिया। दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने दबाव बढ़ाया और 19वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर का शानदार फायदा उठाया। नूशीन नाज़ ने सटीक शॉट लगाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। अच्छी लय में नजर आ रहीं नूशीन ने हाफ टाइम से ठीक पहले एक और शानदार गोल दागा। 28वें मिनट में उन्होंने तेज और सटीक प्रहार से मलेशियाई गोलकीपर को छकाते हुए भारत की बढ़त 2-0 कर दी। इस गोल के साथ भारत ने मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। दूसरे हाफ में मलेशिया ने वापसी की कोशिश की और 41वें मिनट में नूर अजली ने गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। इसके बाद मलेशियाई टीम ने बराबरी के लिए लगातार हमले किए, लेकिन भारतीय डिफेंस ने शानदार संयम दिखाया और कोई दूसरा गोल नहीं होने दिया। पूरे मैच में भारत ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए 16 पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए। हालांकि टीम केवल दो मौकों को गोल में बदल सकी, लेकिन नूशीन के दोनों गोल जीत सुनिश्चित करने के लिए काफी साबित हुए। इस जीत के साथ भारत ने तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए और पूल-ए में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। अब भारतीय टीम का अगला मुकाबला 31 मई को कोरिया से होगा। (अनंत ज्ञान)

**आईपीएल फाइनल** अहमदाबाद में दोनों टीमें दूसरी ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगी

# बेंगलुरु-गुजरात में खिताबी टक्कर आज

**एजेंसी, अहमदाबाद**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 अब अपने अंतिम और सबसे रोमांचक पड़ाव पर पहुंच चुका है। टूर्नामेंट का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला 31 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) खिताब के लिए आमने-सामने होंगी। पूरे सीजन में शानदार प्रदर्शन करने वाली दोनों टीमों के बीच होने वाला यह मुकाबला क्रिकेट प्रेमियों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं होगा।



गुजरात टाइटंस ने इस सीजन में लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए खुद को सबसे मजबूत टीमों में शामिल रखा। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों ने बेहतरीन संतुलन दिखाया है। लीग चरण से लेकर प्लेऑफ तक गुजरात ने दबाव वाले मौकों पर शानदार खेल दिखाते हुए फाइनल में जगह बनाई।

दूसरी ओर आरसीबी ने इस बार अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। टीम ने कठिन परिस्थितियों में जीत दर्ज कर फाइनल का टिकट हासिल किया। वर्षों से अपने पहले आईपीएल खिताब का इंतजार कर रही बेंगलुरु की टीम के पास इतिहास रचने का सुनहरा अवसर है। टीम के खिलाड़ी इस मौके को यादगार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियमों में शामिल नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक लाख से अधिक दर्शकों के मौजूद रहने की संभावना है। खिताबी मुकाबले को लेकर प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है। स्टेडियम में भव्य समापन समारोह और रंगारंग कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

दोनों टीमों के पास ऐसे खिलाड़ी मौजूद हैं जो अकेले दम पर मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। ऐसे में फाइनल में कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि दबाव को बेहतर ढंग से संभालने वाली टीम ट्रॉफी जीतने में सफल होगी। आईपीएल 2026 में कई युवा खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से नई पहचान बनाई है, जबकि अनुभवी खिलाड़ियों ने भी अपनी छाप छोड़ी है। अब पूरे सीजन की मेहनत का फैसला एक मुकाबले में होना है। गुजरात दूसरी बार चैंपियन बनने का सपना लेकर उतरेगी, जबकि आरसीबी पहली बार ट्रॉफी उठाकर अपने प्रशंसकों का लंबा इंतजार खत्म करना चाहेगी। सभी की निगाहें अब 31 मई पर टिकी हैं, जब अहमदाबाद में आईपीएल 2026 के नए चैंपियन का फैसला होगा। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), साईं सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), जेसन होल्डर, इशांत शर्मा, जयंत यादव, कगिसो रबाडा, राहुल तेवतिया, ल्यूक वुड, शाहरुख खान, साईं किशोर, वाशिंगटन सुंदर, राशिद खान, मोहम्मद सिराज, ग्लेन फिलिप्स, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलवंत खेजरोलिया, अनुज रावत (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), मानव सुथार, कोनोर एस्टरहुइजेन, गुरनूर ब्रार, निशांत सिंधु, अरशद खान, अशोक शर्मा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** रजत पाटीदार (कप्तान), टिम डेविड, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, फिलिप सॉल्ट, जितेश शर्मा, जैकब बेथेल, क्रुणाल पांड्या, रोमारियो शेफर्ड, अभिनंदन सिंह, जोश हेजलवुड, रसिक सलाम डार, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, नुवान तुषारा, वेंकटेश अय्यर, जैकब डफी, मंगेश यादव, जॉर्डन कॉक्स, विक्की ओस्तवाल, विहान मल्होत्रा, कनिष्क चौहान, सात्विक देसवाल।

# आईपीएल में ऑरेंज कैप पर सूर्यवंशी का कब्जा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के दूसरे क्वालिफायर में भले ही राजस्थान रॉयल्स का सफर समाप्त हो गया, लेकिन 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने पूरे टूर्नामेंट में अपने धमाकेदार प्रदर्शन से ऑरेंज कैप की दौड़ में बड़ा अंतर बना लिया। दूसरी ओर, गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा पर्पल कैप की रेस में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।



गुजरात टाइटंस के खिलाफ क्वालिफायर-2 में वैभव सूर्यवंशी ने 47 गेंदों में 96 रनों की विस्फोटक पारी खेली। हालांकि वह शतक से चूक गए, लेकिन इस पारी के साथ उन्होंने सीजन का समापन 776 रन के साथ किया। पूरे टूर्नामेंट में उनका स्ट्राइक रेट 237.30 रहा, जो किसी भी बल्लेबाज के लिए असाधारण माना जा रहा है।

सूर्यवंशी ने इस सीजन कई रिकॉर्ड तोड़े और लगातार बड़े स्कोर बनाकर खुद को आईपीएल का सबसे बड़ा युवा सितारा साबित किया। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने क्वालिफायर-2 में 53 गेंदों पर 104 रनों की कप्तानी पारी खेली। इस शतक के साथ उनके सीजन में कुल रन 722 हो गए हैं। वह सूर्यवंशी से 54 रन पीछे हैं, लेकिन उनके पास फाइनल मुकाबला खेलने का अवसर है।

वहीं, सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने 32 गेंदों में 58 रन बनाए और अपने कुल रन 710 तक पहुंचा दिए। सुदर्शन भी फाइनल में बड़ी पारी खेलकर ऑरेंज कैप की दौड़ को रोचक बना सकते हैं। हालांकि, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली 600 रन के साथ पीछे हैं और उनके लिए ऑरेंज कैप जीतना अब बेहद कठिन नजर आ रहा है। (अनंत ज्ञान)

**◆ गेंदबाजों में पर्पल कैप की रेस में रबाडा सबसे आगे**

# संगाकारा बोले-वैभव सूर्यवंशी की जल्द टीम इंडिया में होगी एंट्री

**एजेंसी, न्यू चंडीगढ़**



कुमार संगाकारा का मानना है कि 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी जल्द ही भारतीय टीम की जर्सी पहन सकते हैं। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच ने कहा कि आईपीएल 2026 में वैभव ने जिस निडर अंदाज में दुनिया के शीर्ष गेंदबाजों का सामना किया है, उससे साबित होता है कि वह बड़े मंच के लिए तैयार हैं।

क्वालिफायर-2 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार के बावजूद वैभव ने 47 गेंदों पर 96 रन की विस्फोटक पारी खेली। वह सीजन के ऑरेंज कैप विजेता भी रहे और पिछले चार मैचों में तीसरी बार 90 से ज्यादा रन बनाए।

संगाकारा ने कहा, 'वैभव ने अब तक जो प्रदर्शन किया है, उसे देखकर लगता है कि वह किसी भी चुनौती के लिए तैयार है। मुझे विश्वास है कि उसे जल्द ही भारतीय टीम से बुलावा मिलेगा।' उन्होंने वैभव की 96 रन की पारी को उनकी परिपक्वता का उदाहरण बताते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों और दबाव के बीच खेली गई यह पारी उनकी मैच समझ को दर्शाती है।

संगाकारा ने बताया कि राजस्थान रॉयल्स ने वैभव के विकास के लिए विशेष योजना बनाई है। फ्रेंचाइजी चाहती है कि युवा बल्लेबाज बिना दबाव के अपना स्वाभाविक और आक्रामक खेल जारी रखे।

उन्होंने कप्तान रियान पराग की भी सराहना की और कहा कि टीम ने पूरे सीजन में संघर्ष, धैर्य और जुझारूपन का शानदार परिचय दिया। (अनंत ज्ञान)

### महिला त्रिकोणीय टी20 सीरीज

# वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 25 रन से हराया

**एजेंसी, डबलिन**

कप्तान हेली मैथ्यूज, जैनिलिया ग्लासगो और चिनेल हेनरी की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने शुक्रवार को महिला त्रिकोणीय टी20 सीरीज में पाकिस्तान को 25 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आयरलैंड के खिलाफ पहला मुकाबला जीतने के महज 24 घंटे बाद वेस्टइंडीज ने एक और दमदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को मुकाबले में वापसी का मौका नहीं दिया।



पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज को शुरुआती झटका नहीं लगा और कप्तान हेली मैथ्यूज ने तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने केवल 20 गेंदों पर 40 रन बनाए, जिसमें नौ चौके शामिल थे। उनके आउट होने के बाद अनुभवी स्टेफनी टेलर ने पारी को संभालते हुए 39 रन का योगदान दिया।

मध्यक्रम और डेथ ओवरों में जैनिलिया ग्लासगो तथा चिनेल हेनरी ने पाकिस्तान के गेंदबाजों पर जमकर प्रहार किया। ग्लासगो ने 25 गेंदों पर 42 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि हेनरी 17 गेंदों पर नाबाद 33 रन बनाकर लौटीं। इन पारियों की बदौलत वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 199 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

200 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने पहले चार ओवरों में ही तीन विकेट गंवा दिए। चिनेल हेनरी ने मुनीबा अली और आयशा जफर को आउट कर पाकिस्तान को दबाव में ला दिया। हालांकि, इसके बाद सायरा जबीन ने 19 गेंदों पर 30 रन बनाकर पारी को संभालने का प्रयास किया। रमीम शमीम और इरम जावेद ने भी अच्छी शुरुआत की, लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल सकीं।

निचले क्रम में आलिया रियाज़ ने 28 गेंदों पर 37 रन और कप्तान फातिमा सना ने 14 गेंदों पर 27 रन की तेज पारी खेलकर मुकाबले को रोचक बनाने की कोशिश की, लेकिन वेस्टइंडीज की गेंदबाजी के सामने पाकिस्तान लक्ष्य से काफी दूर रह गया। पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 174 रन ही बना सकी और वेस्टइंडीज ने 25 रन की जीत के साथ अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप की बेटी टिफनी पति संग पहुंची आगरा, ताजमहल का किया दीदार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी टिफनी ट्रंप का भारत दौरा सुर्खियों में है। भले ही टिफनी ने इसे निजी दौरा बताया हो, लेकिन ट्रंप परिवार जुड़े होने की वजह से उनकी हर गतिविधि पर देश-विदेश की नजर टिकी हुई है। दिल्ली से आगरा और फिर जैसलमेर तक का उनका दौरा प्रस्तावित है। टिफनी ट्रंप अपने पति माइकल बूलोस के साथ भारत पहुंची हैं। दिल्ली में उन्होंने अक्षरधाम मंदिर के दर्शन किए और भारतीय संस्कृति की खूब तारीफ की। इसके बाद उनका ताजमहल देखने आगरा जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

दुनिया के सात अजूबों में शामिल ताजमहल विदेशी मेहमानों की पहली पसंद माना जाता है और ट्रंप परिवार का इससे पुराना जुड़ाव भी रहा है। जानकारी के मुताबिक, वह चार्टर्ड विमान से आगरा के खेरिया हवाई अड्डे पहुंचेंगी। अधिकारियों ने बताया कि टिफनी ट्रंप रविवार सुबह ताजमहल का दौरा करेंगी और उनके लगभग डेढ़ घंटे तक स्मारक में समय बिताने की योजना है। (अनंत ज्ञान)

## सीयूईटी परीक्षा में अव्यवस्था पर राहुल गांधी ने उठाए सवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी- 2026) में शनिवार को परीक्षा को लेकर अव्यवस्था पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि नीट, सीबीएसई, एसएससी और अब सीयूईटी, चार परीक्षाएं, एक करोड़ बच्चे, लेकिन एक भी परीक्षा सुचारु रूप से नहीं हो पाई।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सर्वश्रेष्ठ होने का दावा करती है, जबकि देश में एक परीक्षा भी ठीक से आयोजित नहीं कर पा रही है और पूरी शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। राहुल ने यह भी कहा कि जिस पीढ़ी का भविष्य नष्ट किया जा रहा है, वही पीढ़ी आगे चलकर सरकार से जवाब मांगेगी। उल्लेखनीय है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सीयूईटी के पहले दिन भारी अव्यवस्था देखने को मिली। शनिवार सुबह की पाली की परीक्षा करीब सवा दो घंटे की देरी से शुरू हो सकी, क्योंकि ऑनलाइन प्रश्नपत्र अपलोड नहीं हो पाए। जयपुर सहित देशभर के कई परीक्षा केंद्रों पर यह समस्या रही। केंद्रों पर स्पष्ट जानकारी न मिलने से अभ्यर्थी और अभिभावक असमंजस में रहे। (अनंत ज्ञान)

# एक से 30 जून तक देशभर में चलेगा खेत बचाओ अभियान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान में देशभर में एक जून से खेत बचाओं अभियान की शुरुआत हो रही है। इसको लेकर शनिवार को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उच्च स्तरीय बैठक कर अभियान का फोकस संतुलित एवं विवेकपूर्ण उर्वरक उपयोग, मौसम की चुनौती के मद्देनजर समय पर किसान सलाह, पंचायत स्तर पर सक्रिय भागीदारी और योजनाओं के लाभ को सीधे गांव तक पहुंचाने पर रखने की बात कही।



बैठक में चौहान ने सबसे महत्वपूर्ण बिंदु के रूप में इस बात पर बल दिया कि रासायनिक उर्वरकों, विशेषकर असंतुलित उपयोग को कम करना अभियान का प्रमुख उद्देश्य होगा। किसानों को मृदा परीक्षण आधारित, संतुलित और सही मात्रा में खाद तथा अन्य कृषि इनपुट के उपयोग के बारे में जागरूक करने, हरी खाद, जैविक और जैव-उत्पादों के उपयोग को बढ़ाने तथा एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के प्रदर्शन आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है।

कृषि मंत्री ने बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि आने वाले समय को लेकर जो मौसम संबंधी चिंता जताई जा रही है, उसके मद्देनजर किसानों को व्यावहारिक सलाह दी जाएगी कि वे क्या करें, क्या न करें, कौन-सी फसल लें, कहां फसल विविधीकरण अपनाएं और कम पानी या जोखिम की स्थिति में कौन-से विकल्प बेहतर रहेंगे। अभियान का उद्देश्य केवल संदेश देना नहीं, बल्कि खेत-स्तर पर किसान को स्थिति-विशेष के अनुरूप सलाह देना होगा।

बैठक में यह भी कहा कि पंचायत स्तर पर इस अभियान को मजबूत आधार दिया जाएगा। पंचायत स्तर पर मैकेनाइजेशन की मशीनों का वितरण, योजनाओं का लाभ भी इसी अभियान के अंतर्गत जोड़ने के लिए शिवराज सिंह ने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अभियान को केवल विभागीय दायरे में सीमित नहीं रखा जाएगा। (अनंत ज्ञान)




### ट्रंप बोले-परमाणु समझौते के करीब हैं दोनों देश, तेहरान ने दावे को किया खारिज

# अमेरिका-ईरान 300 अरब डॉलर के प्रस्ताव पर आमने-सामने

**एजेंसी, तेल अवीव/वॉशिंगटन**

अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित 60 दिन के युद्धविराम समझौते को लेकर नई जानकारी सामने आई है। रिपोर्टों के मुताबिक, समझौते की शर्तों में ईरान के लिए 300 अरब डॉलर (करीब 28.5 लाख करोड़ रुपए) के फंड और अमेरिकी कंपनियों के निवेश का प्रस्ताव शामिल है। एक ईरानी अधिकारी ने इसे देश के पुनर्निर्माण (रीकंस्ट्रक्शन) कार्यक्रम का हिस्सा बताया है।



इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि दोनों देश परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौते के करीब हैं। ट्रंप के अनुसार, प्रस्तावित डील के तहत ईरान परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा और उसके संवर्धित (एनरिच्ड) यूरेनियम को नष्ट किया जाएगा। हालांकि, ईरान ने ट्रंप के दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने कहा कि परमाणु मुद्दे पर कोई बातचीत नहीं हो रही है। वहीं, ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी ने भी सूत्रों के हवाले से दावा किया कि समझौते के मसौदे में परमाणु सामग्री को नष्ट करने जैसी कोई शर्त शामिल नहीं है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के पूर्व कमांडर मोहसिन रेजाई ने ट्रंप पर कूटनीति से विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि समुद्री नाकेबंदी जारी रखने और बातचीत में अतिरिक्त शर्तें रखने से यह स्पष्ट होता है कि अमेरिका समझौते के बजाय किसी अन्य रणनीति पर काम कर रहा है।

वहीं, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप धैर्य के साथ वार्ता को आगे बढ़ा रहे हैं और उनका लक्ष्य ऐसा समझौता सुनिश्चित करना है जिससे ईरान परमाणु हथियार हासिल न कर सके। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि सहमति न बनने की स्थिति में सैन्य विकल्प भी खुला है।

उधर, दक्षिणी लेबनान में इसराइली हवाई हमलों में तीन लोगों की मौत और एक दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। (अनंत ज्ञान)

# राजस्थान के 4 जिलों में रेतीला बवंडर, दिन में छाया अंधेरा



**एजेंसी, जयपुर**

राजस्थान के 4 जिलों चूरू, श्रीगंगानगर, बीकानेर और सीकर में शनिवार दोपहर रेतीला तूफान आया है। इसके कारण दिन में ही अंधेरा छा गया। यहां 60-80 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली है। दरअसल, पाकिस्तान से उठे तूफान का असर राजस्थान के बॉर्डर वाले जिलों पर हुआ है।

तूफान के कारण दिन में लोगों को वाहनों की हेडलाइट जलानी पड़ गई। इसके कई वीडियो सामने आए हैं। इनमें लोग भागकर घरों में जाते दिखे और घरों को बंद कर लिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसा रेतीला तूफान पहले कभी नहीं देखा। उदयपुर सहित कई जिलों में शनिवार सुबह बारिश हुई। बॉर्डर वाले जिले श्रीगंगानगर में सुबह करीब 11 बजे आई आंधी के कारण शहर में धूल छा गई।

कई जगह रेत का बवंडर जैसा सीन नजर आया। ऐसा ही नजारा चूरू और बीकानेर में भी दिखा। धूल का गुबार सीकर जिले के फतेहपुर और लक्ष्मणगढ़ एरिया में भी छाया। (अनंत ज्ञान)

# पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में लाहौल में हुआ कुल 69.60 प्रतिशत मतदान

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, केलांग।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) लाहौल स्पीति किरण भड़ाना ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के अंतर्गत शनिवार को विकास खंड लाहौल के अंतर्गत 10 ग्राम पंचायतों के विभिन्न वार्डों में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला तथा पुरुष एवं महिला मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण के तहत कुल 69.60 प्रतिशत मतदान हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 4036 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें 2032 पुरुष एवं 2004 महिला मतदाता शामिल हैं। दोपहर 3 बजे तक कुल 2809 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिनमें लगभग 1446 पुरुष एवं 1373 महिला मतदाता शामिल रहे।

उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत मडग्रां में 76.20, शकोली में 74, किशोरी में 70.81, जहालमां में 62.82, शांशा में 69, मालंग में 58, तांदी में 62, खंगसर में 74, बरबोग में 73, शूलिंग में 65.23 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। मतदान प्रक्रिया के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुरक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह चाक-चौबंद रही।

# घाटी के कंढा बूथ पर पोलिंग टीम ने पेश की संस्कृति व कर्तव्य की अनूठी मिसाल

## सैंज में देवता गर्ग ऋषि की माटी का मान, फर्श पर बैठकर पोलिंग अफसरों ने रचा इतिहास

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला कुल्लू की सैंज घाटी से लोकतंत्र और प्राचीन देवसंस्कृति की भागीदारी की एक बेहद खूबसूरत और अनूठी तस्वीर सामने आई हैं। घाटी की तलाड़ा पंचायत के वार्ड नंबर एक स्थित कंढा मतदान केंद्र में पोलिंग पार्टी ने देव परंपरा का मान रखते हुए बिना कुर्सी-टेबल के, फर्श पर बैठकर ही मतदान प्रक्रिया को संपन्न करवाया।

आधुनिकता के इस दौर में प्राचीन मान्यताओं के प्रति पोलिंग टीम का यह समर्पण पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है।सोशल मीडिया में यह तस्वीरें खूब वायरल हो रही हैं। कण्ढा मतदान केंद्र पर तैनात पोलिंग टीम के प्रीज़ाईडिंग ऑफिसर मनोज महाजन, पोलिंग ऑफिसर मनोज शर्मा, सोमदत्त व चरणजीत और सुरक्षा कर्मी भागादेई व ईश्वर दास ने बिना किसी झिझक के कमरे के फर्श पर ही अपना बूथ सजा लिया। पूरी टीम दिनभर ज़मीन पर बैठकर ही मतदाताओं के पहचान पत्र जांचने से लेकर वोट डलवाने तक की सारी कागजी और तकनीकी औपचारिकताएं पूरी करती रही। पोलिंग टीम के इस संवेदनशील और सम्मानजनक फैसले से गदगद होकर क्षेत्रवासी उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। वहीं, टीम का कहना है कि हमारे लिए चुनाव ड्यूटी के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति का सम्मान करना भी बेहद जरूरी है। देव भूमि हिमाचल की इस खूबसूरत परंपरा का हिस्सा बनकर हमें गर्व महसूस हो रहा है।

उधर,,चुनाव टीम द्वारा स्थानीय देव संस्कृति को इतना बड़ा महत्व दिए जाने का असर मतदान के आंकड़ों पर भी सकारात्मक रूप से देखने को मिला। पोलिंग पार्टी के इस कदम से कण्ढा गांव के ग्रामीण बेहद प्रभावित और भावुक नजर आए। इसी का नतीजा रहा कि क्षेत्रवासियों ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया और भारी संख्या में मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह वाकया साबित करता है कि जब लोकतंत्र और लोक-संस्कृति एक साथ मिलते हैं, तो वह व्यवस्था और भी खूबसूरत हो जाती है।



### देवता गर्ग ऋषि के सम्मान में लिया फैसला

**दरअसल,** कंढा गांव के एक विशेष क्षेत्र में सदियों पुरानी देव प्रथा चली आ रही है। स्थानीय मान्यताओं और देव आदेश के अनुसार, इस क्षेत्र की सीमा के भीतर किसी भी व्यक्ति का कुर्सी पर बैठना और पलंग पर सोना पूरी तरह से वर्जित है। यह पाबंदी कुलदेवता गर्ग ऋषि के सम्मान में रखी जाती है। जैसे ही चुनाव करवाने पहुंची पोलिंग पार्टी को इस प्राचीन देव परंपरा और स्थानीय लोक-मान्यता का पता चला, तो उन्होंने आधुनिक सुख-सुविधाओं को छोड़कर इस परंपरा का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का ऐतिहासिक फैसला लिया।

# 23 वर्ष की उम्र में चंद्रेश ठाकुर बने बागा सराहन पंचायत के उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, आनी।** निरमंड विकास खंड की ग्राम पंचायत बागा सराहन में हुए पंचायत चुनाव में युवा उम्मीदवार चंद्रेश ठाकुर ने उपप्रधान पद पर शानदार जीत दर्ज की है। मात्र 23 वर्ष की आयु में उपप्रधान निर्वाचित होकर उन्होंने युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उपप्रधान पद के लिए कुल पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। मतगणना में चंद्रेश ठाकुर को 429 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी रमेश को 241 मत मिले। इस प्रकार चंद्रेश ने 188 मतों के बड़े अंतर से जीत हासिल की। ढलेर गांव निवासी चंद्रेश ठाकुर छात्र राजनीति से उभरकर सार्वजनिक जीवन में सक्रिय हुए हैं। वे लंबे समय से क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और जनहित के मुद्दों को प्रशासन के समक्ष उठाते रहे हैं। इसके साथ ही वे कई सामाजिक संगठनों और गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीओ) में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। क्षेत्रवासियों का कहना है कि चंद्रेश ने हमेशा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी है और उनकी सक्रियता तथा समाजसेवा को देखते हुए जनता ने उन पर भरोसा जताया है।जीत के बाद चंद्रेश ठाकुर ने पंचायत की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत पूरे क्षेत्र की जनता की जीत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पंचायत के समग्र विकास, युवाओं के हितों और जनसमस्याओं के समाधान के लिए वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे।



# दोस्ती की मिसाल: लगवैली नदी में डूबते साथी को बचाया, पर खुद जिंदगी की जंग हार गया निखिल

अनंत ज्ञान

- कुल्लू की लगवैली घाटी के खलाड़ानाला में घटी हृदयविदारक घटना
- शिरढ़ मेले से लौट रहे थे दोस्त

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की लगवैली घाटी के खलाड़ानाला में दोस्ती और साहस की एक ऐसी मिसाल देखने को मिली, जिसने हर किसी की आंखें नम कर दीं। यहां एक 25 वर्षीय युवक ने नदी में डूब रहे अपने दोस्त की जान बचाने के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी। उसने सूझबूझ और बहादुरी से अपने साथी को तो सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन खुद नदी के तेज बहाव और गहरे पानी की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान निखिल कुमार (25) पुत्र कमल किशोर, निवासी गांव हवाई (डाकघर शियाह), तहसील भुंतर, जिला कुल्लू के रूप में हुई है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, निखिल कुमार अपने दोस्तों के साथ शिरढ़ मेले से लौट रहा था। वापसी के दौरान सभी युवक खलाड़ानाला के पास लगवैली नदी के समीप रुके और नदी में नहाने लगे। इसी बीच अचानक उसका एक साथी नदी के गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथी को संकट में देख निखिल ने अपनी परवाह किए बिना उसे बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। उसने अपने दोस्त को तो सुरक्षित बाहर खींच लिया, लेकिन तेज बहाव और अत्यधिक गहराई होने के कारण वह खुद को संभाल नहीं पाया और पानी में डूब गया।युवक को डूबता देख मौके पर मौजूद अन्य लोगों और स्थानीय परियोजना के कर्मचारियों ने तुरंत तत्परता दिखाई। उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद निखिल को नदी से बाहर निकाला और उपचार के लिए तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस टीम ने तुरंत मौके और अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

> **खलाड़ानाला** में एक युवक के डूबने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर रवाना हो गई थी। शव को कब्जे में लेकर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में उसका अंत्यपरीक्षण (पोस्टमार्टम) करवाया गया है। चिकित्सीय रिपोर्ट के अनुसार, मृत्यु का कारण पानी में डूबने की वजह से सांस रुकना पाया गया है। परिजनों और घटना के समय मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। प्रारंभिक जांच में किसी भी तरह की संदिग्ध परिस्थिति सामने नहीं आई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है।पुलिस ने नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई है।
>
> **-मदन लाल कौशल, पुलिस अधीक्षक कुल्लू।**

# महिला सशक्तिकरण की मिसाल बना बंजार प्रशासन

## महिलाएं संभालेंगी मतगणना की बागडोर, मतगणना टेबल पर दिखेगा महिला शक्ति का दम



मतगणना की कमान संभालने वाली महिला शक्ति के साथ एसडीएम बंजार व गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बंजार।** प्रदेश पंचायतीराज चुनाव-2026 के तहत उपमण्डल बंजार में इस बार एक नई पहल देखने को मिली है। जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना प्रक्रिया में पहली बार महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्र रूप से मतगणना कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्रशासन की इस पहल को महिला सशक्तिकरण और प्रशासनिक कार्यों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।जानकारी के अनुसार मतगणना केंद्र में तीन मतगणना टेबल महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवंटित की गई हैं, जहां वे पूरी जिम्मेदारी के साथ मतगणना कार्य संपन्न करेंगी।

इसके अलावा चार महिला अधिकारियों को रिजर्व ड्यूटी पर भी तैनात किया गया है। मतगणना कार्य को सुचारू, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष पूर्वाभ्यास भी आयोजित किया गया। शुक्रवार को आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतगणना प्रक्रिया, मतपत्रों की गणना, अभिलेख संधारण तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी बंजार पंकज शर्मा ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक समावेशी तथा सशक्त बनेगी।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महिला अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उपमण्डल प्रशासन बंजार का यह प्रयास महिलाओं के नेतृत्व, क्षमता और प्रशासनिक दक्षता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक पहल माना जा रहा है।

# ग्राम पंचायत हलाण-2 में दोस्ती और विकास की नई जुगलबंदी

अनंत ज्ञान



- दोनों मित्र प्रधान कमल कांत और उपप्रधान ललित शर्मा संभालेंगे पंचायत की कमान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू में पंचायतीराज चुनाव के दूसरे चरण के हलाण-2 पंचायत चुनाव के नतीजों ने पूरे क्षेत्र में उत्साह और नई उम्मीदों की एक लहर दौड़ा दी है। इस बार जनता ने विकास की कमान दो ऐसे कंधों पर सौंपी है, जो न केवल समाज सेवा में हमेशा आगे रहते हैं, बल्कि आपस में बेहद गहरे मित्र भी हैं। ग्रामीणों ने भारी समर्थन के साथ कमल कांत को पंचायत का नया प्रधान और ललित शर्मा को उपप्रधान चुनकर इतिहास रच दिया है।

कांग्रेस विचारधारा से प्रेरित यह युवा और ऊर्जावान जोड़ी अपनी अटूट दोस्ती और समाज के प्रति सेवा भाव के लिए पूरे क्षेत्र में जानी जाती है। चुनाव नतीजों के बाद से ही समर्थकों और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि इन दोनों मित्रों के बीच का बेहतरीन तालमेल और आपसी समझ आने वाले समय में पंचायत की तस्वीर बदलने में अहम भूमिका निभाएगी। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कमल कांत और ललित शर्मा की यह जोड़ी पंचायत की अधूरी उम्मीदों को पूरा करने और विकास कार्यों को धरातल पर एक नई उड़ान देने के लिए पूरी तरह सक्षम है। युवाओं के हाथ में कमान आने से क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं जैसे सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के स्तर में बड़े सुधार की आस जग गई है। इस नई, विजनरी और ऊर्जावान टीम को उनके शानदार भविष्य और नए कार्यकाल के लिए क्षेत्रवासियों द्वारा हार्दिक शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

# मनाली में ओवरटेक को लेकर विवाद, दराट से ट्रक पर हमला कर चालक को धमकाया

अनंत ज्ञान



**मनाली।** कुल्लू-मनाली में पर्यटन सत्र (सीजन) शुरू होते ही हुड़दंगियों का उत्पाद भी बढ़ने लगा है। ताजा मामले में मनाली के रांगड़ी क्षेत्र में ओवरटेक करने को लेकर एक गाड़ी चालक ने न केवल ट्रक का रास्ता रोका, बल्कि दराट (धारदार हथियार) निकालकर ट्रक का शीशा तोड़ दिया और चालक को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।पुलिस को सौंपी शिकायत में कुल्लू निवासी प्रेम चंद ने बताया कि जब वह अपने ट्रक में टाइलें लादकर कुल्लू से लेह की ओर जा रहा था। उसके साथ ट्रक में सह-चालक (कंडक्टर) ठाकुर दास भी मौजूद था। जब उनका ट्रक होटल नीलम रांगड़ी के पास पहुंचा, तो पीछे से आ रही एक गाड़ी के चालक संजय कुमार (निवासी मनाली) ने लापरवाही से ओवरटेक किया।

आरोपी ने ट्रक के आगे अपनी गाड़ी अड़ाकर उसका रास्ता रोक दिया और नीचे उतरकर गाली-गलौज तथा बहसबाजी करने लगा।शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपी संजय कुमार ने पहले ट्रक की खिड़की खोलने की कोशिश की। जब वह इसमें सफल नहीं हुआ, तो उसने अपनी गाड़ी की डिक्की से एक दराट निकाला और ट्रक की चालक (ड्राइवर) वाली दिशा के शीशे पर वार कर उसे तोड़ दिया। इसके बाद आरोपी ट्रक की चाबी निकालकर मौके से भाग गया। इस पूरी घटना को वहां मौजूद सुरेश और राकेश कुमार नामक व्यक्तियों ने भी देखा। गनीमत यह रही कि इस हमले में ट्रक चालक और उसके साथी को कोई चोट नहीं आई है।मनाली थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी संजय कुमार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 352, 324(2) और 351(2) के तहत अभियोग पंजीकृत (केस दर्ज) कर लिया है। पुलिस मामले की आगामी जांच कर रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

# नग्गर की पारंपरिक वास्तुकला व मंदिरों का किया अध्ययन

## 5 दिवसीय कार्यक्रम के तहत पहुंचे अमिटी स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग नोएडा के 56 छात्र

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** अमिटी स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग नोएडा के 56 विद्यार्थियों ने 26 मई से 30 मई तक नग्गर में रहकर क्षेत्र की पारंपरिक वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत का विस्तृत अध्ययन किया।

इस अध्ययन यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने मुरलीधर कृष्ण मंदिर, त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, चतुर्भुज विष्णु मंदिर, जगतीपट मंदिर, गौरी शंकर मंदिर तथा क्षेत्र के पारंपरिक काठ-कुणी घरों का वास्तुशिल्पीय अध्ययन और दस्तावेजीकरण किया। इन धरोहर स्थलों की संरचना, निर्माण तकनीक, कलात्मक विशेषताओं और सांस्कृतिक महत्व को रिकॉर्ड किया गया। यह अध्ययन यात्रा डॉ. देवेंद्र प्रताप सिंह, निदेशक, अमिटी स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। वास्तुकला के साथ-साथ विद्यार्थियों ने हिमालयी संस्कृति, धार्मिक परंपराओं, स्थानीय जीवनशैली, जैव विविधता (वनस्पति एवं जीव-जंतु) तथा मानव और प्रकृति के संबंधों का भी अध्ययन किया।इस शैक्षणिक भ्रमण का समन्वय आर्किटेक्ट वरिष पंचाल, आर्किटेक्ट लुव्दित्य खुराना और आर्किटेक्ट तविशी राणा द्वारा किया गया।

विद्यार्थियों ने पिछले पांच दिनों में विभिन्न स्थलों पर माप-चित्र, फोटोग्राफी, स्केचिंग, मैपिंग और विस्तृत प्रलेखन का कार्य किया। विभिन्न स्थलों पर छात्र समूहों का नेतृत्व तेनजिन ल्हाकपा, घनिष्ठा वर्ष्णेय, कृष्णा शर्मा, पावनी बुधिया, प्रांजित बोरा और मिष्टी मित्तल ने किया, जिन्होंने अपने-अपने समूहों के साथ दस्तावेजीकरण कार्य को सफलतापूर्वक संचालित किया।इस अध्ययन यात्रा के लिए स्थानीय समन्वय और सहयोग बृघु आचार्य एवं हिमालयन ब्रदर्स एडवेंचर नग्गर द्वारा प्रदान किया गया।

इस पहल ने विद्यार्थियों को हिमालयी पारंपरिक वास्तुकला, विशेष रूप से काठ-कुणी निर्माण शैली, को समझने का अवसर दिया, जो स्थानीय पत्थर और लकड़ी से निर्मित होने के साथ-साथ भूकंपरोधी एवं पर्यावरण अनुकूल मानी जाती है।इस अवसर पर बृघु आचार्य, हिमालयन ब्रदर्स एडवेंचर ने कहा, 'नग्गर हिमालयी संस्कृति, वास्तुकला और पारंपरिक ज्ञान का एक जीवंत केंद्र है। हमें प्रसन्नता है कि देश के युवा विद्यार्थी यहां आकर हमारी धरोहर का अध्ययन और दस्तावेजीकरण कर रहे हैं। ऐसे प्रयास हमारी सांस्कृतिक और वास्तुकला विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।' यह परियोजना हिमालयी पारंपरिक वास्तुकला पर शोध को बढ़ावा देने के साथ-साथ विद्यार्थियों, स्थानीय समुदायों और सांस्कृतिक विरासत के बीच सार्थक संवाद स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।



नग्गर-कैसल में अमिटी स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग नोएडा से आए विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

# पोक्सो मामले में दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू की सत्र न्यायाधीश (पोक्सो अधिनियम के तहत विशेष न्यायाधीश) प्रकाश चंद राणा की अदालत ने एक मामले में दोषी को कड़ा दंड सुनाया है। अदालत ने जिला कुल्लू के आरोपी ठाकुर दास पुत्र डोला राम को भारतीय दंड संहिता की धारा 376(3) और पोक्सो अधिनियम की धारा 4 के तहत दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोषी पर 50,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न भरने की स्थिति में दोषी को 2 वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

घटनाक्रम के अनुसार, पीड़िता के पिता ने घटना की जानकारी पुलिस को दी कि 11 अक्तूबर 2022 को जब पीड़ित बच्ची के माता-पिता खेतों में गए हुए थे, तब आरोपी ने बच्ची को बहला-फुसलाकर स्थानीय दुकान से बीड़ी और खैनी लाने को कहा। जब बच्ची सामान लेकर आई, तो आरोपी ने उसे अपने कमरे में ले जाकर उसके साथ इस घिनौने कृत्य को अंजाम दिया। माता-पिता को पीड़ित बच्ची ने आपबीती सुनाई, जिसके बाद 12 अक्टूबर 2022 को पीड़िता के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना सैंज, जिला कुल्लू में प्राथमिकी संख्या 66/2022 दर्ज की गई थी। इस मामले पर सैंज पुलिस ने गहनता से जांच की, तफ्तीश के दौरान पुलिस ने आरोपी और पीड़ित बच्ची के आवश्यक वैज्ञानिक नमूने एकत्र कर जांच के लिए भेजे थे। प्रयोगशाला से प्राप्त डीएनए रिपोर्ट ने इस वारदात की पूरी तरह से पुष्टि की, जिससे अभियोजन पक्ष का मामला मजबूत हो गया। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने माननीय अदालत के समक्ष चार्जशीट पेश की। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने दोष सिद्ध करने के लिए अदालत में कुल 15 गवाहों के बयान दर्ज करवाए। मजबूत वैज्ञानिक साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर माननीय न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए यह ऐतिहासिक सजा सुनाई है।

# जिया संगम में वैज्ञानिक ड्रेजिंग कार्य का ऐतिहासिक शुभारंभ

अनंत ज्ञान

- पायलट परियोजना से मिलेगा दीर्घकालिक नीति सुधार का आधार

**भुंतर।** कुल्लू जिले के जिया संगम (साइट संख्या-3 डाउनस्ट्रीम) में वैज्ञानिक ड्रेजिंग कार्य का औपचारिक शुभारंभ कर दिया गया है। यह पहल सतत और वैज्ञानिक नदी प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

उपायुक्त अनुराग चन्द्र शर्मा ने बताया कि यह परियोजना न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक मॉडल के रूप में विकसित की जा रही है, जिसका उद्देश्य नदी तल से सामग्री का वैज्ञानिक निष्कर्षण, तलछट प्रबंधन और बाढ़ जोखिम को कम करना है। इस परियोजना के तहत व्यास नदी तंत्र के संवेदनशील क्षेत्रों में जल प्रवाह को संतुलित करने और आधारभूत संरचनाओं जैसे पुलों, सड़कों और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों पर पड़ने वाले दबाव को कम करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ड्रेजिंग कार्य शुरू करने से पहले सभी आवश्यक वैधानिक स्वीकृतियां, वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत अनुमतियां तथा तकनीकी मंजूरियां प्राप्त की गई हैं। परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में स्टेट फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने निविदा प्रक्रिया से लेकर क्रियान्वयन तक सभी औपचारिकताओं को पूरा किया है। यह साइट एक पायलट परियोजना के रूप में चुनी गई है, जिसके अंतर्गत कुल 9 साइटों पर कार्य प्रस्तावित है। वर्ष 2026 के मानसून से पहले लगभग 1.25 लाख मीट्रिक टन तलछट सामग्री निकालने का लक्ष्य रखा गया है। जिया संगम साइट से लगभग 8,333 मीट्रिक टन सामग्री 1.46 हेक्टेयर क्षेत्र से निकाली जाएगी। प्रशासन का मानना है कि इस पहल से न केवल बाढ़ जोखिम में कमी आएगी, बल्कि अवैध खनन पर नियंत्रण, वैज्ञानिक उपयोग और राजस्व वृद्धि जैसे लाभ भी मिलेंगे। इस अवसर पर वन, खनन, राजस्व, जल शक्ति, लोक निर्माण विभाग व राज्य विद्युत बोर्ड के समन्वित प्रयासों की सराहना की गई।

**प्रदर्शनी** नग्गर रोरिक ट्रस्ट में अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की कला प्रदर्शनी का आगाज

# 60 से अधिक कृतियों की लगी प्रदर्शनी

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नगर में मुंबई के पांच ख्यातिप्राप्त अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की एक भव्य कला प्रदर्शनी का शानदार आगाज हुआ है। इस प्रदर्शनी में प्रसिद्ध कलाकार मधुकर महाजन, मनोहर महाजन, अनिल कौंडिन्य, अजय ओवल और देवदत्त गोडे की उत्कृष्ट कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है।

प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन रोरिक ट्रस्ट की रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना और भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा ने पारंपरिक रूप से रिबन काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस खास अवसर पर रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिना, स्थानीय गणमान्य लोग, रशियन पर्यटक, अमरजीत और झाबे राम सहित सभी कलाकार उपस्थित रहे। यह प्रदर्शनी दर्शकों के लिए आगामी 1 जून, 2026 तक खुली रहेगी। भारतीय संस्कृति और ग्रामीण जीवन के विविध रंगों से सजीं 60 से अधिक कलाकृतियां इस कला प्रदर्शनी में भारत के विभिन्न प्रांतों के प्राकृतिक दृश्यों, संस्कृति, शिल्प, मानव आकृतियों और ग्रामीण जीवन को बेहद जीवंत ढंग से उकेरा गया है।

महाराष्ट्र सरकार द्वारा दो बार राज्य पुरस्कार से सम्मानित कलाकार मधुकर महाजन के जलरंग (वाटरकलर) चित्र, प्राकृतिक दृश्य और ग्रामीण मानव आकृतियां दर्शकों को काफी आकर्षित कर रही हैं, जो स्कूल के छात्रों का मार्गदर्शन भी करते हैं। वहीं मनोहर महाजन द्वारा बनाए गए जलरंग चित्र, समुद्र, ऐतिहासिक किले और प्राकृतिक नजारे उनकी कलात्मक श्रेष्ठता को दर्शाते हैं।कलाकार अनिल कौंडिन्य के चित्रों में देहाती औरत, ग्रामीण जीवन और अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की सुंदरता देखते ही बनती है, जबकि अजय ओवल ने गांव के जीवन, जलाशयों और नैसर्गिक दृश्यों को बेहद मनमोहक रूप में प्रस्तुत किया है। प्रदर्शनी का एक मुख्य आकर्षण मात्र 17 वर्ष के युवा चित्रकार देवदत्त गोडे हैं, जिनके चारकोल और ड्राइंग से बने बेहतरीन चित्रों को दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं।

भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा ने बताया कि कुल्लू के उपायुक्त (जिलाधीश) एवं रोरिक ट्रस्ट के निदेशक अनुराग चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में रोरिक आर्ट गैलरी में इस तरह के आयोजन लगातार होते रहते हैं, जो नए कलाकारों को एक बेहतरीन मंच प्रदान करते हैं। प्रदर्शनी में लगभग 60 बड़े चित्र और कई लघु चित्र प्रदर्शित किए गए हैं। सभी कलाकारों ने इस सफल आयोजन के लिए रोरिक ट्रस्ट के प्रबंधन वर्ग का आभार व्यक्त किया है।



प्रदर्शनी के शुभारंभ मौके पर गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

# दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने कुल्लू में निकाली भव्य मंगल कलश यात्रा

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित रथ मैदान में 30 मई से 5 जून तक दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसका समय शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक रहेगा। कथा के उपलक्ष्य में शनिवार को रघुनाथ मंदिर सुल्तानपुर से विशाल मंगल कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा से पहले महेश्वर सिंह (भगवान रघुनाथ जी के छड़ीबरदार) व कारदार दानवेंद्र सिंह ने पूजन किया। कलश यात्रा का शुभारंभ महेश्वर सिंह और दानवेन्द्र सिंह ने परिवार सहित पूजन कर किया। कलश यात्रा में साध्वी गार्गी भारती,साध्वी सोनिया भारती, साध्वी श्वेता भारती और साध्वी विष्णु अर्चना भारती विशेष रूप से उपस्थित रहे।कलश यात्रा में 201 सौभाग्यवती माताओं बहनों ने मंगल कलश को धारण कर हिस्सा लिया। कलश यात्रा में युवा भाई बहन भी शामिल हुए जो हाथों में नशा न करें, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, गो सेवा आदि संदेश देते हुए स्लोगन लेकर चल रहे थे। सनातन धर्म के जयकारों से सारा वातावरण राममय हो गया।

कलश यात्रा सिद्ध श्री रघुनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर सुल्तानपुर, सरवरी, लोअर ढालपुर से होते हुए कथा स्थल पहुंची। कर्मचंद ठाकुर ने परिवार सहित कलश स्थापना पूजन में हिस्सा लिया। स्थानीय लोगों ने कलश यात्रा का अभिनंदन पुष्प वर्षा और प्रभु भगतों को प्रसाद वितरण कर किया। स्वामी धीरानंद ने बताया कि सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए संस्थान पूरे विश्व में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।

# सोलन में मौसम ने बदला अपना मिजाज, तापमान में आई गिरावट

## हल्की बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत और जंगलों की आग हुई शांत

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान ,सोलन**





पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी की मार झेल रहे सोलन जिला के लोगों को मौसम के बदले मिजाज ने बड़ी राहत दी। सोलन में हुई हल्की से मध्यम बारिश के कारण तापमान में करीब 7 से 8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं बद्दी और नालागढ़ में तेज बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। मौसम में आए बदलाव के चलते अधिकतम तापमान घटकर 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इससे पूरे क्षेत्र का मौसम सुहावना हो गया। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से सोलन में तापमान 34 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ था, जिसके कारण लोग भीषण गर्मी से परेशान थे।

बारिश का सबसे सकारात्मक असर सोलन, कसौली और धर्मपुर क्षेत्र के जंगलों में देखने को मिला, जहां पिछले दिनों से धधक रही आग काफी हद तक शांत हो गई। जंगलों में लगी आग से वन संपदा और वन्य जीवों को नुकसान पहुंचा है, लेकिन बारिश ने आग के फैलाव पर रोक लगाने में मदद की है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आने वाले दिनों में भी बारिश का सिलसिला जारी रहता है तो जंगलों में आग लगने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।

बारिश किसानों के लिए भी राहत लेकर आई है। लगातार पड़ रही तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण नकदी फसलें, विशेषकर फ्रांसबीन, शिमला मिर्च और टमाटर की पौध प्रभावित हो रही थी। कई क्षेत्रों में पौध सूखने लगी थी, लेकिन बारिश से खेतों में नमी बढ़ी है और किसानों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद जगी है। आने वाले दिनों का मौसम: मौसम विभाग के अनुसार 31 मई को हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। इस दौरान अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। वहीं 1 से 4 जून तक आसमान में बादल छाए रहने और बीच-बीच में हल्की बारिश होने के आसार हैं। हालांकि इस दौरान तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो सकती है और अधिकतम तापमान 27 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

# मतदान केंद्रों पर उमड़ा उत्साह, बुजुर्गों और युवाओं ने बढ़ाया लोकतंत्र का मान

## मतदान केंद्रों पर दिखे उत्साह और जागरूकता ने सिरमौर में लोकतंत्र की मजबूत तस्वीर पेश की

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर में पंचायती राज चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण के मतदान में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाया। जिले में दोपहर 11 बजे तक कुल 48.35 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पुरुष मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 49.87 प्रतिशत जबकि महिलाओं का मतदान प्रतिशत 46.67 प्रतिशत रहा।

उपमंडलवार आंकड़ों पर नजर डालें तो कमरऊ विकास खंड में सबसे अधिक 54.95 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसके बाद शिलाई में 51.71 प्रतिशत, पांवटा साहिब में 49.36 प्रतिशत, राजगढ़ में 48.58 प्रतिशत तथा संगड़ाह में 47.81 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं ददाहू में 45.70 प्रतिशत, पच्छाद में 45.59 प्रतिशत और नाहन विकास खंड में 43.39 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। तीसरे चरण के मतदान के दौरान बुजुर्गों, दिव्यांगों और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं ने भी लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था का परिचय दिया। नागल गांव की 85 वर्षीय जय देवी, जामनीवाला पंचायत की 85 वर्षीय निर्मल कौर, 77 वर्षीय अमृत कौर तथा देवनी पंचायत के खदरी गांव की सुखदेवी ने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और युवा पीढ़ी को मतदान का संदेश दिया।



उम्र और चुनौतियों को मात देकर मतदान करते बुजुर्ग व दिव्यांग

अनंत ज्ञान

वहीं सेनवाला पंचायत के मोहम्मद इकराम ने अपनी जिंदगी का पहला वोट डालते हुए लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। इसी पंचायत के 62 वर्षीय शारीरिक रूप से अक्षम रामगोपाल ने भी मतदान केंद्र पहुंचकर अपना वोट डाला और यह साबित किया कि लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी किसी भी शारीरिक चुनौती से बड़ी होती है।

दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर दुर्गम पहाड़ी इलाकों तक मतदाताओं की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि पंचायत चुनाव केवल प्रतिनिधियों के चयन का माध्यम नहीं, बल्कि ग्रामीण लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव हैं। बुजुर्गों के जज्बे, युवाओं के उत्साह और दिव्यांग मतदाताओं की दृढ़ इच्छाशक्ति ने तीसरे चरण के मतदान को यादगार बना दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### पार्क के सामने हादसा, 8 साल के बच्चे की स्कॉर्पियो की चपेट में आकर मौत

**नाहन** ज्ञान नाहर शहर के ऐतिहासिक पक्का टैंक के किनारे लखदाता पीर के पास बने पार्क के सामने दर्दनाक हादसे में 8 साल के छात्र आर्यन की स्कॉर्पियो की टक्कर से मौत हो गई। पक्का टैंक क्षेत्र में सड़क किनारे लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, हादसे का शिकार हुआ छात्र आर्यन पार्क से खेलकर गेट से बाहर निकल रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत नाजुक होने पर पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। पीजीआई में डॉक्टरों ने आर्यन को मृत घोषित कर दिया। आर्यन ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उसके माता-पिता हरिपुरधार के रहने वाले हैं, जो सुंदर बाग कॉलोनी में रहते हैं। आर्यन कार्मल कान्वेंट स्कूल का छात्र था, और उसकी मां शमशेर जमादो स्कूल में टीचर हैं। जिले के एसपी योगेश रोल्टा ने पुष्टि करते हुए बताया कि अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली थी। घायल छात्र को पीजीआई चंडीगढ़ भेजा गया था। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर रही है और आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर जांच तेज कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वाहन तेज रफ्तार में था। पुलिस आरोपी चालक की पहचान के प्रयास कर रही है और उसे जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है और स्थानीय लोगों ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### शूलिनी विश्वविद्यालय में आज वाईएसएस बाल एवं किशोर शिविर का आयोजन

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय एवं योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया (वाईएसएस) बाल एवं किशोर शिविर 2026 का आयोजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो 31 मई से 6 जून तक चलेगा। इस शिविर में देश भर से 200 से अधिक युवा प्रतिभागी एक सप्ताह के कार्यक्रम में भाग लेंगे, जिसका उद्देश्य समग्र विकास, आध्यात्मिक उन्नति और जीवन कौशल पर ध्यान केंद्रित करना है। वाईएसएस के सहयोग से आयोजित यह शिविर, श्री श्री परमहंस योगानन्दजी के शैक्षिक आदर्शों से प्रेरित है, जो सबसे अधिक बिकने वाली आध्यात्मिक कृति 'ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी' के लेखक हैं।योगानन्दजी ने शरीर, मन और आत्मा के संतुलित विकास पर जोर दिया था। 12 से 17 वर्ष की आयु वर्ग के 100 से अधिक लड़के और 100 लड़कियां इस शिविर में भाग लेने और परमहंस योगानन्दजी की आदर्श जीवन की शिक्षाओं पर आधारित शिक्षाओं का अनुभव करने की उम्मीद है। शिविर से पहले, शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. पी.के. खोसला ने वरिष्ठ युवा सेवा समुदाय (वाईएसएस) संन्यासियों स्वामी शंकरानन्द गिरि और निर्मलानन्द गिरि से मुलाकात की और उन्हें अपनी हाल ही में प्रकाशित पुस्तक की एक प्रति भेंट की। शूलिनी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. सुनील पुरी, निदेशक, संचालन ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) एस.डी. मेहता और वाईएसएस युवा सेवा कार्य समूह के सदस्य, जिनमें विहारी कोमारागिरी, अजय मदन और श्रीमती मंजू गुप्ता भी इस मुलाकात के दौरान उपस्थित थे।

### सोलन खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए 24 करोड़ रुपए जारी

**सोलन।** जिला सोलन के खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास और वहां रहने वाले लोगों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। जिला खनन अधिकारी दिनेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास हेतु 24 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है, जिसे विभिन्न जनकल्याणकारी और विकासात्मक कार्यों पर खर्च किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस राशि का प्रमुख उद्देश्य खनन गतिविधियों से प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना और स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। विशेष रूप से पेयजल योजनाओं, सड़क निर्माण, सामुदायिक भवनों, स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी आधारभूत ढांचे के विकास पर जोर दिया जाएगा। दिनेश कुमार ने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन के माध्यम से प्राप्त निधि का उपयोग पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है, ताकि खनन प्रभावित क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों के माध्यम से विकास कार्यों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर उन्हें स्वीकृति दी जा रही है। जिला खनन अधिकारी के अनुसार, पेयजल संकट से जूझ रहे क्षेत्रों में नई योजनाएं शुरू करने और मौजूदा जलापूर्ति व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए भी पर्याप्त धनराशि निर्धारित की गई है।

### रोनहाट हेलिपैड के पास पुलिस को कार से 60 बोतल शराब व 96 बोतल बीयर बरामद

**नाहन ।** 30 मई (एसपी जैरथ):-शिलाई क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से भारी मात्रा में शराब और बीयर बरामद की है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 28 मई 2026 को थाना शिलाई प्रभारी ने अपनी पुलिस टीम के साथ रोनहाट हेलीपैड के समीप सड़क किनारे खड़ी एक स्विफ्ट कार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से अवैध रूप से ले जाई जा रही शराब और बीयर बरामद की गई। पुलिस ने कार में सवार राकेश निवासी गांव रिणोई, डाकघर लोजा मानल, तहसील शिलाई, जिला सिरमौर के कब्जे से 5 पेटी देशी शराब मार्का 'नाटी नं. 1' की कुल 60 बोतलें बरामद कीं। इसके अलावा 4 पेटी 10,000 बीयर की 48 बोतलें तथा 4 टुबॉर्ग प्रीमियम बीयर की 48 बोतलें भी बरामद की गईं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शिलाई में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की आगामी जांच जारी है। पुलिस ने बरामद शराब और बीयर को कब्जे में लेकर वाहन भी जब्त कर लिया है। अधिकारियों ने बताया कि मामले में सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए जब्त शराब के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क की भी जांच शुरू कर दी है।

# तंबाकू मुक्त समाज के संदेश के साथ स्कूल में जागरूकता गतिविधियां आयोजित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुन्दन में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर निबंध लेखन, नारा लेखन तथा पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए तंबाकू मुक्त समाज का संदेश दिया।




कार्यक्रम में छात्र जागरूकता सन्देश देते हुए।

अनंत ज्ञान

विद्यालय के एनएसएस एवं इको क्लब के स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाली हानियों के बारे में जागरूक किया तथा स्वस्थ एवं नशा मुक्ति जीवन अपनाने का आह्वान किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनोरमा कुमारी चड्ढा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं तंबाकू से दूर रहने और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संतोष बद्दू, इको क्लब प्रभारी डॉ. अनीता देवी सहित विद्यालय के समस्त अध्यापकों का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रशासन ने तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए भविष्य में भी जागरूकता अभियान जारी रखने का संकल्प लिया।

# कुरकुरा सांस की नली में फंसने से युवक की हुई मौत

**अनंत ज्ञान ,सोलन।**

उपमंडल अर्की के घनागुघाट में एक बेहद दुखद और हैरान करने का मामला सामने आया जहां कुरकरा सांस की नली में फंस जाने से युवक की मौत हो गई। यह दुखद घटना अर्की उपमंडल की पंचायत घनागुघाट के गांव ताल में घटित हुई है। जहां एक 28 वर्षीय युवक की सांस की नली में कुरकुरा फसने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक हेमंत शर्मा पुत्र दीपराम शर्मा उम्र 28 वर्ष ताल निवासी जो कसौली के एक निजी होटल में कार्यरत था। कुरकुरे खाते समय कुरकुरे का एक टुकड़ा उसके गले मे फंस गया जिससे उसे सांस लेने में कठिनाई होने लगी। यह देखते हुए उसके परिजन उसे तुरंत महृषि मार्कण्डेय यूनिवर्सिटी एवम अस्पताल सुल्तानपुर ले गए। जहां चिकित्सकों ने गम्भीर हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार देकर हेमंत शर्मा को पीजीआई चंडीगढ़ रैफर कर दिया। पीजीआई चंडीगढ़ में में चिकित्सकों द्वारा हेमंत शर्मा का तुरन्त उपचार किया गया।

# इटरनल विश्वविद्यालय में खेल प्रतिभाओं को मिला नया मंच

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

इटरनल विश्वविद्यालय द्वारा ईयू स्पोर्ट्स क्लब के सहयोग से आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभ 27 मई 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में हुआ। यह आयोजन बाबा डॉ. दविंदर सिंह जी (कुलाधिपति) तथा डॉ. नीलम कौर (कुलपति), इटरनल विश्वविद्यालय, बडू साहिब (हि.प्र.) के आशीर्वाद से संपन्न हुआ।

डॉ. टी.एस. बेनिपाल, डीन अकादमिक अफेयर्स ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. सुरजन सिंह ने विद्यार्थियों को अपने-अपने खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेते छात्र

अनंत ज्ञान

ईयू स्पोर्ट्स क्लब के संयोजक डॉ. मोहित कुमार ने विद्यार्थियों को सकारात्मकता, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में संतुलन बनाए रखने तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए भी प्रेरित किया। डॉ. टी.एस. बेनिपाल ने औपचारिक रूप से खेल प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर योगीता ठाकुर, डीएसडब्ल्यू, डॉ. पूर्वी लूनियाल (डीन, एसीएएसएस), डॉ. कमल किशोर (डीन, एसीबीएस ) एवं अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड इवेंट्स सहित अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। छात्राएँ बड़े उत्साह के साथ सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह, ऊर्जा एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण देखने को मिल रहा है। विभिन्न टीमों के अभ्यास सत्र एवं प्रस्तुतियों ने आयोजन को और अधिक आकर्षक बना दिया है।

# नाहन में कॉकरोच जनता पार्टी की एंट्री,मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों का खींचा ध्यान

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन के ऐतिहासिक दिल्ली गेट के समीप 'कॉकरोच जनता पार्टी' के बैनर तले स्थानीय युवाओं द्वारा एक छबील का आयोजन किया गया। अपने अनोखे और मजेदार नाम की वजह से यह आयोजन राहगीरों और बाजार आने-जाने वाले लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच आयोजित इस छबील ने लोगों को बड़ी राहत पहुंचाई। युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ सड़क से गुजरने वाले हर व्यक्ति को रोककर ठंडा नींबू पानी पिलाया। गर्म मौसम में इस सेवा भाव को लोगों ने खूब सराहा और राहगीरों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली। आयोजन के दौरान युवाओं ने सामाजिक संदेश देते हुए बताया कि 'कॉकरोच जनता पार्टी' किसी राजनीतिक दल का नाम नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर शुरू किया गया एक व्यंग्यात्मक और



छबील का आयोजन करते हुए युवा।

अनंत ज्ञान

रचनात्मक अभियान है। इसका उद्देश्य हास्य और मीम्स के माध्यम से युवाओं की सोच और समाज से जुड़े मुद्दों को हल्के-फुल्के अंदाज में सामने लाना है।

यह आयोजन केवल प्यास बुझाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवाओं ने समाज में सकारात्मक सोच और आपसी सहयोग का संदेश भी दिया। छबील में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, व्यापारियों और राहगीरों ने भाग लिया तथा युवाओं के इस अनूठे प्रयास की सराहना की। आयोजकों ने बताया कि उनका उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ समाजसेवा को बढ़ावा देना है, ताकि युवा रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से लोगों के बीच जागरूकता फैला सकें। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी 'कॉकरोच जनता पार्टी' के बैनर तले रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान और अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस अनोखी पहल ने नाहन शहर में लोगों का ध्यान आकर्षित किया और सामाजिक सेवा के प्रति युवाओं के जज्बे को उजागर किया।

# दयानंद आदर्श विद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

**सोलन।** दयानंद आदर्श विद्यालय में आईएससी (12वीं) एवं आईसीएसई (10वीं) बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का तिलक लगाकर स्वागत किया और सम्मानपूर्वक मंच तक पहुंचाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अभिभावकों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की प्राचार्य ऊषा मित्तल ने बताया कि आईसीएसई और आईएससी के टॉपर विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर तथा पुष्पवर्षा कर सम्मानित किया गया। वहीं उनके अभिभावकों को भी



मेधावी छात्र को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

अनंत ज्ञान

विद्यालय की ओर से 'टोकन ऑफ लव' भेंट कर उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। आईसीएसई परीक्षा में रोहिन गुप्ता, नितिन बिष्ट, काश्वी राणा, अनन्या सिन्हा, राशि पुहाल और सुशांत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं आईएससी में दीपांशी शर्मा, अक्षिता शर्मा, साक्षी कौंडल, भावना चंदेल, प्रियांशी शर्मा, हिमांशु चौहान, जेसिका और मानसा ने शानदार परिणाम हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।इस अवसर पर प्राचार्य ऊषा मित्तल ने विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी शत-प्रतिशत परिणाम देने की अपनी परंपरा को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार अपनाने तथा समाज के जिम्मेदार, ईमानदार और जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया।

# आदर्श ग्राम ग्याना में एचपी शिवा प्रोजेक्ट के तहत होगा पौधरोपण,जगह चिन्हित



किसानों एवं बागवान साथियों द्वारा शिवा प्रोजेक्ट।

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** आदर्श ग्राम पंचायत ग्याना के आदर्श ग्राम ग्याना में एचपी शिवा प्रोजेक्ट के तहत 21 हेक्टेयर भूमि पर विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे लगाए जाने हेतु उद्यान एवं बागवानी विभाग तथा जल शक्ति विभाग के सौजन्य से भूमि चिन्हित कर ली गई है। आगामी कुछ दिनों में यहां पौधारोपण का कार्य शुरू कर पूरा किया जाएगा। इस परियोजना को लेकर गांव ग्याना के किसानों एवं बागवान साथियों द्वारा विभाग को पूरा सहयोग दिया जा रहा है। प्रोजेक्ट को लेकर गांव व क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। लोगों का मानना है कि इस परियोजना से क्षेत्र के किसानों और बागवानों की आय में काफी वृद्धि होगी। इस अवसर पर स्थानीय एचपी शिवा प्रोजेक्ट कमेटी के सदस्यों ने विभाग का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में हरियाली बढ़ाना, जल संरक्षण को मजबूत करना और किसानों को फलदार पौधों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

पौधारोपण के लिए चयनित भूमि पर आम, अमरूद, नींबू सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। ग्रामीणों को पौधों की देखभाल और सिंचाई के लिए भी प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि परियोजना लंबे समय तक सफल रह सके। यह पहल आने वाले समय में किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही सतत विकास होगा।

# दिदग पंचायत में वेद प्रकाश ठाकुर की जीत

**राजगढ़।** ब्लॉक की दिदग पंचायत के चुनावी नतीजे इस बार बेहद रोचक रहे, जहां त्रिकोणीय मुकाबले में वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व प्रधान वेद प्रकाश ठाकुर ने एक बार फिर प्रधान पद पर कब्जा जमाया। उन्होंने भाजपा मंडल राजगढ़ के महामंत्री अरुण चौहान को 246 मतों के अंतर से पराजित किया। वेद प्रकाश ठाकुर को कुल 576 मत प्राप्त हुए, जबकि अरुण चौहान को 330 मत और जयप्रकाश चौहान को 227 मत मिले। दोनों उम्मीदवार भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में शामिल हैं, जबकि 16 मत रद्द घोषित किए गए। जीत के बाद वेद प्रकाश ठाकुर ने बताया कि वे वर्ष 1992 में मात्र 30 वर्ष की आयु में पहली बार प्रधान बने थे और 1996 तक इस पद पर रहे। लगभग तीन दशक बाद उन्होंने फिर से चुनावी मैदान में उतरकर सफलता हासिल की है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पिता स्वर्गीय इन्द्र सिंह चौहान भी दो बार प्रधान रह चुके हैं—एक बार छोगटाली पंचायत और एक बार दिदग पंचायत से।

# संगड़ाह की बेटी बनीं मैथ टीचर एचपीआरसीए से की परीक्षा उत्तीर्ण

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** सिरमौर जिला के संगड़ाह क्षेत्र के कुल्फी गांव की एक होनहार बेटी परीक्षा कुमारी पुत्री बस्ती राम ने भी अपनी मेहनत, धैर्य और लगन के दम पर ऐसा मुकाम हासिल किया है, जिस पर आज पूरा क्षेत्र गर्व महसूस कर रहा है। एचपीआरसीए हमीरपुर द्वारा आयोजित परीक्षा में उनका चयन गणित अध्यापक पद के लिए हुआ है। खास बात यह रही कि निजी स्कूल में सेवाएं देने के साथ-साथ उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी और आखिरकार अपनी मेहनत को सफलता में बदल दिया। सीमित संसाधनों, कठिन परिस्थितियों और लगातार संघर्ष के बीच यह युवती औरों के लिए भी मिसाल बनी हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय सरोल जिला चंबा से प्राप्त की। इसके अलावा उन्हें जवाहर नवोदय विद्यालय पेखूबेला जिला



ऊना में भी छह माह तक अध्ययन करने का अवसर मिला। इसके बाद राजकीय महाविद्यालय नाहन से बीएससी ऑनर्स नॉन मेडिकल की पढ़ाई पूरी की।

शिक्षक बनने के सपने को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने राजकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला से बीएड तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से गणित विषय में एमएससी की डिग्री हासिल की। उन्होंने कहा कि निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# करियर प्वाइंट डिफेंस अकादमी के 172 युवा सेना में चयनित



अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** करियर प्वाइंट डिफेंस अकादमी बंगाणा ने हाल ही में घोषित एआरओ हमीरपुर और मंडी अग्निवीर भर्ती परिणाम में 172 युवाओं का अग्निवीर के रूप में हुआ है। चयनित युवा जीडी, क्लर्क और टेक्निकल ट्रेड में चयनित हुए हैं। इस उपलब्धि पर अकादमी के छात्र-छात्राओं ने वार्षिक पैदल यात्रा निकालकर जमासनी माता मंदिर में शीश नवाया। यात्रा के दौरान युवाओं ने भजनों और माता के जयकारों के साथ माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। अकादमी के प्रधानाचार्य ऑनरेरी कैप्टन प्रकाश चंद शर्मा ने बताया कि अकादमी के 183 छात्रों ने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इनमें से 83 युवा अकादमी में शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे, 32 छात्रों ने केवल शारीरिक प्रशिक्षण लिया था, जबकि 57 छात्रों ने केवल लिखित परीक्षा की तैयारी अकादमी से की थी। इन सभी श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 172 युवाओं ने भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में सफलता प्राप्त की।चयनित युवाओं में बंगाणा भलेत से विशाल राणा, कड़ो से आदर्श शर्मा, मुच्छाली से अनुराग, नलवाड़ी से अभय राणा व ईशान, मलांगड़ से हर्षित, ककराना से रोहन, थानाकलां से तिलकराज, जोगीपंगा से अभिषेक, पीपलू से इरफान, तनोह से साहिल, लठियाणी से समीर चंदेल, शाहतलाई से आदर्श पटियाल, पीयूष शर्मा, साहिल चौधरी, अभि धीमान, हरोली ऊना से कर्ण ढिल्लो, कांगू धनेटा से रिशु, टिंकू और अंशु शर्मा सहित अनेक युवाओं ने सफलता प्राप्त की। जिला ऊना से 45, जिला हमीरपुर से 25 और जिला बिलासपुर से 13 छात्र चयनित हुए हैं। अकादमी के प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि करियर प्वाइंट डिफेंस अकादमी बंगाणा पिछले कई वर्षों से युवाओं को भारतीय सेना और अन्य सुरक्षा बलों के लिए तैयार कर रही है। उन्होंने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगी।

# विधायक संग बैठकर बनाई पंचायत विकास की रूपरेखा

## कुटलैहड़ के नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों ने विवेक शर्मा से की भेंट

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को जोगी पंगा स्थित विधायक कार्यालय पहुंचकर विधायक विवेक शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान क्षेत्र की करीब तीन दर्जन पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान और वार्ड पंच उपस्थित रहे। विधायक ने सभी प्रतिनिधियों को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए पंचायतों के विकास कार्यों में सहयोग का भरोसा दिलाया।

मुलाकात के दौरान विधायक ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और जनता द्वारा जताए गए विश्वास पर उन्हें पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करती हैं और गांवों के विकास की दिशा तय करने में उनकी अहम भूमिका होती है। विधायक विवेक


कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा से भेंट करते क्षेत्र के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि।

शर्मा ने दावा किया कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में हुए पंचायत चुनावों में बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार विजयी हुए हैं, जिसे उन्होंने क्षेत्र की जनता के विकास और जनसेवा के प्रति विश्वास का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है और अब सभी जनप्रतिनिधियों को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर अपनी-अपनी पंचायतों के विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना प्राथमिकता रहेगी तथा पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। विधायक ने यह भी बताया कि जल्द ही क्षेत्र के सभी नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें पंचायतों की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के आधार पर विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

ग्राम पंचायत घुघन ककराणा की नवनिर्वाचित प्रधान मधुवाला, वार्ड पंच अंजू वाला सहित अन्य प्रतिनिधियों ने भी विधायक से मुलाकात की। विधायक ने सभी का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया और जनसेवा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। नव निर्वाचित प्रतिनिधियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जनहित और विकास कार्यों के लिए लगातार मार्गदर्शन और सहयोग मिल रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे पंचायत स्तर पर लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सम्मान समारोह के दौरान पंचायतों के विकास और आपसी सहयोग के साथ कार्य करने का संकल्प भी दोहराया गया।

# संतोषगढ़ स्कूल में देवीलाल दोबारा बने एसएमसी अध्यक्ष


उत्कृष्ट राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संतोषगढ की नवगठित एसएमसी।

अनंत ज्ञान

**संतोषगढ़।** स्थानीय उत्कृष्ट राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संतोषगढ़ में शनिवार को स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के गठन को लेकर अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक स्कूल की प्रधानाचार्य कविता कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें विद्यालय के विकास, सौंदर्यीकरण तथा शैक्षणिक गतिविधियों को और सुदृढ़ बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में प्रधानाचार्य कविता कुमारी ने अभिभावकों को स्कूल प्रबंधन समिति के गठन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। चुनाव प्रक्रिया एसएमसी कोऑर्डिनेटर अंकुश वशिष्ठ, संदीप कुमार तथा डीपी प्रवीण शर्मा की मौजूदगी में संपन्न करवाई गई। इस दौरान अभिभावक नरेश सिंघा ने देवीलाल का नाम पुन: अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया। बैठक में उपस्थित सभी अभिभावकों ने सर्वसम्मति से समर्थन देते हुए देवीलाल (वार्ड नंबर-2) को आगामी दो वर्षों के लिए स्कूल प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुन लिया। इसके अलावा वीना देवी (वार्ड नंबर-4) को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। समिति में आशा रानी, हरभजन सिंह, वरिंदर जसवाल, प्रवीण कुमारी, राजकुमारी, सपना देवी, प्रोमिला, रमनदीप, अमरजीत कौर, सपना, रेनू बाला, अंजू बाला तथा संदीप कुमार को सदस्य के रूप में शामिल किया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष देवीलाल ने सभी अभिभावकों और विद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह समिति के सभी सदस्यों के सहयोग से विद्यालय के सर्वांगीण विकास, विद्यार्थियों की सुविधाओं और शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# यूथ वॉरियर डिफेंस अकादमी चक के 31 युवाओं का सेना में चयन

अनंत ज्ञान

**अंब।** उपमंडल अंब के ग्राम पंचायत बेहड़ जसवां की प्रतिष्ठित यूथ वॉरियर डिफेंस अकादमी चक के लिए गर्व का क्षण उस समय देखने को मिला जब अकादमी के 31 युवाओं का भारतीय सेना में चयन होने के बाद अकादमी पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। अकादमी परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा तथा चयनित युवाओं को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर चयनित युवाओं के परिजनों सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। सभी ने युवाओं की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताया। अकादमी के प्रशिक्षकों ने कहा कि कठिन मेहनत, अनुशासन और नियमित अभ्यास के दम पर


भारतीय सेना में चयनित हुए यूथ वॉरियर डिफेंस अकादमी चक के युवा।

बच्चों ने यह मुकाम हासिल किया है। अकादमी के कोच एवं संचालक संजीव कुमार, धीरज कुमार और आशीष पुरोहित, शिक्षा विभाग से संदीप कौर, पूजा, अकाउंट स्टाफ से दीपिका शर्मा को भी इस सफलता का श्रेय दिया गया। चयनित युवाओं ने कहा कि अकादमी में उन्हें बेहतर प्रशिक्षण, शारीरिक तैयारी और मानसिक मजबूती प्रदान की गई, जिसकी बदौलत वे सेना भर्ती प्रक्रिया में सफल हो सके। युवाओं ने अपने कोचों

◆ चयनित युवाओं का अकादमी पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा ने उन्हें मंजिल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अकादमी संचालकों ने बताया कि उनका उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को सेना और अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी अकादमी युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध करवाती रहेगी ताकि अधिक से अधिक युवा देश सेवा का सपना पूरा कर सकें। कार्यक्रम के दौरान मिठाइयां बांटी गईं और चयनित युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। पूरे क्षेत्र में इस सफलता को लेकर खुशी का माहौल बना हुआ है।

# ऊना में पांच केंद्रों पर होगी जिप और बीडीसी के मतों की गणना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि जिला ऊना में सभी उपमंडलों में 17 जिला परिषद सदस्यों और 107 पंचायत समितियों की मतगणना के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतगणना 31 मई को प्रात: 9 बजे से आरंभ होगी। उन्होंने बताया कि ऊना उपमंडल की 24 पंचायत समितियों और 4 जिला परिषद की मतगणना राजकीय महाविद्यालय ऊना, अंब उपमंडल की 22 पंचायत समितियों और 3 जिला परिषद की मतगणना राजकीय महाविद्यालय अंब, बंगाणा उपमंडल की 19 पंचायत समितियों और 3 जिला परिषद की मतगणना अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा, हरोली उपमंडल की 24 पंचायत समितियों और 4 जिला परिषद की मतगणना राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरोली में की जाएगी। इसी प्रकार गगरेट उपमण्डल की 20 पंचायत समितियों और 3 जिला परिषद की मतगणना बहुतकनीकी संस्थान अम्बोटा में की जाएगी। ज्ञात रहे कि 2 पंचायत समितियों के सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतगणना केन्द्र पर प्रत्येक टेबल पर एक तीन-तीन मतगणना अधिकारी कर्मचारी की पार्टी तैनात रहेंगी, जिनमें एक पर्यवेक्षक तथा दो सहायक कर्मचारी रहेंगे, जबकि कुछ रिजर्व पार्टियां भी रखी गई हैं। इनमें ऊना उपमंडल में मतगणना के लिए 28 टेबल लगाए गए हैं और 34 पार्टियां मतगणना के लिए तैनात की गई हैं। अंब उपमंडल में 15 टेबल पर 19 पार्टियां, गगरेट उपमंडल में 20 टेबल पर 23 पार्टियां, हरोली उपमंडल में 12 टेबल पर 15 पार्टियां तथा बंगाणा उपमंडल में 18 टेबल पर 21 पार्टियां मतगणना के कार्य के लिए तैनात की गई हैं।

# बारिश के बावजूद मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में लिया भाग

अनंत ज्ञान



**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में पंचायतीराज संस्थाओं के तीसरे और अंतिम चरण में वर्षा और खराब मौसम के बावजूद मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लिया। सुबह से ही मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिली। लोकतंत्र के इस पर्व में बुजुर्गों के साथ-साथ युवाओं तथा महिलाओं ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाई।

जिला में तीसरे और अंतिम चरण के चुनाव में आज ग्राम पंचायत पनौल की 101 वर्षीय नगरजु देवी, 98 वर्षीय निक्की देवी, 90 वर्षीय विद्या देवी, निहातु देवी, ग्राम पंचायत कंदरौर की 98 वर्षीय बिमला देवी, ग्राम पंचायत कल्लर के 91 वर्षीय दुर्गा राम, तुहनू की 95 वर्षीय हरि देवी सहित अन्य वरिष्ठ नागरिकों ने मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान में भाग लिया। इसी बीच ग्राम पंचायत बकरोआ की 21 वर्षीय पारूल, 22 वर्षीय वंशिका ने पहली बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। यही नहीं मतदान में जिला भर में महिला मतदाताओं की भागीदारी भी सराहनीय रही। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने वरिष्ठ नागरिकों के हौसले की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी सुनिश्चित बनाने के लिए न केवल वे मतदान केंद्र तक पहुंचे बल्कि दूसरे मतदाताओं को प्रेरित करने का भी कार्य किया। उन्होंने युवा तथा महिला मतदाताओं की बड़ी तादाद में भागीदारी की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मतदान के माध्यम से सामूहिक भागीदारी से न केवल हमारा लोकतांत्रिक ढ़ांचा ज्यादा सुदृढ़ एवं मजबूत बनता है बल्कि गांव, प्रदेश व देश के विकास में एक अच्छे व्यक्ति का चुनाव कर नागरिक राष्ट्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

# धरैड़ा-बागी बिनोला में हुआ भव्य दंगल विजेता पहलवानों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्राम धरैड़ा-बागी बिनोला में दंगल समिति द्वारा पारंपरिक कुश्ती दंगल का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर के जिला प्रधान चेत राम वर्मा ने शिरकत की।

दंगल में स्थानीय तथा बाहरी क्षेत्रों से आए पहलवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने दमखम का प्रदर्शन किया। बड़ी माली के फाइनल मुकाबले में दिल्ली के सोनू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। मुख्यातिथि ने विजेता सोनू को गुर्ज तथा 7100 रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया। वहीं उपविजेता शिवम् (बरठी) को 5100 रुपए की नकद राशि प्रदान की गई। छोटी माली में अजय कुमार (गांव कुड्डी) विजेता रहे, जिन्हें गुर्ज व 5100 रुपए नकद पुरस्कार दिया गया। उपविजेता पहलवान को 4100 रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया। दंगल का आनंद लेने के लिए दूर-दूर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

इस अवसर पर दंगल समिति ने नवनिर्वाचित प्रधान रिंकू चौधरी तथा उपप्रधान शेर सिंह को पगड़ी पहनाकर एवं बैज लगाकर सम्मानित किया। दंगल समिति के प्रधान विकास वर्मा ने सभी अतिथियों, पहलवानों तथा क्षेत्रवासियों का आयोजन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# राजेश धर्माणी बोले-लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर करें भागीदारी

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने अपनी गृह पंचायत पनौल के बूथ नंबर-1 पर सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर उनकी पत्नी सोनिका धर्माणी भी उनके साथ उपस्थित रहीं। मतदान के बाद उन्होंने क्षेत्रवासियों से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया।


मतदान करने के लिए सपरिवार जाते राजेश धर्माणी। अनंत ज्ञान

धर्माणी ने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनता के वोट में निहित होती है। प्रत्येक नागरिक का एक-एक वोट न केवल जनप्रतिनिधियों का चयन करता है, बल्कि क्षेत्र और प्रदेश के विकास की दिशा भी तय करता है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं और इनके चुनावों में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पंचायतें गांवों के विकास, स्थानीय समस्याओं के समाधान तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे में योग्य, ईमानदार और विकास के प्रति समर्पित प्रतिनिधियों का चयन करना प्रत्येक मतदाता की जिम्मेदारी है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र केवल अधिकारों का नाम नहीं है, बल्कि यह कर्तव्यों के निर्वहन का भी अवसर प्रदान करता है। मतदान करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश के मतदाता बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था को और मजबूत करेंगे।

# तंबाकू निषेध दिवस पर पेंटिंग निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई

**अनंत ज्ञान स्वारघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मजारी में 31 मई को छुट्टी होने के कारण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मजारी में विश्व तंबाकू दिवस को 30 मई को ही मनाने का फैसला विद्यालय प्रशासन द्वारा लिया गया

निश्चित विश्व तंबाकू दिवस मनाने के उद्देश्य पर रेखा अत्री ने अपने विचार रखते हुए बताया कि बाजार में कई उत्पाद तंबाकू के बने हुए बिक्री किए जाते हैं, उनके दुष्परिणामों को भी उसी पैकट पर दर्शाया गया होता है, परंतु उसे अनदेखा कर इसका सेवन लोग करते हैं और कई प्रकार की बीमारियों से सेवनधारी ग्रसित हो जाते हैं अत: बच्चों को इस प्रकार के उत्पादों से दूर रहकर समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए

इस अवसर पर बच्चों ने नारा लेखन, पेंटिंग निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी जानकारी को अध्यापकों के समक्ष रखा, प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह ने बच्चों की इस समस्या को जानने समझने की जिज्ञासा की प्रशंसा की और बताया कि हिमाचल सरकार ने नशे पर लगाम कसने की कई योजनाएं बनाई हैं जिससे हमारे स्कूली बच्चों को इस बीमारी से बचाया जा सके, परंतु अफसोस सरकार के प्रयत्नों के बावजूद ये बीमारी फैलती जा रही है हम सभी को एकजुटता से इसके विरुद्ध खड़े होना पड़ेगा। प्रधानाचार्य ने बच्चों द्वारा तंबाकू निषेध का संदेश देने के लिए बनाई पेंटिंग, लिखे गए नारे और निबंध का निरीक्षण कर बच्चों और अध्यापकों के कार्य की सराहना की। इस अवसर पर अनुराधा शर्मा, हरप्रीत कौर, रेखा अत्री, सतनाम कौर, रेणु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# तंबाकू से दूरी ही सबसे बड़ी सुरक्षा : डॉ. अनुपम पाराशर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2026 के अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर के सामुदायिक एवं परिवार चिकित्सा विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपम पाराशर ने लोगों से तंबाकू और निकोटीन उत्पादों से दूर रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम 'उन्मास्किंग दि अपील काउंटरिंग निकोटाइन एंड तोबाको एडिक्शन' युवाओं को तंबाकू उद्योग की भ्रामक रणनीतियों के प्रति जागरूक करने का संदेश देती है।



डॉ. पाराशर ने बताया कि तंबाकू सेवन आज भी दुनिया में रोकी जा सकने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में शामिल है। भारत में प्रतिवर्ष लाखों लोग तंबाकू जनित बीमारियों के कारण अपनी जान गंवाते हैं। उन्होंने कहा कि ई-सिगरेट, निकोटीन पाउच और अन्य आधुनिक उत्पादों को आकर्षक पैकेजिंग और फ्लेवर के माध्यम से युवाओं तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे निकोटीन की लत तेजी से बढ़ रही है।

उन्होंने चेतावनी दी कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों की बीमारियों और टीबी जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है। साथ ही परोक्ष धूम्रपान भी बच्चों और गैर-धूम्रपान करने वालों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है।

डॉ. पाराशर ने कहा कि तंबाकू छोड़ने से स्वास्थ्य में तेजी से सुधार होता है और गंभीर बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। उन्होंने लोगों से तंबाकू त्याग केंद्रों और हेल्पलाइन सेवाओं का लाभ उठाने तथा स्वस्थ एवं तंबाकू-मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया।

# देवली पंचायत चुनाव में प्रत्याशी ने गिनती प्रक्रिया पर खड़े किए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्राम पंचायत देवली में 26 मई को हुए प्रधान पद के चुनाव को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। प्रधान पद की उम्मीदवार यामिनी पवार ने मतगणना प्रक्रिया में अनियमितताओं और पारदर्शिता की कमी के गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने बताया कि मतगणना के प्रथम और द्वितीय चरण में वह बढ़त बनाए हुए थीं, लेकिन तृतीय चरण में उन्हें बराबरी पर ला दिया गया। उनका आरोप है कि तीनों चरणों की मतगणना के दौरान उन्हें उचित रूप से शामिल नहीं किया गया, जिससे पूरी प्रक्रिया पर संदेह उत्पन्न हुआ। यामिनी पवार के अनुसार बाद में पर्ची प्रणाली के माध्यम से रचना कुमारी को विजेता घोषित कर दिया गया, जबकि इस प्रक्रिया में भी उन्हें शामिल नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके मतों के साथ छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि रात्रि के समय उनके एजेंट विनीत कुमार पर दबाव बनाकर हस्ताक्षर करवाए गए और उन्हें उनसे मिलने तक नहीं दिया गया। साथ ही उन्हें निर्णय प्रक्रिया से भी दूर रखा गया। यामिनी पवार ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने ई-मेल के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश निर्वाचन आयोग तथा उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर को शिकायत भेजी है। उन्होंने निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव परिणाम सुनिश्चित करने के लिए मतों की रिकाउंटिंग की मांग की है, ताकि चुनाव प्रक्रिया में जनता का विश्वास बना रह सके।

# तीसरे चरण में बिलासपुर की 58 ग्राम पंचायतों में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के तृतीय एवं अंतिम चरण में आज 58 ग्राम पंचायतों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। मतदान प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने नौणी, कल्लर और कंदरौर ग्राम पंचायतों के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा मतदान उपरांत होने वाली मतगणना के लिए किए गए प्रबंधों का भी जायजा लिया।



मतदान केंद्र उपायुक्त एक बुजुर्ग मतदाता के साथ।

उन्होंने बिजली आपूर्ति, बैटरी बैकअप, वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की भी समीक्षा की। इस बीच उपायुक्त ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचे वरिष्ठ मतदाताओं से भी बातचीत कर उनके अनुभव जाने और मतदान प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रतिकूल मौसम के बावजूद मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति लोगों की आस्था को दर्शाता है। यही नहीं खराब मौसम और वर्षा के बावजूद जिला प्रशासन मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए दिनभर सक्रिय रहा। मतदान केंद्रों तक मतदाताओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने तथा मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया के निर्बाध संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी लगातार फील्ड में तैनात रहे। जिला के विभिन्न क्षेत्रों में लोक निर्माण, विद्युत, जल शक्ति तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्राउंड जीरो पर रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी की। प्रशासन का प्रयास रहा कि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचने और मताधिकार का प्रयोग करने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# बीडीसी एवं जिला परिषद की मतगणना को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में संपन्न हुए पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के तहत पंचायत समिति (बीडीसी) एवं जिला परिषद सदस्यों के चुनाव की मतगणना को लेकर जिला बिलासपुर प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। मतगणना कार्य को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार मतगणना निर्धारित केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच करवाई जाएगी। मतगणना स्थलों पर केवल अधिकृत अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रत्याशियों एवं उनके अधिकृत मतगणना अभिकर्ताओं को ही प्रवेश की अनुमति होगी। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती भी सुनिश्चित की गई है।

जिला प्रशासन ने मतगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान कर आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी दी है ताकि परिणामों की घोषणा में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। मतपेटियों एवं चुनावी अभिलेखों की सुरक्षा के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं।

गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव तीन चरणों में संपन्न हुए हैं। ग्राम पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान एवं वार्ड सदस्यों के मतों की गणना मतदान केंद्रों पर मतदान समाप्ति के बाद की गई, जबकि पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्यों के मतों की गणना 31 मई को निर्धारित केंद्रों पर की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों से मतगणना के दौरान शांति एवं अनुशासन बनाए रखने की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की गरिमा बनाए रखते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से परिणाम घोषित किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### टीबी रोग की जांच व उपचार पर दिया जोर



**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंडित जवाहर लाल नेहरू आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल चंबा में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता ने की। उन्होंने टीबी रोग की समय पर जांच और बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया तथा उच्च जोखिम वाले मरीजों की सीवाई टीबी जांच और छाती के एक्स-रे कराने के निर्देश दिए। डॉ. गुप्ता ने टीबी मुक्त अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सभी विभागों को सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। बैठक में मृत्यु समीक्षा के माध्यम से टीबी से होने वाली मौतों के कारणों की पहचान पर भी चर्चा हुई। बैठक में डॉ. कविता महाजन, डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. हरित पुरी सहित विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि और अन्य विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्ति पर प्रकाश चंद को दी विदाई

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय चंबा में कार्यरत सेवादार प्रकाश चंद शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। सहायक लोक संपर्क अधिकारी राकेश कुमार ने उनके दीर्घ सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य किया। प्रकाश चंद ने वर्ष 1989 में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में अपनी सेवाएं शुरू की थीं और लंबे समय तक विभाग में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें कई बार सम्मानित भी किया गया। विदाई समारोह में परिवारजन और सहकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने उनके स्वस्थ और सुखद भविष्य की कामना की।

### नशामुक्त समाज बनाने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खज्जियार में जिला स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. जालम भारद्वाज के दिशा-निर्देशों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को तम्बाकू और निकोटीन उत्पादों के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुहेल ने बताया कि इस वर्ष की थीम के तहत युवाओं को तम्बाकू की लत से बचाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तम्बाकू कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है। प्रधानाचार्य संदीप कुमार ने भी छात्रों को नशे से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जागरूकता संदेश प्रस्तुत किए और तम्बाकू मुक्त समाज का संकल्प लिया।

### बनीखेत में आषाढ़ नाग मेला 21 जून से

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी एसडीएम कार्यालय में आषाढ़ नाग मेले की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम अनिल भारद्वाज ने की। बैठक में पद्दर मैदान बनीखेत में 21 से 24 जून 2026 तक होने वाले जिला स्तरीय मेले को सफल बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि शोभायात्रा नाग मंदिर बनीखेत से शुरू होकर बस अड्डे तक निकाली जाएगी, जिसमें स्कूली बच्चे, एनसीसी और एनएसएस के कैडेट्स हिमाचली परिधानों में भाग लेंगे। इस वर्ष मेले में तंबोला, बेबी शो और डॉग शो जैसे तीन नए इवेंट शामिल किए गए हैं। सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों को अवसर मिलेगा, जबकि एक रात स्टार नाइट भी आयोजित होगी। सफाई व्यवस्था और यातायात नियंत्रण को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# हर वोट में दिखी बदलाव की उम्मीद

## सरोल पंचायत में मतदान उत्सव : महिलाओं व युवाओं की बढ़ती भागीदारी से दिखी लोकतंत्र की मजबूती

अनंत ज्ञान



**राहुल सहगल, चंबा।** सरोल ग्राम पंचायत में शनिवार को हुए मतदान तीसरे चरण के मतदान के दौरान लोकतंत्र का जीवंत और प्रेरणादायक स्वरूप देखने को मिला। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की ठीक ठाक कतारें लगी रहीं, लेकिन सबसे अधिक चर्चा महिलाओं की भागीदारी को लेकर रही। पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस बार महिलाओं की उपस्थिति और उत्साह ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोकतांत्रिक चेतना लगातार मजबूत हो रही है।

मतदान केंद्रों पर युवतियों, गृहिणियों और बुजुर्ग महिलाओं की सक्रिय मौजूदगी ने चुनावी माहौल को नई ऊर्जा प्रदान की। कई महिलाएं अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने के बाद मतदान केंद्र पहुंचीं और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं के बीच मतदान को लेकर जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसका प्रभाव अब मतदान प्रतिशत और चुनावी भागीदारी में भी साफ दिखाई दे रहा है।

मतदान केंद्र पर पहुंचे धर्मेंद्र यादव ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जागरूक मतदाता होते हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को तय करने की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार के प्रभाव से मुक्त होकर अपने विवेक के आधार पर मतदान करने का आह्वान किया।

भारती ने कहा कि पहले महिलाओं की भागीदारी सीमित रहती थी, लेकिन अब स्थिति तेजी से बदल रही है। महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग हुई हैं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी समाज के सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। जब महिलाएं निर्णय प्रक्रिया में भाग लेती हैं तो लोकतंत्र और अधिक मजबूत बनता है।

युवा मतदाता जतिन ने कहा कि आज का युवा केवल दर्शक नहीं बल्कि बदलाव का भागीदार बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि मतदान युवाओं के लिए अपने विचारों और अपेक्षाओं को लोकतांत्रिक तरीके से व्यक्त करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने युवाओं से मतदान को अपनी जिम्मेदारी समझने की अपील की।

सुमन कुमारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब लोग मतदान के महत्व को पहले से कहीं अधिक समझने लगे हैं। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियानों, शिक्षा और सामाजिक बदलावों के कारण लोगों में मतदान के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हुई है। यही कारण है कि हर चुनाव के साथ मतदाताओं की भागीदारी बढ़ती दिखाई दे रही है।

डॉ. कविता ने कहा कि महिलाओं और युवाओं की बढ़ती भागीदारी लोकतंत्र के स्वस्थ भविष्य का संकेत है। उन्होंने कहा कि मतदान केवल एक संवैधानिक अधिकार नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व भी है। उन्होंने विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले युवाओं और महिला मतदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि उनका उत्साह लोकतंत्र को नई मजबूती प्रदान कर रहा है।

सरोल ग्राम पंचायत में मतदान के दौरान दिखाई दिया उत्साह इस बात का प्रमाण है कि लोकतंत्र की जड़ें गांव-गांव तक मजबूत हो रही हैं। महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ने यह संदेश दिया कि जागरूक नागरिक ही सशक्त लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान हैं।

# चूड़ी जीरो से धरवाला बाजार तक वाहनों की लगी कतारें, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

अनंत ज्ञान



**देशराज कश्यप, धरवाला।** नेशनल हाईवे 154 ए पर धरवाला नामक स्थान पर टारिंग कार्य के चलते वाहन चालकों सहित राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है जिससे न सिर्फ यात्रियों को बल्कि सरकारी कर्मचारियों स्कूली बच्चों सहित अन्य संसाधनों में पढ़ने वाले बच्चों को भी दिक्कतें पेश आ रही हैं। चूड़ी जीरो से धरवाला लोथल नामक स्थान तक संकरा सड़क मार्ग होने वह टारिंग कार्य के चलते प्रतिदिन लोगों को एक लंबे जाम का सामना करना पड़ रहा है चंबा की तरफ से आने वाली निजी बसों को चूड़ी जीरो पर ही खड़ा किया जा रहा है जिससे लगभग 1 किलोमीटर तक सवारियों को अपना सामान उठाकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है।

चूड़ी जीरो से लेकर धरवाला मुख्य बाजार तक दोनों तरफ से लगे लंबे जाम के बीच में न सिर्फ वाहन चालकों बल्कि राहगीरों के भी प्रतिदिन पसीने छूट रहे हैं वहीं छोटे-बड़े कर्मचारियों सहित स्कूली बच्चे भी प्रतिदिन वाहनों की अदला बदली कर अपने स्कूल तथा कार्यालय पहुंच रहे हैं।

स्थानीय निवासी राजेश शर्मा, अनित ठाकुर, काकू राम, पप्पी शर्मा, सोनू, जरासंध, मनीष शर्मा, रीना शर्मा, सीटू शर्मा, पूजा, महेंद्र इत्यादि लोगों का कहना है कि चूड़ी जीरो से लेकर धरवाला तक ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि लंबी लंबी कतारों से वाहन चालकों सहित राहगीरों को निजात मिल सके।

# नप डलहौजी में नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 4 जून को

अनंत ज्ञान




**अजीत सिंह, डलहौजी।** एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज ने बताया कि नगर परिषद डलहौजी के हाल ही में नवनिर्वाचित 9 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 4 जून को आयोजित किया जायेगा। यह शपथ ग्रहण समारोह 11बजे नगर परिषद कार्यालय में आयोजित किया जाएगा और सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। इस शपथ ग्रहण के साथ ही नई नगर परिषद औपचारिक रूप से कार्यभार संभालेगी। शपथ ग्रहण के बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चयन प्रक्रिया होगी। यह पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शिता से संपन्न की जाएगी। डलहौजी निवासियों ने नवनिर्वाचित पार्षदों से शहर के विकास और बुनियादी सुविधाओ को प्राथमिकता देने की उम्मीद जताई है।

# आज भरमौर कॉलेज में पंचायत चुनाव मतगणना दो चरणों में होगी पूरी

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** उपमंडल अधिकारी भरमौर एवं रिटर्निंग अधिकारी विकास शर्मा ने बताया कि 31 मई को राजकीय महाविद्यालय भरमौर में पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य चुनाव-2026 के अंतर्गत विकास खंड भरमौर के पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य के मतों की गणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में गरोला, चौबिया, हड़सर, न्याग्रा, कुलेठ, होली, चनोता, सीयूर पंचायत समिति के मतों की गणना की जाएगी। वहीं दूसरे चरण में जगत, दुर्गेटी, तूंदा, पुलन, खणी, भरमौर, संचुई पंचायत समिति के मतों की गणना की जाएगी। विकास शर्मा ने बताया कि पंचायत समिति गरोला के लिए 6, चौबिया के लिए 5, हड़सर के लिए 2, न्याग्रा के लिए 3, कुलेठ के लिए 3, होली के लिए 5, चनोता के लिए 5 और सीयूर के लिए 2 मतगणना काउंटर स्थापित किए गए हैं। वहीं दूसरे चरण में पंचायत समिति जगत के लिए 4, दुर्गेटी के लिए 5, तूंदा के लिए 4, पुलन के लिए 6, खणी के लिए 6, भरमौर के लिए 3 और संचुई के लिए 3 मतगणना काउंटर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि खणी और भरमौर जिला परिषद वार्ड की मतगणना एक ही चरण में होगी और खणी जिला परिषद वार्ड के लिए 21 व भरमौर जिला परिषद वार्ड के लिए 10 मतगणना काउंटर स्थापित किए गए है। उन्होंने ने सभी काउंटिंग एजेंट से आग्रह किया है कि अपने साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो जरूर साथ में लेकर आएं।

# भड़िया-बघार सड़क को मिली वन स्वीकृति

## विधायक नीरज नैय्यर का ग्रामवासियों ने जताया आभार

अनंत ज्ञान



**चंबा।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली भड़िया-बघार सड़क के लिए वन विभाग की बहुप्रतीक्षित स्वीकृति मिलने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लंबे समय से सड़क निर्माण की राह में सबसे बड़ी बाधा बनी वन स्वीकृति मिलने के बाद ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। ग्रामवासियों ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय विधायक नीरज नैय्यर के निरंतर प्रयासों और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देते हुए उनका हार्दिक धन्यवाद किया।

ग्रामीणों का कहना है कि भड़िया-बघार सड़क वर्षों से क्षेत्र की प्रमुख मांग रही है, जिसके लिए विधायक ने विभिन्न स्तरों पर लगातार प्रयास किए। उन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि अब सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इस अवसर पर क्षेत्र के ग्रामवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक नीरज नैय्यर से मिला और उन्हें बधाई एवं धन्यवाद दिया। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) चरण-4 के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधाएं मिलेंगी और विकास को नई गति प्राप्त होगी। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच आसान होगी, साथ ही क्षेत्र की सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने विधायक नीरज नैय्यर के विकासोन्मुखी दृष्टिकोण और जनहित के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी क्षेत्र के विकास से जुड़े अन्य लंबित कार्यों को इसी प्रकार प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

# नौगजा पीर सिसवां में 4 जून को 31वां सालाना उर्स, कव्वाली से सजेगी महफिल

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** नौगजा पीर (नवाज घाट) सिसवां में 31वां सालाना उर्स मुबारक आगामी 04 जून वीरवार को पूरी अकीदत और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस आयोजन में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, और मजार पर चादर चढ़ा अपने परिवार और समस्त मानव कल्याण की दुआ मांगते है। सूफियाना कलाम व कव्वाली की महफिलें सजती हैं, जिसमे दिग्गज व नामी सूफी कव्वाल अपनी कव्वालियों से समारोह में समां बांध देते है। यह जानकारी पीर जी गद्दीनशीन सईयद मौलाना मुनतजीम अली शाह ने दी।

इस अवसर पर एस ए खान- जनरल सेक्रेटरी, चेतन प्रकाश, बलविंदर सिंह कुंभडा, जसदीप सिंह निहंग और सज्जन सिंह सरपंच भी उपस्थित थे। चंडीगढ़ प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता के दौरान पीर जी सईयद मौलाना मुनतजीम अली शाह ने बताया कि नौगजा पीर (नवाज घाट) सिसवां में 31वां सालाना उर्स मुबारक पूरी इबादत-अकीदत और धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस पाक मौके पर बाबा नौ गजा पीर जी की दरगाह व बाबा शाहजी मौलाना अब्दुल रहीम शाह जी की दरगाह पर चादर चढ़ाने की रस्म अदा की जाती है।उर्स मुबारक मेले में देश के विभिन्न कोनों से भारी संख्या में श्रद्धालु दरगाह में पहुंचते हैं और अपनी, अपने परिवार व समस्त मानव कल्याण की सुख शांति व सलामती के लिए दुआ मांगते हैं।। उर्स मुबारक मेले के दौरान आयोजित सूफियाना कलाम और कव्वाली की रातें इस आयोजन का मुख्य केंद्र होती हैं। इस बार नामी बॉलीवुड सिंगर कमाल खान, सूफी गायक इशरत गुलाम अली, सूफी गायक काशी नाथ, सूफी गायक सरदार अली और सूफी गायक विनीत खान अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं को निहाल करेंगे। उर्स मुबारक मेले मौके पर एक विशाल लंगर का आयोजन होता है, जिसमें सभी धर्मों और समुदायों के लोग बढ़-चढ़कर शामिल होते हैं।

# नारनौल में बीपीएल बुजुर्गों को मिलेगी श्री सोमनाथ की मुफ्त यात्रा

**अनंत ज्ञान, नारनौल।** प्रदेश सरकार बीपीएल परिवारों के वरिष्ठ नागरिकों को श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराने के लिए विशेष धार्मिक यात्रा का आयोजन करने जा रही है। इस योजना के तहत आठ जून को कुरुक्षेत्र रेलवे जंक्शन से एक स्पेशल ट्रेन रवाना की जाएगी। मुख्यमंत्री इस विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इच्छुक श्रद्धालु छह जून तक सरल पोर्टल पर आवेदन कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

शनिवार को उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि यात्रा में शामिल होने के लिए पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। यह सुविधा पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से तीर्थ यात्रियों के रहनेए खाने और स्थानीय परिवहन की पूरी व्यवस्था की जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यात्रा से पहले मेडिकल जानकारी उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। श्रद्धालुओं को अपनी मेडिकल हिस्ट्री साझा करनी होगी, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी स्वास्थ्य संबंधी स्थिति में उचित सहायता प्रदान की जा सके। इसके साथ ही अधिकृत एवं योग्य चिकित्सक द्वारा जारी मेडिकल प्रमाण पत्र भी आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर लिवासा अस्पताल में जागरूकता सत्र आयोजित

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर, लिवासा अस्पताल, मोहाली ने तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में लोगों को शिक्षित करने और इसे छोड़ने की दिशा में पहला कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जागरूकता सेशन का आयोजन किया।

सीईओ-लिवासा अस्पताल, अनुराग यादव ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य तंबाकू के समग्र स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना था, जिसमें कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों के विकार, स्ट्रोक और कई अन्य जानलेवा स्थितियों में इसकी भूमिका शामिल है।

मेडिकल ऑन्कोलॉजी डायरेक्टर डॉ. जतिन सरीन ने तंबाकू और कैंसर के बीच संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कैंसर से होने वाली मौतों का एक बड़ा प्रतिशत सीधे तौर पर तंबाकू के सेवन से जुड़ा है और इनमें से कई मामलों को समय रहते तंबाकू छोड़ने से रोका जा सकता है। पल्मोनोलॉजी सलाहकार डॉ सोनल ने कहा कि तंबाकू धीरे-धीरे फेफड़ों की कार्यक्षमता को नुकसान पहुंचाता है और सीओपीडी और एम्फीसेमा जैसी पुरानी श्वसन संबंधी बीमारियों के प्रमुख कारणों में से एक है।

न्यूरोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर और विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि धूम्रपान रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाकर और मस्तिष्क में ऑक्सीजन की आपूर्ति कम करके स्ट्रोक और तंत्रिका संबंधी विकारों के जोखिम को काफी हद तक बढ़ा देता है। हृदय संबंधी जोखिमों के बारे में बात करते हुए, कार्डियक साइंसेज के अध्यक्ष डॉ एचके बाली ने कहा कि तंबाकू के सेवन का कोई सुरक्षित स्तर नहीं है और तंबाकू छोड़ने से समय के साथ दिल के दौरे और हृदय रोगों का जोखिम काफी कम हो जाता है। मेडिकल ऑन्कोलॉजी के वरिष्ठ सलाहकार डॉ प्रियांशु ने कहा कि परामर्श, चिकित्सा सहायता और परिवार का प्रोत्साहन सफलतापूर्वक तंबाकू छोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# जींद : पशिचम विक्षोभ हुआ सक्रिय, हुई तेज बारिश

**अनंत ज्ञान, जींद।** पशिचमी विक्षोभ की सक्रियता ने शनिवार को अचानक से मौसम में बदलाव ला दिया। पहले तेज आंधी चली और फिर देखते ही देखते तेज बारिश शुरू हो गई। हालांकि, बारिश कुछ समय ही चली लेकिन लोगों को गर्मी से राहत मिली। भीषण गर्मी के कारण फसलें तथा सब्जियां झुलसने लगी थी। भीषण गर्मी का कामकाज पर भी प्रभाव पड़ रहा था। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी बादल आकाश में बने रहेंगे। कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हो सकती है। तापमान में भी गिरावट आएगी। आगे मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। गर्मी से राहत जारी रहेगी। शनिवार को अचानक से तेज आंधी के साथ बारिश हुई। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। शनिवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम में आद्रता 24 प्रतिशत तथा हवा की गति 12 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार मौसम अगले 24 घंटों के दौरान आकश में बादलवाई बनी रहने के साथ बूंदाबांदी की संभावना है। तापमान मे भी गिरावट आएगी। बारिश के चलते मौसम सुहाना हो गया। तापमान मे भी दो से तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, बारिश ज्यादा देर तक जारी नही रही। फिर भी कुछ हद तक गर्मी से राहत देने का कार्य किया है। शनिवार को दिन का आगाज साफ मौसम के साथ हुआ। हवा भी ठंडी रही। दिन चढ़ने के साथ आकाश में धूल जमे बादल दिखाई देने लगे। बाद में मौसम ने तेजी से करवट ली और धूल भरी हवा चलने लगी। जिसके चलते बिजली भी गुल हो गई। कुछ समय के बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। जिसने गर्मी तथा धूल भरी हवा से राहत दिलाई। हालांकि बारिश ज्यादा देर जारी नही रही।

# देश को अब एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत : अरविंद केजरीवाल

अनंत ज्ञान

◆ नीट विवाद और शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार पर साधा निशाना



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने देश में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों और परीक्षा प्रणाली की खामियों को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अब देश को एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत है, जो शिक्षा व्यवस्था की जमीनी समस्याओं को समझ सके और उनका वास्तविक समाधान निकाल सके।

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि नीट सहित विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक रोकने के नाम पर सरकार केवल दिखावटी कदम उठा रही है, जबकि समस्या की जड़ तक पहुंचने की कोई गंभीर कोशिश नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि वायुसेना के जहाजों और बुलेटप्रूफ वाहनों से प्रश्नपत्रों के परिवहन जैसी घोषणाएं व्यावहारिक समाधान नहीं हैं, बल्कि केवल प्रचार और नौटंकी का हिस्सा हैं। उन्होंने दावा किया कि देश की शिक्षा व्यवस्था अब एक बड़े 'माफिया नेटवर्क' के प्रभाव में आ चुकी है, जो परीक्षाओं की निष्पक्षता और पारदर्शिता को लगातार कमजोर कर रहा है। केजरीवाल के अनुसार, सरकार का ध्यान असली लीकेज और गड़बड़ियों को खत्म करने के बजाय केवल औपचारिक और प्रतीकात्मक कदमों पर है, जिससे स्थिति और गंभीर होती जा रही है।

उन्होंने एक छात्र के मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि परीक्षा में कथित गड़बड़ी की शिकायत करने पर उसे ट्रोलिंग और बदनामी का सामना करना पड़ा, जो बेहद चिंताजनक है। यह दर्शाता है कि व्यवस्था में पारदर्शिता की भारी कमी है और शिकायत करने वालों को दबाने की कोशिश की जाती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रणाली को सुधारने के लिए देश के सभी वर्गों को मिलकर आवाज उठानी होगी।

# सिरसा : जलघर की डिग्गी में डूबने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** सिरसा जिले के गांव जमाल में जलघर की डिग्गी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव जमाल निवासी राजवीर के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। ग्रामीणों ने शनिवार को जलघर की डिग्गी में एक युवक की लाश देखी और सूचना पुलिस को दी।

ग्रामीणों ने पुलिस की मौजूदगी में युवक की लाश को डिग्गी से बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि राजवीर अविवाहित है और उसका एक भाई भी है। दोनों भाई मजदूरी का काम करते थे। उनके माता पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है। युवक के जलघर की डिग्गी में डूबने के कारण का अभी कोई पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उधर, डबवाली में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक की पहचान बॉबी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बॉबी पारिवारिक तनाव के चलते मानसिक रूप से परेशान था। बॉबी ने घर में ही फंदा लगाकर सुसाइड किया। डबवाली के एसएचओ देवीलाल ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं और शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# हीलिंग हॉस्पिटल चंडीगढ़ का बड़ा रिकॉर्ड 6000+ एआई रोबोलेंस नी प्रोसीजर पूरे



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** भारत में ऑर्थोपेडिक हेल्थकेयर के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए हीलिंग हॉस्पिटल चंडीगढ़ ने 6000 से अधिक एआई-आधारित रोबोलेंस एफटी-3डी घुटने के रिसर्फेसिंग प्रोसीजर सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। इसके साथ ही अस्पताल ने अगली पीढ़ी का पूरी तरह ऑटोमेटिक 'रोबोटिक एफटी-3डी नी रिसर्फेसिंग प्रोग्राम' भी लॉन्च किया है।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, यह तकनीक एआई-आधारित सर्जिकल प्लानिंग को ऑगमेंटेड रियलिटी विजुअलाइजेशन के साथ जोड़ती है, जिससे सर्जरी के दौरान अधिक सटीकता और बेहतर परिणाम मिलते हैं। अस्पताल के मैनेजिंग पार्टनर दृशमीत सिंह बुट्टर ने कहा कि भविष्य की सर्जरी एआई, रोबोटिक्स और एडवांस्ड एनालिटिक्स पर आधारित होगी। उनका कहना है कि यह तकनीक मरीजों को अधिक सुरक्षित और बेहतर उपचार अनुभव देने में मदद कर रही है।

विशेषज्ञों के अनुसार, यह सिस्टम सटीक जॉइंट मैपिंग, इम्प्लांट पोजिशनिंग और मिनिमल इनवेसिव प्रक्रिया पर केंद्रित है, जिससे रक्तस्राव कम होता है और रिकवरी तेज होती है। डॉक्टरों ने बताया कि व्यक्तिगत मरीज की जरूरतों के अनुसार ट्रीटमेंट प्लान तैयार करना इस तकनीक की सबसे बड़ी खासियत है, जिससे लॉन्ग टर्म मोबिलिटी और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। अस्पताल का दावा है कि इस एडवांस्ड रोबोटिक तकनीक की वजह से देश के साथ-साथ विदेशों से भी मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

# रेवाड़ी में अतिक्रमण पर चला पीला पंजा, मचा हड़कंप

अनंत ज्ञान

**रेवाड़ी।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की टीम ने शनिवार को शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया। प्रशासन की कार्रवाई शुरू होते ही अतिक्रमणकारियों और दुकानदारों में हड़कंप मच गया। टीम ने सड़क और सार्वजनिक भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए कई स्थानों से दुकानदारों का सामान भी हटवाया।

कार्रवाई की सूचना मिलते ही कई दुकानदारों ने अपना सामान स्वयं हटाना शुरू कर दिया, जबकि कुछ स्थानों पर टीम को सामान जब्त करने की कार्रवाई भी करनी पड़ी। अधिकारियों का कहना है कि सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी तथा आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि, कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध भी जताया। उनका आरोप था कि प्रशासन की कार्रवाई पूरी तरह निष्पक्ष नहीं है। लोगों का कहना है कि छोटे दुकानदारों और गरीब परिवारों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाती हैए जबकि बड़े और प्रभावशाली लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को नजरअंदाज किया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में कई जगहों पर लंबे समय से बड़े स्तर पर अतिक्रमण मौजूद है, लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं की जाती।

एक निवासी ने कहा कि गरीबों की झुग्गियां और छोटे कारोबारियों के सामान को हटाने में प्रशासन तेजी दिखाता है, जबकि बड़े लोगों के मामलों में कार्रवाई वर्षों तक लंबित रहती है। लोगों ने मांग की कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई बिना किसी भेदभाव के सभी के खिलाफ समान रूप से की जानी चाहिए। उनका कहना है कि यदि प्रशासन निष्पक्ष तरीके से कार्रवाई करेगा तो लोगों का भरोसा भी बढ़ेगा और शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने का उद्देश्य भी सफल होगा। वहीं, एचएसवीपी अधिकारियों का कहना है कि अभियान नियमानुसार चलाया जा रहा है और सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# ठियोग में दलित प्रत्याशी के घर भोजन से मचा बवाल

◆ पंचायत चुनाव में गरमाया छुआछूत का मामला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पंचायत चुनावों के बीच जिला शिमला के ठियोग क्षेत्र का एक मामला पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया है। एक दलित महिला प्रत्याशी के घर भोजन करने पहुंचे नेताओं का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवाद गहरा गया है। देखते ही देखते यह मामला केवल एक वीडियो तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक बहिष्कार, छुआछूत, जातीय भेदभाव और संवैधानिक मूल्यों पर बहस का केंद्र बन गया। चुनावी माहौल में उठे इस विवाद ने क्षेत्र की सामाजिक और राजनीतिक फिजा को भी गर्मा दिया है।

जानकारी के अनुसार, ठियोग की टियाली जिला परिषद वार्ड से चुनाव लड़ रही एक दलित महिला प्रत्याशी के घर कुछ राजनीतिक नेताओं ने भोजन किया था। इस दौरान बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया। इसके बाद कुछ लोगों ने इसे देव समाज का अपमान बताते हुए विरोध जताया और कथित सामाजिक बहिष्कार की चेतावनियों की चर्चा भी सामने आई। मामला बढ़ने पर विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों की प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगीं। प्रशासन ने भी मामले पर नजर बनाए रखी है।

एसडीएम ठियोग शशांक गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि यदि सामाजिक बहिष्कार, छुआछूत या भेदभाव से जुड़ी कोई औपचारिक शिकायत प्रशासन को प्राप्त होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल उनके पास इस संबंध में कोई औपचारिक शिकायत नहीं पहुंची है।

### ज्ञान-विज्ञान समिति ने जताई गहरी चिंता

हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति ने पूरे घटनाक्रम पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। समिति के राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर, संस्थापक सदस्य गोविंद चतरांटा तथा समता संयोजिका सुमित्रा चंदेल ने कहा कि 21वीं सदी में भी इस प्रकार की मानसिकता संविधान और सामाजिक समानता की भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव के दौरान इस मुद्दे को राजनीतिक रंग देकर समाज में विभाजन पैदा करने का प्रयास नहीं होना चाहिए। समिति ने प्रशासन से ऐसे मामलों में संवेदनशीलता के साथ हस्तक्षेप कर सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की मांग की है।

# नगर निगमों, जिला परिषद और बीडीसी के आज आएंगे नतीजे

## प्रदेश के 91 विकास खंडों में सुबह नौ बजे से शुरू होगी मतगणना

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** रविवार को प्रदेश भर में चार नगर निगमों के चुनाव, जिला परिषद और बीडीसी के परिणाम घोषित किए जाएंगे। सुबह से शुरू होने वाली मतगणना देर रात तक चल सकती है, जबकि नगर निगमों के नतीजे अपेक्षाकृत जल्दी सामने आने की संभावना है। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतगणना को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार प्रदेश के 91 विकास खंडों में सुबह नौ बजे से बीडीसी और जिला परिषद सदस्यों के मतों की गणना शुरू होगी। बीडीसी सीटों की मतगणना पहले चरण में की जाएगी, जबकि उसके बाद जिला परिषद वार्डों के मतों की गिनती होगी। जिला परिषद के प्रत्येक वार्ड में मतों की संख्या को देखते हुए 15 से 20 तक गणना टेबलें स्थापित की




गई हैं। एक वार्ड की मतगणना में लगभग 35 अधिकारी और कर्मचारी तैनात रहेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर इनकी संख्या बढ़ाई भी जा सकेगी।

इसके अलावा राज्य निर्वाचन आयोग ने इस बार चुनाव ड्यूटी से लौटे पोलिंग कर्मियों को राहत देते हुए उन्हें मतगणना प्रक्रिया से अलग रखा है। मतों की गिनती के लिए अलग से कर्मचारियों और अधिकारियों की नियुक्ति की गई है ताकि प्रक्रिया अधिक सुचारू और व्यवस्थित ढंग से पूरी हो सके। कई बड़े जिला परिषद वार्डों में मतों की संख्या अधिक होने के कारण परिणाम देर रात अथवा अगले दिन तक भी घोषित किए जा सकते हैं। उधर नगर निगम सोलन, मंडी, धर्मशाला और पालमपुर के चुनाव परिणामों को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

इन निकायों की मतगणना निर्धारित केंद्रों पर सुबह शुरू होगी और प्रशासन का लक्ष्य है कि अधिकांश परिणाम पूर्वाह्न तक घोषित कर दिए जाएं। मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखा गया है तथा सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है।

◆ नगर निगमों के परिणाम 12 बजे तक आने की उम्मीद

### चुनाव आयोग ने किए सुरक्षा के कड़े प्रबंध

**राज्य** निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मतगणना केंद्रों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ परिणामों की घोषणा भी समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाए। आयोग के अनुसार अतिरिक्त स्टाफ और वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी तैयार रखी गई हैं ताकि किसी भी परिस्थिति में मतगणना प्रक्रिया प्रभावित न हो। बहरहाल, अब पूरे प्रदेश को उस क्षण का इंतजार है जब मतपेटियों में बंद जनादेश सामने आएगा और पंचायतों से लेकर नगर निगमों तक नए जनप्रतिनिधियों की तस्वीर साफ होगी।

# बुजुर्ग-दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुविधाएं नहीं होने पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान


अपनी बुजुर्ग दादी को उठाकर मतदान केंद्र तक लेकर जाता उसका पोता।

**घनारी।** पंचायत चुनावों के दौरान कई मतदान केंद्रों पर बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाओं के अभाव को लेकर लोगों ने चिंता जताई है। मतदान के दौरान ऐसे कई दृश्य देखने को मिले, जहां चलने-फिरने में असमर्थ बुजुर्गों को परिजन सहारा देकर या गोद में उठाकर मतदान केंद्र तक पहुंचाते नजर आए। वहीं दिव्यांग मतदाताओं को भी मतदान केंद्रों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

◆ कई मतदान केंद्रों पर सहायक उपकरणों के अभाव से हुई परेशानी

स्थानीय लोगों का कहना है कि विधानसभा और लोकसभा चुनावों के दौरान विशेष आवश्यकता वाले मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं, इसके विपरीत पंचायत चुनावों में ऐसी व्यवस्थाएं अधिकांश स्थानों पर दिखाई नहीं दीं, जिससे कई मतदाताओं को असुविधा हुई। लोगों ने कहा कि मतदान केंद्रों पर व्हीलचेयर, स्वयंसेवकों की सहायता और सुगम पहुंच जैसी व्यवस्थाएं की जानी चाहिए थीं। इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा कि चुनावी प्रक्रिया में मतदाताओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। लोगों का कहना है कि भविष्य में पंचायत चुनावों के दौरान भी विशेष आवश्यकता वाले मतदाताओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि किसी भी मतदाता को अपने मताधिकार के प्रयोग में कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने का दिया संदेश

# जेपी नड्डा ने परिवार सहित किया मतदान

अनंत ज्ञान


मतदान करने के बाद परिवार सहित केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को अपने पैतृक क्षेत्र विजयपुर में परिवार सहित मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाई। इस अवसर पर उन्होंने मतदान केंद्र विजयपुर - सुंगाना पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया तथा लोगों से भी बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर मल्लिका नड्डा तथा बेटा हरीश नड्डा भी उपस्थित रहे।

मतदान के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए नड्डा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदान करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि देश और समाज के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उन्होंने मतदाताओं से निष्पक्ष और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। इस दौरान उनके परिवार के सदस्यों ने भी मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। मतदान केंद्र पर स्थानीय लोगों में केंद्रीय मंत्री के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। कई मतदाताओं ने उनके साथ मुलाकात कर क्षेत्र के विकास संबंधी विषयों पर भी चर्चा की।

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की मतदान में भागीदारी को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक माना जा रहा है।

# देवर-भाभी की जोड़ी ने संभाली अपर बरोट पंचायत की कमान

अनंत ज्ञान




**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत अपर बरोट में इस बार पंचायत चुनावों में एक अनोखा और दिलचस्प परिणाम सामने आया है। पंचायत की जनता ने देवर-भाभी की जोड़ी पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए शकुंतला कौशल को लगातार दूसरी बार पंचायत प्रधान चुना है। पहले पौंटा पंचायत से प्रधान रह चुके तथा उनके देवर अधिवक्ता रवि कौशल को लगातार दूसरी बार अपर बरोट पंचायत से निर्वाचित किया है। समर्थकों ने दोनों नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में पंचायत के सर्वांगीण विकास की उम्मीद जताई। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कार्यकाल में दोनों प्रतिनिधियों ने पंचायत के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और लोगों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने का कार्य किया, जिसके चलते उन्हें दोबारा जनादेश मिला है। प्रधान शकुंतला कौशल और उपप्रधान रवि कौशल ने पंचायतवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे तथा पंचायत के विकास को नई गति देने के लिए मिलकर कार्य करेंगे।

# क्या खुलेगी भाजपा की भीतरी व्यवस्था की पोल?

## जिला परिषद के नतीजों से कौन होगा मजबूत किसे मिलेगी 'मात'

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर।** जिला परिषद चुनावों के नतीजे आज आ जाएंगे। धुकधुकी इधर भी है और उधर भी। मतलब कांग्रेस को इन चुनावों से ज्यादा कुछ मिलेगा या नहीं। इसकी फिक्र कांग्रेस के भीतर ज्यादा नहीं दिखती। भाजपा के लिए यह चुनाव नतीजे बेहद महत्वपूर्ण इसलिए माने जा रहे हैं, क्योंकि यहां बाहरी और पुराने नेताओं के दरमियान अंदरूनी तौर पर जो जंग चल रही है, उसका पटाक्षेप यही नतीजे तो करेंगे। 19 सदस्यीय हमीरपुर जिला परिषद के अध्यक्ष पद पर आमतौर पर भाजपा का ही कब्जा रहा है। पहली मर्तबा के चुनाव को छोड़ दिया जाए तो 1993 से लेकर अभी तक भाजपा का एक तरफा कब्जा इस पर रहा है। अबकी बार परिस्थितियां इसलिए अलग हैं, क्योंकि पार्टी के भीतर यहां इन चुनावों को लेकर खूब घमासान चला रहा है। कोई कह रहा है कि असली और नकली भाजपा का मुकम्मल तौर पर यही चुनाव नई इबारत लिख देंगे। लेकिन इस बात का भी पता चलेगा कि पार्टी के अंदर इन चुनावों के दरमियान क्या कुछ घटा, किस-किस ने मन को शांत करने और विरोधियों को मजा चखाने के लिए कितना कुछ काम किया है। किस-किस की रणनीति क्या रही है। क्या पार्टी के भीतर इस तरह का रवैया उसकी कब्र खोद रहा है, या फिर अपनी अपनी लड़ाई में पार्टी के दोनों धड़े अभी नहीं तो कभी नहीं, की लड़ाई के जरिए खुद को बेहतर साबित करने का हथियार डाल गए हैं।

### क्या भाजपा को मिलेगी जिप की चेयरमैनी?

**भाजपा** के भीतर हमीरपुर, सुजानपुर बड़सर और भोज में गुटबाजी के कारण माहौल अजीबोगरीब ही रहा है एक दूसरे को ठिकाने लगाने के लिए अंदरूनी तौर पर हुए अपने मंसूबों में साबित हो पाए हैं या नहीं। अब नतीजे ही बताएंगे कि किसकी वोटर ने सुनी है और किसकी नहीं। यदि इनके नतीजे भाजपा के लिए सुखद रहे, तो जिला परिषद की चेयरमैनी का रास्ता उसके लिए निकलना मुश्किल नहीं होगा। क्योंकि नादौन में भाजपा के भीतर गुटबाजी को लेकर तो कुछ नहीं है। मगर यह विधानसभा क्षेत्र जहां से जिला परिषद की चार सीटें हैं, मुख्यमंत्री का गृह क्षेत्र है। इसलिए मुख्यमंत्री के लिए भी यह चुनाव नतीजे उतने ही महत्वपूर्ण होंगे।

# ग्रामीण संसद चुनने की चाह रही अधूरी

## वोटर लिस्ट में नाम न होने पर वोट नहीं डाल सके कई मतदाता

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** पंचायतीराज चुनावों के दौरान मतदाता सूचियों में कथित खामियों के कारण कई ग्रामीण अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित रह गए। प्रभावित लोगों ने चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए मामले की शिकायत चुनाव आयोग से करने की बात कही है। ग्राम पंचायत तलूणा के निगान निवासी हुक्म चंद चौधरी और उनकी पत्नी अन्नुपूर्णा चौधरी ने आरोप लगाया कि उनके परिवार के चार सदस्यों के नाम बिना अनुमति मतदाता सूची से हटा दिए गए। उन्होंने बताया कि कई वर्ष पूर्व उन्होंने अपना नाम ग्राम पंचायत आनी से स्थानांतरित कर तलूणा पंचायत में दर्ज करवाया था तथा पिछले पंचायत चुनावों में भी उन्होंने यहीं मतदान किया था। लेकिन इस बार मतदान केंद्र पहुंचने पर उनका, उनके बेटे राहुल और बहू बनिता का नाम सूची में नहीं मिला। उनका कहना है कि यदि नाम हटाना था तो पुरानी पंचायत से हटाया जाना चाहिए था, न कि वर्तमान पंचायत से। इसी प्रकार आनी खण्ड की ग्राम पंचायत बखनाओं की पूजा ठाकुर, ,जाबन पंचायत के अमरबाग निवासी मेहर चंद,बयूंगल पंचायत के किशोरी लाल और उनकी पत्नी पूजा ठाकुर, पार्थ ठाकुर,ग्राम पंचायत आनी के हिमांशु गुप्ता और शिवांश गुप्ता, निरमण्ड खण्ड की नोर पंचायत के शलाट निवासी 65 वर्षीय कमलू राम और उनकी पत्नी चिंता देवी का नाम भी मतदाता सूची में नहीं मिला। वहीं निरमण्ड की शिशवा पंचायत के शिशवा वार्ड में एक ही परिवार के नौ सदस्यों—संजीव कुमार, जितेंद्र, विमला देवी, सेस राम, बिहारी लाल, सुरमा देवी, किरण तथा अन्य सदस्यों—के नाम भी सूची से गायब पाए गए। ग्राम पंचायत विनन के अनमोल ठाकुर , हरिकृष्ण ठाकुर आदि ने भी कई मतदाताओं के नाम गायब होने तथा अन्य पंचायतों के लोगों के नाम सूची में दर्ज होने की शिकायत की है। उनका कहना है कि पंचायत में पूर्व वार्ड सदस्य रहे मधु बिष्ट और उनकी पत्नी आशा बिष्ट , रविंद्र कुमार, कुशाल , लाल चंद सहित दोहरी, सेरी बील वार्डों के कई नाम बिना किसी की अनुमति के ही गायब हो गए हैं। जबकि इन्हें सॉफ्टवेयर द्वारा अपने आप डिलीट कर दिए जाने का भी तर्क लोगों को दिए गए,जबकि कुछेक नामों को बिना अनुमति के या आवेदन के ही काटकर दूसरी पंचायत में शिफ्ट करने की बात कही गयी। उधर, पंचायत निरीक्षक आनी जोगेंद्र शर्मा ने बताया कि बिना मतदाता की अनुमति के किसी के भी नाम को एक पंचायत से काटकर दूसरी में दर्ज नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का मास्टर डाटा भारतीय चुनाव आयोग से प्राप्त हुआ है।

# मतदाता सूची से नाम गायब होने पर लोगों ने उठाए सवाल

अनंत ज्ञान

**घनारी।** गगरेट उपमंडल के विभिन्न गांवों में पंचायत चुनाव के दौरान कई पात्र मतदाताओं के वोटर सूची में नाम दर्ज न होने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि आवश्यक दस्तावेज और औपचारिकताएं पूरी करने के बावजूद कई युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सके, जिसके चलते वे मतदान करने से वंचित रह गए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन की ओर से समय-समय पर नए मतदाताओं के पंजीकरण को लेकर निर्देश जारी किए जाते रहे हैं, लेकिन कुछ मामलों में इनका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पाया। इसका असर उन युवाओं पर पड़ा, जो पंचायत चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने की उम्मीद लगाए बैठे थे। क्षेत्र के कुछ अभिभावकों ने बताया कि उन्होंने अपने बच्चों के मतदाता पंजीकरण के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत संबंधित कर्मचारियों को सभी आवश्यक प्रमाणपत्र और दस्तावेज उपलब्ध कराए थे, लेकिन इसके बावजूद नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए।

इससे युवाओं में निराशा और नाराजगी देखी गई। एक अन्य मामले में एक अभिभावक ने दावा किया कि उनके परिवार के एक सदस्य का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सका। उनका कहना है कि संबंधित व्यक्ति ने पंचायत चुनाव भी लड़ा और बेहद कम अंतर से चुनाव हार गया। हालांकि इस संबंध में प्रशासनिक स्तर पर कोई आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है।

# नगर निकायों व पंचायत संस्थाओं को 'हाईजैक' करने की कोशिश: डॉ. बिंदल

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर नगर निकाय और पंचायती राज चुनावों को प्रभावित करने तथा जनता के जनादेश को पलटने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मूल्यों को कमजोर कर रही है। डॉ. बिंदल ने कहा कि जिन पंचायती राज चुनावों का आयोजन वर्ष 2025 में होना चाहिए था, उन्हें जानबूझकर टालकर प्रदेश को संवैधानिक संकट की स्थिति में पहुंचाया गया। उन्होंने चुनाव संपन्न कराने में सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जनता न्यायपालिका की आभारी है। डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार की नीतियों और वादाखिलाफी से नाराज है, जिसका असर चुनावी नतीजों में दिखाई दे रहा है। इसी वजह से सरकार अब प्रशासनिक प्रभाव, सत्ता बल और नियमों में बदलाव के माध्यम से नगर परिषदों, बीडीसी और जिला परिषदों में अपना वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि 17 मई को हुए नगर निकाय चुनावों के बाद निर्वाचित पार्षदों की अधिसूचना समय पर जारी नहीं की गई, जिसके लिए भाजपा को न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। इसके बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनावों की प्रक्रिया में संशोधन कर उपायुक्तों को बैठक बुलाने का विवेकाधीन अधिकार दे दिया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद नियमों में बदलाव करना लोकतंत्र और संविधान की भावना के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक लाभ के लिए स्थापित प्रक्रियाओं को बदल रही है और जनता द्वारा दिए गए जनादेश को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है।

# विधायक दिलीप की गृह पंचायत में कांग्रेस और पवन के गढ़ में भाजपा ने लगाई सेंध

## पंचायत चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के बीच रही कांटे की रही टक्कर

अनंत ज्ञान


दिलीप ठाकुर


पवन ठाकुर

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** दूसरे चरण के पंचायत चुनावों में सरकाघाट और धर्मपुर क्षेत्र में कांग्रेस और भाजपा के बीच मुकाबला बेहद रोचक रहा। जहां सरकाघाट के कांग्रेस नेता पवन ठाकुर की गृह पंचायत बाग में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज कर कांग्रेस को झटका दिया, वहीं भाजपा विधायक दिलीप ठाकुर की गृह पंचायत में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन कर भाजपा के गढ़ में सेंध लगा दी। ग्राम पंचायत कोट, जो भाजपा विधायक दिलीप ठाकुर की गृह पंचायत है, वहां कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। कांग्रेस की पूजा देवी प्रधान और शशि पाल शर्मा ने उपप्रधान पद पर भाजपा प्रत्याशी को हरा कर जीत हासिल की है इससे भाजपा को अपने ही मजबूत माने जाने वाले क्षेत्र में राजनीतिक झटका लगा, वहीं बाग पंचायत में भाजपा नेता चंद्र मोहन शर्मा समर्थित विशाल कुमार प्रधान तथा शशि पाल नेगी उपप्रधान पद पर विजयी रहे। चुनाव परिणामों में सबसे चर्चित हार भाजपा के जिला महामंत्री राजेंद्र भुट्टो की रही। उन्हें कांग्रेस समर्थित नरेंद्र पाल ने 407 मतों के बड़े अंतर से पराजित किया। भुट्टो इससे पहले बिजली चोरी को लेकर खासे चर्चा में रहे हैं इस हार को क्षेत्र में भाजपा के लिए बड़ा राजनीतिक संदेश माना जा रहा है। भाजपा नेत्री एवं जिला परिषद उम्मीदवार रजनी देवी के पति देशराज को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। ग्राम पंचायत टिक्कर में कांग्रेस उम्मीदवार ललित कुमार ने एकतरफा मुकाबले में 700 मत प्राप्त किए, जबकि देशराज को केवल 136 वोट मिले। हार का अंतर इतना बड़ा रहा कि उनकी जमानत तक जब्त हो गई। इन परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि पंचायत चुनावों में स्थानीय मुद्दों और जनसंपर्क ने दलगत प्रभाव पर भारी पड़ते हुए कई बड़े नेताओं की प्रतिष्ठा को चुनौती दी है। दूसरे चरण के चुनावी नतीजों ने क्षेत्र की राजनीति में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है, जबकि कांग्रेस खेमे में उत्साह और भाजपा संगठन में आत्ममंथन का दौर शुरू हो गया है।

**चुनाव** पंचायत चुनाव के अंतिम चरण में शतकवीर बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक ने किया मतदान

# प्रदेश में बारिश भी नहीं रोक सकी लोकतंत्र का उत्साह

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण में शनिवार को लोकतंत्र का उत्सव पूरे उत्साह व गरिमा के साथ मनाया गया। राज्य की 1,189 पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति तथा जिला परिषद सदस्यों के लिए मतदान हुआ।

सुबह से कई क्षेत्रों में बारिश होने के बावजूद मतदाताओं का जोश कम नहीं हुआ। युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांग मतदाता बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों तक पहुंचे और लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। कई मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं, जिससे लोगों की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में गहरी आस्था झलकती रही। राज्य चुनाव आयोग के अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में शतक पार कर चुके बुजुर्ग मतदाताओं ने भी मतदान कर नई पीढ़ी के लिए प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किए। बिलासपुर के झंडूता विकास खंड की बलोह पंचायत के 101 वर्षीय जैंडा राम ने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और युवाओं से भी मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। वहीं, शिमला जिले में 103 वर्षीय महिला मतदाता, चंबा की 100 वर्षीय गुलाबू देवी, हमीरपुर के 98 वर्षीय माठूराम शर्मा तथा कई अन्य बुजुर्गों ने भी उम्र को पीछे छोड़ लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

बता दें कि महिलाओं ने भी मतदान के प्रति उल्लेखनीय उत्साह दिखाया। घर-परिवार की जिम्मेदारियां निभाने के बाद बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चों के साथ मतदान केंद्रों तक पहुंचीं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की 88 वर्षीय माता संसारदेई ने ग्राम पंचायत अमलैहड़ के भवड़ां स्थित पिंक बूथ में मतदान किया। इस विशेष मतदान केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं महिला अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा संभाली गईं, जिसने महिला सशक्तिकरण का भी संदेश दिया।

### जज्बे की मिसाल बने कई मतदाता

**पंचायत** चुनाव में कई प्रेरणादायक दृश्य भी देखने को मिले। हमीरपुर की ग्राम पंचायत चंगर में टांग में फ्रैक्चर होने के बावजूद 80 वर्षीय प्रेमी देवी मतदान करने पहुंचीं। वहीं घुमारवीं क्षेत्र की लीला देवी प्लास्टर लगी टांग के बावजूद ट्रैक्टर के सहारे मतदान केंद्र तक पहुंचीं और अपने मताधिकार का प्रयोग किया।